

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

"कल के लिए सबसे अच्छी तैयारी यही है कि आज अच्छा करो।"

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

**सुबल वाणी**



प्राकृतिक जीवन अपनाओ, न रोग आएगा, न धन जाएगी।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 04 मई, 2025 | वैशाख शुक्ल पक्ष: सप्तमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 122 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12



स्वस्थ युवा सशक्त युवा

## नशे से दूर, जियो भरपूर






"नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत आयोजित पदयात्रा में समाज के सभी वर्गों द्वारा दिए गए भरपूर सहयोग और जन भागीदारी के लिए मैं हृदय से धन्यवाद प्रकट करता हूँ।

आइए, हम सब मिलकर इस अभियान को सतत बनाए रखें और माननीय प्रधानमंत्री जी के 'स्वस्थ, सुरक्षित तथा नशा-मुक्त भारत' के संकल्प को साकार करें।"

**गुलाब चंद कटारिया**

राज्यपाल, पंजाब एव प्रशासक, यू.टी., चंडीगढ़

जनसंपर्क विभाग, यूटी चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत मान की जालंधर की धरती से घोषणा, नशों के खिलाफ जंग की रूपरेखा पेश की

# पंजाब की जनता जल्द ही नशा बेचकर बनाए गए बड़े-बड़े महलों को ढहते देखेगी : सीएम मान

मुख्यमंत्री ने ग्राम सुरक्षा कमेटियों को दिलाई शपथ, कमेटी सदस्यों को गांवों के रक्षक और पहरेदार बताया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जालंधर।** पंजाब को नशामुक्त बनाने के अभियान को और अधिक गति देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज जालंधर के पी.ए.पी. ग्राउंड में गांव सुरक्षा समितियों के सैकड़ों सदस्यों को उनके क्षेत्रों से नशे की इस बुराई को जड़ से खत्म करने की शपथ दिलाई। गांव सुरक्षा समितियों को शपथ दिलाते समय मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि 31 मई तक पंजाब नशामुक्त राज्य होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ पंजाब के कैबिनेट मंत्री एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रधान अमन अरोड़ा, सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल भी उपस्थित थे।

पी.ए.पी. ग्राउंड में हजारों लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि जैसे देश की सेना युद्ध जीतने से पहले नक्शा तैयार करती है, उसी तरह पंजाब सरकार ने भी नशों के खिलाफ युद्ध जीतने के लिए मजबूत योजना तैयार की है। नक्शा बन जाने के बाद अब नशे के खिलाफ युद्ध योजनाबद्ध तरीके से शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी बड़ी इमारत के निर्माण से पहले उसका नक्शा जरूरी होता है, और जब नक्शा बन जाता है तो निर्माण में देर नहीं लगती। पंजाब सरकार ने नशा खत्म करने की योजना बना ली है और अब 'रंगला पंजाब' की नई इमारत खड़ी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नशे की लत खत्म करने के साथ-साथ पीड़ित युवाओं के पुनर्वास को लेकर भी गंभीर है। इसी कारण अब पंजाब के आउटरीच क्लीनिकों और नशा मुक्ति केंद्रों में बिस्तरों की क्षमता बढ़कर 5000 हो गई है। इन केंद्रों में आने वाले युवाओं को मुख्यधारा में लाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की व्यवस्था भी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा तस्कर समाज के दुश्मन हैं जिन्होंने अपने महलों को खड़ा करने के लिए हमारे युवाओं को दलदल में धकेल दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों के घरों में चूल्हे ठंडे करके अपने घरों में रोशनी करने वाले तस्कर किसी भी सूरत में माफ नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बड़े तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त की जा रही हैं और इन्हें विधवा हुई महिलाओं, बेटों को खो चुकी माताओं और रक्षा बंधन की आस लगाए बैठी बहनों के दुखों का हिसाब देना होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशा तस्करी में शामिल कोई भी राजनीतिक नेता या व्यक्ति, चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, बख्शा नहीं जाएगा।

नशा तस्करों के घरों पर पीला पंजा चलाने की मुहिम की सफलता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि गांवों में नशा तस्कर पंचायतों के पास जाकर नशा बेचना छोड़ने की माफी मांग रहे हैं। बठिंडा जिले के एक गांव का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि एक नशा तस्कर के घर पर जेसीबी चलने के समय, अपने बेटे को नशे में खो चुकी एक महिला ने लड्डू बांटे और पुलिस पर फूल बरसाए, जो इस युद्ध की सफलता का संकेत है।

नशा मुक्ति मार्च में शामिल ग्राम और वार्ड सुरक्षा कमेटियों के सदस्यों से नशे के खिलाफ प्रहरी की भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि इन्हीं प्रहरियों की मदद से पंजाब को नशा मुक्त कर फिर से 'रंगला पंजाब' बनाया जाएगा। पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए त्रिस्तरीय रणनीति की चर्चा करते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार ने नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, मुफ्त इलाज और पुनर्वास के लिए व्यवसायिक प्रशिक्षण की उचित योजना बनाई है, ताकि पीड़ित लोग इस बुराई से मुक्ति पाकर समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें।

मुख्यमंत्री ने ग्राम और वार्ड प्रहरियों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाते हुए अपने क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नशा न बिकने देने का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रहरियों को यह भी प्रण लेना होगा कि वे पीड़ितों को नशा छुड़वाने के लिए केंद्रों में ले जाएँगे, नशा तस्करों की ज़मानत नहीं देंगे और न ही किसी और को देने देंगे।

गांवों को नशा मुक्त बनाने के अभियान को जन समर्थन मिलने के लिए पंचायतों का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि हर दिन लगभग 200 पंचायतें नशे के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पूरी तरह नशा मुक्त होने वाली पंचायतों को विशेष अनुदान देकर मॉडल गांव बनाया जाएगा, ताकि अन्य गांव उनसे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने इस अभियान में महिलाओं के योगदान की भी सराहना की।

केंद्र सरकार द्वारा पंजाब के जल संसाधनों पर कब्ज़ा करने के प्रयासों का कड़ा विरोध करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने राज्य के हितों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से संघर्ष किया है, जिसके चलते किसी को भी एक बूंद अतिरिक्त पानी नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें गुपचुप तरीके से पड़ोसी राज्यों को अतिरिक्त पानी दे देती थीं, पर हमने इस परंपरा का डटकर विरोध किया क्योंकि पानी हमारी जीवनरेखा है।

## भगत सिंह से प्रेरणा, पंजाब के नौजवान अब बनेंगे बदलाव की मशाल : मुख्यमंत्री

यह राजनीति नहीं, क्रांति है- पानी, नशा और भविष्य की लड़ाई पर सीएम भगवंत मान का युवाओं को संदेश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गढ़शंकर।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज गढ़शंकर में आम आदमी पार्टी की तरफ से आयोजित यूथ क्लब लीडरशिप प्रोग्राम की अध्यक्षता करते हुए युवाओं को राष्ट्र हित में काम करने के लिए प्रेरित किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में मुख्यमंत्री ने युवाओं को देश के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

पंजाब के विभिन्न जिलों से पहुंचे आम आदमी पार्टी के युवा सिपाहियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि युवा पीढ़ी ही देश की असली ताकत है। शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव और करतार सिंह सराभा जैसे वीरों ने बहुत कम आयु में देश के लिए अपनी जान कुर्बान की। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह 23 वर्ष की आयु में और करतार सिंह सराभा मात्र 19 वर्ष में शहीद हुए। देश के हर नागरिक के दिलों में वो आज भी जिंदा है। देश के लिए दी कुर्बानी के कारण शहीद भगत सिंह हमेशा 23 साल और सराभा 19 वर्ष के ही रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि करतार सिंह सराभा के परिवार के पास उस वक्त 300 एकड़ से भी ज्यादा जमीन थी, वो चाहते तो विदेशों में पढ़कर ऐश्वर्य का जीवन चुन सकते थे, लेकिन उन्होंने देश प्रेम को चुना और देश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। ये शहीद आज भी हमारे रोल मॉडल हैं और हमेशा रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा आज हमारे नौजवान जिस उम्र में माता-पिता से मोटरसाइकल और गाड़ियों की डिमांड करते हैं, उस उम्र में शहादत के यह परवाने अंग्रेजों से भारत की आजादी की मांग कर रहे थे। आज हमें भी उनके आदर्शों को अपनाना होगा।÷

भगवंत मान ने चंद्रशेखर आजाद द्वारा एसेंबली में बम फेंकने की योजना का जिक्र करते हुए बताया कि शुरू में उस योजना में भगत सिंह का नाम नहीं था, पर उन्होंने स्वेच्छा से उसमें अपना नाम शामिल किया। यह दर्शाता है कि देशभक्ति और बलिदान की भावना उनमें कितनी गहरी थी। भगत सिंह, राजगुरू जैसे वीर योद्धा अगर चाहते तो अंग्रेजों से समझौता करके लंबी आयु जी सकते थे पर उन्होंने देश सेवा की खातिर लिए संकल्प के साथ कोई समझौता नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम तो उन शहीदों के मुकाबले तीन-तीन गुणा जिंदगी जी चुके हैं, इसलिए किसी भी बात का भय निकालकर पंजाब और देश के लिए काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने गुरबानी और सूफी साहित्य का संदर्भ देते हुए मोहम्म मियां बख्श का एक कलाम भी युवाओं के साथ सांझा किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर हर किसी के ऊपर जिम्मेदारी का मटका नहीं रखता। जिनके पास सहन करने की ताकत होती है, उन्हें ही जिममेदारी मिलती है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि आज आपके ऊपर जिम्मेदारी का मटका रखा है, इसलिए अब पूरी जिम्मेदारी से काम करना है। पांव-पांव पर आपको गेरने वाले लोग भी मिलेंगे आपका रास्ता भी फिसलन वाला होगा, लेकिन हमें हर हालत में लक्ष्य को पूरा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाबी कभी भी अपने लक्ष्य को लेकर खाली हाथ नहीं लौटे। हमने सिकंदर और औरंगजेब जैसे योद्धाओं को भी रोका है। इसलिए आज हमें हर कुरीति को रोकने के लिए मजबूत होकर काम करना होगा। हमारे आदर्श बाबा जोरावार सिंह, बाबा फतेह सिंह हैं, जिन्होंने शीश दे दिए, पर सिर झुकाया नहीं। दीवारों में चिन दिए गए पर अपने धर्म से नहीं भटके।

मुख्यमंत्री ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा, पहले जब मैं कलाकार था, गांवों में जाकर पैसे लेता था, पर आज जब मुख्यमंत्री बनकर उन्हीं गांवों में जाता हूं तो सूद समेत उन पैसों को अब ग्रांट के रूप में लौटाना पड़ रहा है।

## नंगल को वर्ल्ड क्लास टूरिज़्म डेस्टिनेशन बनाएगी मान सरकार, हरजोत बैंस ने जारी किया ब्लूप्रिंट

वादों से विकास की ओर- कदंबा टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, ग्लास ब्रिज, रिवर व्यू और अन्य परियोजनाएं देंगी नंगल को नई पहचान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/नंगल।** पंजाब के शिक्षा तथा सूचना एवं जन संपर्क मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने आज मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में नंगल को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु एक विस्तृत ब्लूप्रिंट जारी किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में जनता से किए गए वादे अब ज़मीनी स्तर पर पूरे हो रहे हैं और केवल शिलान्यास नहीं, बल्कि कार्यों की ठोस नींव रखी जा रही है।

उन्होंने बताया कि करोड़ों रुपये की लागत से बने फ्लाईओवर के उद्घाटन से नंगल के विकास को गति मिली है। यह फ्लाईओवर जो लंबे समय से एक बड़ी समस्या बना हुआ था, अब पूरी तरह चालू हो गया है, जिससे व्यापार को बढ़ावा मिला है और नागरिकों के लिए यात्रा आसान हुई है। इसका पूरा होना शहर के लिए राहत और नई ऊर्जा लेकर आया है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली और आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अब बीबीएमबी के अधिकारी पंजाब सरकार के निर्देशों के प्रति ज़्यादा उत्तरदायी हो गए हैं, जो कि सामूहिक प्रयासों और मजबूत शासन का परिणाम है।

स हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि प्रस्तावित 'कदंबा टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स' न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय निवासियों के लिए रोज़गार के नए अवसर भी सृजित करेगा। टेंडर प्रक्रिया चल रही है और निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। यह महत्वाकांक्षी परियोजना नंगल को पर्यटन के नक्शे पर नई पहचान देगी।

नंगल में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने बताया कि सतलुज नदी के किनारे एक सुंदर 'रिवर व्यू' विकसित करने की योजना है, जिसमें हरियाली और आधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था होगी। इसके साथ ही सतलुज पार्क के निकट 'ग्लास ब्रिज' बनाने की योजना भी बनाई गई है। इन परियोजनाओं के टेंडर आमंत्रित किए जा चुके हैं और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। ये सभी पहलें नंगल की सुंदरता में वृद्धि करेंगी और पर्यटकों को आकर्षित करेंगी।

शिक्षा मंत्री ने आगे बताया कि स्कूल ऑफ एमिनेंस में करोड़ों रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक इनडोर स्विमिंग पूल का निर्माण किया जा रहा है, जो राज्य के खेल ढांचे में एक नई मिसाल स्थापित करेगा। यह पूल स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करेगा और नंगल को खेल मानचित्र पर स्थापित करेगा। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में नई पहलों का ज़िक्र करते हुए स बैंस ने कहा कि बीबीएमबी से आम आदमी क्लीनिक और एक उच्च स्तरीय पुस्तकालय के लिए स्थान प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

पंजाब की मान सरकार ने बनाया जीएसटी कलेक्शन में रिकॉर्ड

## अप्रैल में 2654 करोड़ की ऐतिहासिक प्राप्ति : हरपाल सिंह चीमा

आप सरकार की नीतियों का असर- अप्रैल 2025 में पंजाब का जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 के मुकाबले 19.77 प्रतिशत बढ़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** राज्य की वित्तीय स्थिति में लगातार हो रहे सुधार की ओर ध्यान दिलाते हुए, पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां घोषणा की कि राज्य ने इस वर्ष अप्रैल माह में 2653.77 करोड़ रुपये की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्राप्त करके किसी भी एक महीने में अब तक की सबसे अधिक जीएसटी वसूली दर्ज की है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2025 की जीएसटी प्राप्ति में अप्रैल 2024 की तुलना में 19.77 प्रतिशत और मार्च 2025 की तुलना में 30.84 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

वित्त मंत्री ने एक प्रेस बयान में बताया कि यह महत्वपूर्ण वृद्धि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार की आर्थिक नीतियों की प्रभावशीलता और करदाताओं में बढ़ती अनुपालना को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2025 के लिए कुल जी एस टी राजस्व प्राप्ति में अप्रैल 2024 में दर्ज किए गए 2215.70 करोड़ रुपये की कुल प्राप्ति की तुलना में 438.07 करोड़ रुपये अधिक जीएसटी वसूली हुई है, जबकि मार्च 2025 में प्राप्त 2028.14 करोड़ रुपये की तुलना में 625.63 करोड़ रुपये का उल्लेखनीय इज़ाफ़ा हुआ है।

इस उपलब्धि पर संतोष जताते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि जीएसटी संग्रहण में यह शानदार वृद्धि राज्य सरकार द्वारा कर प्रशासन को सुचारु बनाने, अनुपालना बढ़ाने और व्यापार के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने हेतु किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम को दर्शाती है।

उन्होंने आगे कहा कि राजस्व में हुई यह वृद्धि राज्य को आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बनाएगी, जिससे आधारभूत ढांचे के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश को और गति दी जा सकेगी। बढ़ती हुई वित्तीय सामर्थ्य से राज्य अपने नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने और समग्र विकास को तेज़ करने में सक्षम होगा। वित्त मंत्री ने इस उपलब्धि के लिए कर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत और करदाताओं के सहयोग की सराहना की। उन्होंने 'आप' सरकार की पारदर्शी और दक्ष कर प्रणाली बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई, जिसके माध्यम से आर्थिक विकास में सभी हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

## सशक्त नारी ही सशक्त समाज की नींव है : डॉ. बलजीत कौर

राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए 13 करोड़ मुफ्त बस यात्राएं — आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और समर्थ बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा महिलाओं की सुविधा के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान पंजाब की महिलाओं ने 13 करोड़ मुफ्त बस यात्राओं का लाभ लिया गया।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि राज्य सरकार की यह पहल महिलाओं को घर से बाहर निकलने, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक सरल पहुंच प्रदान कर रही है। इस योजना ने महिलाओं को न केवल आवागमन की सुविधा दी है, बल्कि उनकी व्यक्तिगत आज़ादी, आत्म-सम्मान और जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी को भी नया उत्साह प्रदान किया है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए हाल ही में 'प्रोजेक्ट हिफाज़त' शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और विश्वसनीय वातावरण सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही कामकाजी महिलाओं को बेहतर आवास सुविधा देने के लिए पंजाब भर में वर्किंग वूमन हॉस्टल स्थापित करने की योजना भी तैयार की गई है, ताकि वे अपने काम और जीवन को निश्चिंत होकर व्यतीत कर सकें।

उन्होंने आगे कहा कि यह योजना महिलाओं को यात्रा व्ययों की चिंता से मुक्त कर बेहतर रोजगार के अवसरों की ओर प्रोत्साहित कर रही है। यह स्कीम एक सशक्त समाज की नींव रखने में अहम भूमिका निभा रही है। अंत में डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत मान की सरकार रंगीन, खुशहाल और समर्थ पंजाब के सपने को साकार करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## जवाहरपुर डकैती कांड में शामिल अंतरराज्यीय गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबसी। संगठित अपराध और अपराधियों के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत डेराबसी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने जवाहरपुर डकैती मामले में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रोहित कुमार उर्फ जमन निवासी गांव ललोनी (जिला करनाल, हरियाणा), सतिंदर सिंह निवासी गांव भूडा साहिब (जिला मोहाली), मोती निवासी गांव नीला खेड़दी (जिला करनाल, हरियाणा), और अक्षय निवासी ललोनी (थाना तरोड़ी, जिला करनाल) के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दीपक पारीक ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 अप्रैल 2025 की सुबह उत्तर प्रदेश निवासी जिया-उल-हक़ ने डेराबसी बस स्टैंड से अंबाला रेलवे स्टेशन के लिए ॥क्र 67 ष्ट 1782 नंबर की ह्यूंदई एक्सेंट टैक्सी बुक की थी। यात्रा के दौरान, चंडीगढ़-अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर जवाहरपुर चौक के पास टैक्सी में सवार चार अज्ञात व्यक्तियों ने हथियार की नोंक पर उससे 20,600 रुपये नकद, एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन और जरूरी दस्तावेज लूट लिए।

डीएसपी डेराबसी बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने बताया कि इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 309(4), 140(3), 351(1), 351(3), और 3(5) के तहत एफआईआर नंबर 111 थाना डेराबसी में दर्ज की गई। एसएचओ इंस्पेक्टर सुमित मोर की अगुवाई वाली टीम ने वारदात स्थल से अहम सबूत जुटाए और स्थानीय सुरागों की मदद से चारों आरोपियों की पहचान कर ली। मानव खुफिया और तकनीकी जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीम ने 2 मई की शाम को डेराबसी के रामगढ़ मुबारकपुर रोड से चारों आरोपियों को ट्रैक कर के गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि यह अंतरराज्यीय गिरोह पहले भी ट्राइसिटी में ऐसी कई घटनाओं में शामिल रहा है। इनका टारगेट आमतौर पर यूपी-बिहार से संबंधित प्रवासी मजदूर होते हैं, जिन्हें ये यात्रा के दौरान लूटते हैं। गिरफ्तार आरोपी सतिंदर को जब हथियार की बरामदगी के लिए गांव फूढ़ा ले जाया गया, तो वह पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश में छत से कूद गया, जिससे उसका बायां टखना फ्रैक्चर हो गया।

## सर्जिकल स्ट्राइक पर चन्नी की टिप्पणी निंदनीय : लद्धड़

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फगवाड़ा।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष एस आर लद्धड़ ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की ओर से की गयी सर्जिकल स्ट्राइक की प्रामाणिकता पर सवाल उठाने के लिए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की कड़ी निंदा की है। श्री लद्धड़ ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में श्री चन्नी की टिप्पणियों को 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक' बताया और कहा, ऐसे समय में जब हमारे बहादुर सैनिक आतंकवाद का मुकाबला कर रहे हैं और सर्वोच्च बलिदान दे रहे हैं, एक महत्वपूर्ण सैन्य अभियान पर संदेह करना राष्ट्र के साथ विश्वासघात से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा नियंत्रण रेखा के पार की गयी सर्जिकल स्ट्राइक को व्यापक रूप से सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ एक साहसिक प्रतिक्रिया के रूप में देखा गया था। उन्होंने कहा कि यह स्ट्राइक देश के लिए एक 'गर्व का क्षण' था और उन्होंने उनकी वैधता को कम करने के पीछे की मंशा पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, हमारे राष्टीय सुरक्षा अभियानों पर सवाल उठाकर चन्नी ने न केवल हमारे जवानों का अपमान किया है, बल्कि भारत के दुश्मनों का हौसला भी बढ़ाया है। भाजपा नेता ने श्री चन्नी पर राजनीतिक दबाव में पीछे हटने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया और कहा कि जनता के विश्वास और मनोबल को नुकसान पहले ही हो चुका है।

पानी पर झूठा प्रचार कर रहा है हरियाणा, जल मंत्री बरिंदर गोयल ने रखे तथ्यों के साथ सबूत, कहा

## पंजाब ने किसी का हक नहीं रोका लेकिन अपना हक छोड़ेगा भी नहीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/श्री मुक्तसर साहिब।** पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज कहा कि पानी के मुद्दे पर हरियाणा भ्रम फैला रहा है।

उन्होंने इस विषय से संबंधित सभी तथ्य सार्वजनिक करते हुए कहा कि पंजाब ने किसी का हक नहीं रोका, लेकिन उन्होंने यह भी दोहराया कि पंजाब अपना हक छोड़ेगा भी नहीं और केंद्र या हरियाणा के दबाव में झुकेगा नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली सरकार के लिए पंजाब के हित सबसे पहले हैं और पंजाब के पानी पर केवल पंजाब का हक है। इस विषय से संबंधित विस्तृत तथ्य रखते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि डेमों में जो पानी जमा होता है, उसके अनुसार पानी का वितरण पिछले लगभग 44 सालों से हो रही है। हरियाणा को इस वर्ष 2.987 एमएएफ पानी अलाट किया गया था और उसने अपने अलाट किए गए पानी का उपयोग पहले ही कर लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा द्वारा अपने कोटे से अधिक कुल 104 प्रतिशत पानी का उपयोग किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पंजाब सरकार द्वारा जनवरी से ही हरियाणा को पत्र लिखे जा रहे हैं और केंद्र सरकार को भी सूचित किया जा रहा था।

श्री गोयल ने बताया कि 17 मार्च, 2025 को भी पत्र लिखा गया कि हरियाणा अपने हिस्से के पानी का संयम से उपयोग नहीं कर रहा है, जिसके कारण उसे आने वाले दिनों में दिक्कत आ सकती है, लेकिन हरियाणा ने अपने पानी प्रबंधन को ठीक करने की बजाय अपना सारा पानी मार्च में ही इस्तेमाल कर लिया। उन्होंने कहा कि 31 मार्च को दुबारा पत्र लिखकर हरियाणा ने पीने के लिए पानी की मांग की। हरियाणा ने बताया कि उसकी 2.8 करोड़ की आबादी के लिए प्रति व्यक्ति प्रति दिन 135 लीटर पानी की दर के हिसाब से 1500 क्यूसेक पानी की ज़रूरत है। उसने 1149 क्यूसेक पानी दिल्ली के लिए भी मांगा और अपने उद्योगों और यहां तक कि जानवरों के लिए भी पानी की आवश्यकता दर्शाते हुए हरियाणा ने 4082 क्यूसेक पानी की मांग रखी। मानवता के नाते पंजाब सरकार ने पीने के पानी की ज़रूरत पूरी करने के लिए 4 अप्रैल से ही हरियाणा के लिए 4000 क्यूसेक पानी छोड़ना शुरू कर दिया था लेकिन अब हरियाणा 8500 क्यूसेक पानी मांग रहा है, जो देना संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा का तर्क है कि पिछली सरकारों के समय उसे यह पानी मिल रहा था। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के समय पंजाब के पानी की रक्षा नहीं की गई और पंजाब अपना हिस्से का पानी भी नहीं उपयोग करता था, जब से मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार बनी है, इसके द्वारा लगातार अपने खेतों तक पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में हमने नहरों की टेलों तक पूरा पानी पहुंचा दिया है। करीब 16000 नए खाल बनाए और सुरजीत किए गए हैं। इसी तरह नहरी ढांचे के विकास पर 4550 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं जबकि इस साल हम इस पर 3264 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। इस तरीके से अब हम अपना पानी अन्य राज्यों को नहीं जाने दे रहे और पंजाब का पानी पंजाब के खेतों में पहुंच रहा है, जिससे हमारे किसानों की उपज बढ़ेगी, वहीं भूजल की भी बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि ये सारे तथ्य स्पष्ट करते हैं कि पंजाब न तो किसी का हक मारता है और न ही अपना हक छोड़ता है। इस मौके पर कृषि मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने भी कहा कि पंजाब के पास किसी को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है और पंजाब अपने अधिकारों की रक्षा करेगा।

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 04 मई, 2025 | बैशाख शुक्ल पक्ष: सप्तमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 122 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12





"कल के लिए सबसे अच्छी तैयारी यही है कि आज अच्छा करो।"

सुबह वाणी



प्राकृतिक जीवन अपनाओ, न रोग आएगा, न धन जाएगी।









# पानी पर तलखी के बीच एक मंच पर आए सीएम नायब सैनी व सीएम भगवंत मान

**चंडीगढ़ में हुए कार्यक्रम में दोनों प्रदेशों के राज्यपाल भी रहे मौजूद**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



फोटोः अजीत कौशल

**चंडीगढ़।** हरियाणा और पंजाब के बीच चल रही पानी विवाद के बीच शनिवार को दोनों सूबों के मुख्यमंत्री राजधानी चंडीगढ़ पर एक मंच पर नजर आए। मुख्यमंत्रियों के अलावा दोनों राज्यों के राज्यपाल भी मौजूद रहे। मौका था, चंडीगढ़ में नशे के खिलाफ निकाली गई पैदल यात्रा का, जिसमें पंजाब सीएम भगवंत मान और हरियाणा सीएम नायब सैनी की आपस में नजरें तो जरूरी मिली, लेकिन दोनों ने एक दूसरे से कोई बातचीत नहीं की। पैदल यात्रा की शुरूआत के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पानी के मुद्दे पर कहा कि इस मामले में राजनीतिक नहीं होनी चाहिए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पानी पर राजनीति कर रहे हैं। पिछले दिनों पंजाब के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भगवंत सिंह मान को रिश्तेदार बताया था। दरअसल, भगवंत सिंह मान की पत्नी पिहोवा (कुरुक्षेत्र) की रहने वाली हैं। इसके जवाब में मान कह चुके हैं कि हरियाणा वाले तो बेटी के घर का पानी भी नहीं पीते और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तो नहर मांग रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के विजन में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इसके लिए युवाओं को नशे से दूर रहना होगा। स्वस्थ युवा ऊर्जा के साथ विकसित भारत बनाए जाने के सपने को साकार करने में विशेष योगदान दें पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में नशे के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में नशे के खिलाफ पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें ट्राई सिटी के युवाओं व उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मार्च के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जब एक बार युवा कुछ कर गुजरने की ठान लेते हैं, तो वे उसे पूरा करके ही दम लेते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी सरकार ने नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चला रखे है, इस अभियानों को आमजन का खूब समर्थन मिल रहा है। इसके अलावा नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि नशे के खिलाफ अभियान को और मजबूत बनाने के लिए योगदान दें।

## देश को नशामुक्त बनाने में पंजाब अग्रणी भूमिका निभाएंगा: सीएम भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि जैसे देश की आज़ादी की लड़ाई में पंजाब ने अग्रणी भूमिका निभाई थी, उसी तरह अब नशों के अभिशाप से देश को मुक्त कराने में भी राज्य नेतृत्व करेगा। मुख्यमंत्री ने नशा विरोधी पदयात्रा में भाग लेते हुए जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब ने विदेशी साम्राज्यवाद की जकड़ से देश को आज़ाद करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह, शहीद करतार सिंह सराभा और अन्य राष्ट्रीय नायकों ने देश को स्वतंत्रता की राह दिखाई थी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन्हीं शहीदों से प्रेरणा लेकर आज पंजाब देश को नशों से मुक्ति दिलाने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस धरती ने ऐसे सेनानी, देशभक्त और बेहतरीन खिलाड़ी पैदा किए हैं, जिन्होंने युवाओं को देशसेवा के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर आगे आने को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि इस नशा विरोधी पदयात्रा में शामिल विद्यार्थियों को समाज से नशे के खतरे को समाप्त करने का दृढ़ संकल्प लेना चाहिए। युवाओं की इस मुहिम में अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए भगवंत सिंह मान ने बच्चों को नशे के विरुद्ध लड़ाई में ध्वजवाहक बनने की प्रेरणा दी और कहा कि उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए इस सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ना आवश्यक है।

## सिटी ब्यूटीफूल चंडीगढ़ में नशा रूपी कुरीति का कोई काम नहीं: सीएम नायब सैनी

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के विजन में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इसके लिए युवाओं को नशे से दूर रहना होगा। स्वस्थ युवा ऊर्जा के साथ विकसित भारत बनाए जाने के सपने को साकार करने में विशेष योगदान दें पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में नशे के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में नशे के खिलाफ पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें ट्राई सिटी के युवाओं व उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवाओं का जोश इस बात को दर्शाता है कि वे विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं। संदेश यहीं है कि नशा पूर्णत: खत्म हो। उन्होंने कहा कि सिटी ब्यूटीफूल चंडीगढ़ में नशे रूपी कुरीति की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी सरकार ने नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चला रखे है, इस अभियानों को आमजन का खूब समर्थन मिल रहा है।

# भाखड़ा जल विवाद पर एक मंच पर आए हरियाणा के राजनीतिक दल

**सर्वदलीय बैठक में हुड्डा, दुष्यंत, इनेलो व आप ने की भागीदारी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार द्वारा भाखड़ा से हरियाणा के पानी की सप्लाई कम किए जाने के मुद्दे पर प्रदेश के सभी दलों ने एकजुटता दिखाते हुए पंजाब सरकार की इस कार्रवाई की निंदा की है। सभी दलों ने एकजुटता के साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए हर तरह का सहयोग देने की आश्वासन दिया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में शनिवार को भाखड़ा जल विवाद पर सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, जननायक जनता पार्टी की तरफ से पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला,भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल, आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष डॉ.सुशील गुप्ता के अलावा कई अन्य दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कई घंटे की बैठक के बाद मुख्यमंत्री साझा बयान जारी करते हुए कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री हरियाणा का पानी रोककर संविधान की शपथ लेने के बावजूद असंवैधानिक काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की सर्वदलीय बैठक में फैसला लिया गया है कि बीबीएमबी बोर्ड की बैठक में होने वाले फैसले तथा पंजाब सरकार द्वारा सोमवार को बुलाए गए विधानसभा सत्र में लिए जाने वाले फैसले का इंतजार किया जाएगा।

हरियाणा यह उम्मीद करता है कि पंजाब के राजनीतिक दल विधानसभा को एक तरफा प्रस्ताव पारित करने का मंच नहीं बनाएंगे। सीएम सैनी ने कहा कि हम अपने अधिकारों के लिए संवैधानिक व कूटनीतिक मंच पर लड़ाई लड़ेंगे। इस मुद्दे पर कानूनी तरीके से लड़ाई लड़ेंगे। हमारा रास्ता टकराव का नहीं सहयोग का है। अगर जरूरत पड़ी तो हरियाणा में भी विधानसभा का सत्र बुलाएंगे। सर्वदलीय साझा बयान में मुख्यमंत्री ने हरियाणा की जनता को अपील की कि वह आपसी सौहार्द व शांति बनाए रखे। भ्रामक प्रचार से बचे जो असामाजिक तत्व कर रहे हैं।




## पंजाब ने जो कार्रवाई की है वह गलत: हुड्डा

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पंजाब ने जो कार्रवाई की है वह गलत है। बीबीएमबी में हरियाणा का स्थाई सदस्य नहीं है। पहले भाखड़ा डैम सर्कल में एससी का पद हरियाणा के पास होता था जो अब समाप्त हो चुका है। बीबीएमबी में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कम हो रहा है। हरियाणा सरकार केंद्र पर दबाव बनाकर बीबीएमबी में हरियाणा के पदों की बहाली करवाए। पानी के विवाद पर कभी झगड़ा न हो इसके लिए एसवाईएल के निर्माण को भी लड़ाई तेज करने की जरूरत है।

## पानी पर किसी एक राज्य का अधिकार नहीं: सुशील गुप्ता

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा कि पानी पर किसी एक राज्य का अधिकार नहीं है। इसके लिए प्रधानमंत्री या गृह मंत्री से मुलाकात की जाए। पार्टी लाइन से हटकर आम आदमी पार्टी का हरियाणा विंग प्रदेश की जनता के हितों को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा लिए जाने वाले हर फैसले में साथ है।

## सरकार को इस मामले में तेजी से ठोस कदम उठाना चाहिए: दुष्यंत चौटाला

जजपा नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यह अनावश्य टकराव है। सरकार को इस मामले में तेजी से ठोस कदम उठाना चाहिए। जजपा सरकार का समर्थन करेगी। इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल ने कहा कि पहले एसवाईएल के मुद्दे पर भी सर्वदलीय बैठक की गई थी लेकिन उसमें आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई। पानी के विवाद का स्थाई समाधान करने की दिशा में सरकार को कदम उठाने चाहिए। इनेलो सरकार का साथ देगी।

## पानी पर डाका डालने की कोशिश: भगवंत मान

भगवंत मान ने कहा कि बीजेपी द्वारा एक चाल चलते हुए, पंजाब की सहमति के बिना बीबीएमबी के ज़रिए पंजाब के पानी पर डाका डालने की कोशिश की जा रही है। लेकिन हम इनकी इस ज़बरदस्ती को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। पंजाब के पानी पर सिर्फ पंजाबियों का हक है और हम एक-एक बूंद की रक्षा करेंगे।

## हिमाचल के पानी पर पंजाब-हरियाणा लड़ रहे: सुखविंदर सुक्खू

हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जो पानी हिमाचल से आता है, उसका अधिकतर बंटवारा, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में होता है। जब हमने पानी से आय कमाने की सोची तो दोनों की राज्यों ने विरोध कर दिया। हम पानी पर अधिकार नहीं मांग रहे। हिमाचल के लोगों की जमीन गई और लड़ाई पंजाब और हरियाणा के बीच हो रही है। उन्हें हमारा भी सहयोग करना चाहिए। हमें पॉलिसी के हिसाब से 12 फीसदी रॉयल्टी मिले।

## हाईकोर्ट से भाखड़ा डैम पर पुलिस हटाने की मांग

हरियाणा के एडवोकेट रविंद्र सिंह ढुल ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका लगाकर नंगल स्थित भाखड़ा डैम से पुलिस फोर्स हटाने की मांग की है। एडवोकेट ने भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) और केंद्र सरकार को पार्टी बनाया है।

**केंद्र का बड़ा फैसला**

# पाकिस्तान से आयात बैन, जहाजों को बंदरगाहों पर एंट्री नहीं

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली/पहलगाम।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार पाकिस्तान के खिलाफ लगातार कड़े फैसले ले रही है। केंद्र सरकार ने शनिवार को पाकिस्तान से डायरेक्ट और इनडायरेक्ट आयात पर बैन लगा दिया है। सरकार ने इस फैसले का नोटिफिकेशन भी जारी किया है। इसके साथ ही भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी जहाजों के आने पर भी रोक लगा दी है। बंदरगाह और शिपिंग मिनिस्ट्री ने कहा कि भारतीय जहाज भी पाकिस्तानी बंदरगाहों पर नहीं जाएंगे। पाकिस्तान से भारत आने वाली सभी कैटेगरी की डाक और पार्सल सेवाओं को बंद कर दिया गया है। यह रोक हवाई और जमीनी दोनों रास्तों से आने वाली डाक पर लागू होगी। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी है। इससे पहले भी भारत सरकार ने कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया अकाउंट पर भी बैन लगाए थे, जो भड़काऊ और भ्रामक सामग्री फैला रहे थे।

वहीं दूसरी ओर पहलगाम के बायसरन घाटी में आतंकी हमले के केस में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 75 लोगों को पीएसए (पब्लिक सेफ्टी एक्ट) के तहत अरेस्ट किया है। इस बात की पुष्टि आईजी वी.के. बिरदी की। सरकार के इन फैसलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पीएम मोदी ने शनिवार को हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति लॉरेंको से मुलाकात की।


SHRI SHYAM BABA INSTITUTE

ADMISSION AND GUIDELINE CENTRE

ENGINEERING
DIPLOMA ENGINEERING B.TECH., M.TECH.

MANAGEMENT
BBA, MBA, PGDBM, MBA HOTEL MANAGEMENT

PARAMEDICAL
BPT, MPT, GNM, MPHW, B.SC. NURSING
DMLT & ALL PARAMEDICAL COURSES

COMPUTER SCIENCE
DCA, PGDCA, BCA, MCA, BSC COMPUTER SCIENCE
MSC COMPUTER SCIENCE, BSC IT, MSC IT

LAW- BA LLB, LLB, LLM, PG DIPLOMA LABOUR LAW

EDUCATION
JBT, NTT, B.ED., B.ED. PART TIME, M.ED.
MA EDUCATION, B.P.ED, MA PHYSICAL EDUCATION

AGRICULTURE
DIPLOMA IN AGRICULTURE B.SC. AGRICULTURE,
M.SC. AGRICULTURE, M.SC. AG. PLANT PATHOLOGY

ARTS/HUMANTIES
B.A., MA ALL SUBJECTS, BA FINE ARTS, MA FINE ARTS

COMMERCE
B.COM, M.COM, B.COM (COMPUTER APPLICATION) , B.COM HONOURS

SCIENCE
B.SC. (ALL SUBJECTS) M.SC. (ALL SUBJECTS)

YOGA
DIPLOMA IN YOGA, PG DIPLOMA IN YOGA, BA IN YOGA, MA IN YOGA
B.SC. IN YOGA, SCIENCE, M.SC. IN YOGA SCIENCE,

LIBRARY SCIENCE B. LIBRARY SCIENCE, M. LIBRARY SCIENCE

PHARMACY
D. PHARMA, B.PHARMA, M.PHARMA

PH.D. ALL SUBJECTS

10वीं 12वीं OPEN BOARD से पास करें

1445/26, 2nd Floor, Opp. Bajrang Bhawan, Delhi Road, Rothak -124001
01262-258180, 9728500100, 9254250000, 9996981111, 7053744441


# आतंकवादियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेंगे: मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को कड़ा सबक सिखाने के लिए शनिवार को एक बार फिर दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेंगे। प्रधानमंत्री ने भारत की यात्रा पर आये अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको के साथ यहां वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ तथा निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए अंगोला के राष्टपति को धन्यवाद दिया।

मोदी ने कहा कि दोनों देश मानवता के लिए सबसे बड़े खतरे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अंगोला की ओर से संवेदना व्यक्त किये जाने के लिए श्री लौरेंको को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों और समर्थकों को सजा दिलाने का दृढ संकल्प व्यक्त किया है। इस हमले में 26 लोग जिनमें से ज़्यादातर पर्यटक थे कि निर्ममता से हत्या कर दी गयी थी। उन्होंने सशस्त्र बलों को इस मामले में जवाबी कार्रवाई करने के लिए छूट दी है।

# पंजाब का बीबीएमबी की बैठक में जाने से इनकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब के जल संसाधन और भूमि एवं जल संरक्षण मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने बताया कि पंजाब सरकार ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बी.बी.एम.बी.) द्वारा आज 3 मई को रखी गई बैठक का बहिष्कार किया।

बैठक को पूरी तरह से असंवैधानिक और गैर-कानूनी करार देते हुए श्री गोयल ने कहा कि 255वीं विशेष बैठक बुलाने के लिए उचित प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया है। उन्होंने कहा, '1976 विनियमन के नियम-3 के तहत बी.बी.एम.बी. को बैठक बुलाने से पहले सात दिनों का नोटिस देना अनिवार्य है।' उन्होंने कहा, हम बैठक में तब तक भाग नहीं लेंगे, जब तक बी.बी.एम.बी. उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं करता। बी.बी.एम.बी. के अध्यक्ष को सख्त शब्दों में लिखे पत्र में पंजाब सरकार ने बैठक से पहले बी.बी.एम.बी. के समक्ष अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया था। राज्य सरकार ने लिखा है कि यह बैठक अनुचित तरीके से और स्थापित नियमों का उल्लंघन करके बुलाई गई है। पत्र में स्पष्ट रूप से पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1966 के तहत जारी किए गए बी.बी.एम.बी. के विनियमन के नियम-3 का हवाला देते हुए लिखा गया है कि किसी भी ज़रूरी मुद्दे के लिए बुलाई जाने वाली विशेष बैठकों के लिए सभी सदस्यों को कम से कम सात दिनों का नोटिस देना ज़रूरी है।

# ‘इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी’ एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर को देगा बढ़ावा: अश्विनी वैष्णव

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को औपचारिक रूप से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी) को लॉन्च कर दिया। आईआईसीटी एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रिएल्टी (एवीजीसी-एक्सआर) सेक्टर के लिए डेडिकेटेड एक नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने फिक्की और सीआईआई के सहयोग से वेव्स 2025 समिट में भारत के एवीजीसी-एक्सआर इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाते हुए आईआईसीटी को पेश किया।

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया और एंटरटेनमेंट में ग्लोबल लीडर बनने की भारत की क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि आईआईसीटी अपने क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के रूप में विकसित होने की राह पर है, ठीक उसी तरह जैसे आईआईटी और आईआईएम टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट एजुकेशन में मानक बन गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आईआईसीटी भारत में आईआईटी और आईआईएम के समान टेम्पलेट का पालन करेगा, ताकि एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर में पेशेवर बनने की आकांक्षा रखने वाले छात्रों के लिए यह खुद को एक विशाल विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण केंद्र में बदल सके।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ÷हमने एक ऐसी पहल शुरू की है जो फिल्म और मनोरंजन की दुनिया में पूरी तरह से नई है। यह (पहल) हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का अनुसरण करती है कि भारत मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर में दुनिया में ग्लोबल लीडर बन सकता है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने उद्योग भागीदारों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने घोषणा की कि प्रमुख वैश्विक कंपनियों ने पाठ्यक्रम विकास, इंटर्नशिप, छात्रवृत्ति, स्टार्टअप फंडिंग और नौकरी प्लेसमेंट में सहायता प्रदान करने के लिए आईआईसीटी के साथ साझेदारी करने पर सहमति व्यक्त की है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ÷मैं सभी उद्योग भागीदारों और उनके शीर्ष प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं, जिनसे मैंने इस पहल के लिए हमारे साथ साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की है। वे हमें इस संस्थान को बनाने और दीर्घकालिक विकास को बनाए रखने में मदद करेंगे। मुझे उम्मीद है कि आईआईसीटी (एवीजीसी-एक्सआर) सेक्टर के लिए एक बड़े एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में विकसित होगा।

उन्होंने कहा, ‘हम अपने देश में आईआईटी और आईआईएम के लिए जो प्रारूप तैयार किया है, उसी पर चलेंगे, ताकि इसे विश्वस्तरीय संस्थान बनाया जा सके।’

एडोब, गूगल और यूट्यूब, मेटा, वाकॉम, माइक्रोसॉफ्ट और एनवीडिया जैसी कुछ कंपनियों ने दीर्घकालिक सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया है।

# राहुल-प्रियंका गांधी सेना की पुलवामा कश्मीर यात्रा का समालखा पहुंचने पर भव्य स्वागत



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**समालखा।** राहुल प्रियंका गांधी सेना की पुलवामा कश्मीर यात्रा का वाईस प्रेसिडेंट बीआर कौशिक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश शर्मा के नेतृत्व चल रही यात्रा का समालखा ब्लूजे रेस्टोरेंट पहुँचने पर पुष्पवर्षा कर फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। जहाँ राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा रविवार 4 में को पुलवामा कश्मीर में कार्यकारिणी की बैठक करेगी। जिसमें पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया जाएगा कि कश्मीर हमारा अभिन्न अंग है, हम उनके संग है। उन्होंने कहा कि यह हमला ठंडे दिमाग से किया गया नरसंहार है। यह भारत की आत्मा पर हमला है। जो लोग इसके ज़िम्मेदार हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। सरकार को समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तुरंत और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

वाइस प्रेसिडेंट पर कौशिक ने कहा कि पूरा देश मोदी सरकार के साथ खड़ा है। पूरे विपक्ष का समर्थन प्रधानमंत्री को है। कांग्रेस अध्यक्ष ख?गे और राहुल गांधी भी प्रधानमंत्री को किसी भी कार्यवाही में साथ देने का भरोसा दे चुके हैं। सब का केवल एक ही मकसद है - आतंकियों को और उनके आकाओं को, उन्हें पालने वाले पाकिस्तान को इस जघन्य वारदात का सबक सिखाया जाये। लेकिन अभी तो बस इंतज़ार है, बस इंतज़ार, इंतज़ार लाल लाल आँख का, इंतज़ार न्याय का, इंतज़ार कार्यवाही का।

# पटवारी प्रवीण रावल दी रिवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा की जिला इकाई पानीपत के प्रधान नियुक्त

त्रि वार्षिक चुनाव अधिवेशन में आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए पुरानी पेंशन योजना बहाली की उठी मांग

अर्थ प्रकाश /मनदीप कुमार



**पानीपत।** पुलवामा में निर्दोष नागरिकों की जान लेकर आतंकियों ने मानवता को झकझोर दिया है। आतंक का कोई धर्म जात नहीं होता। आतंकी किसी का नहीं होता। हमारी संवेदनाएं जान गवाने वालों के परिवारों के साथ है। ये शब्द शनिवार को नवनिर्वाचित प्रधान पटवारी प्रवीण रावल ने स्काईलार्क पानीपत में दी रिवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा की जिला इकाई पानीपत के त्रि वार्षिक चुनाव अधिवेशन में कहे। चुनाव प्रक्रिया शुरू करने से पहले आतंकी हमले में जान गवाने वालों को श्रद्धांजलि दी गई।उन्होंने कहा कि सरकार को आतंकी हमले का कड़ा जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी संगठन मेहनत निष्ठा और संघर्ष के बिना नहीं चल सकता। किसी भी संगठन को अपनी मंजिल तक पहुंचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। संघर्ष में हर आदरणीय साथी को अपना सहयोग करना होता है। जब भी कोई किसी भी पटवारी और कानूनगो के साथ ज्यादती करेगा कार्यकारिणी हमेशा उसके साथ खड़ी होगी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों का विरोध करने के लिए सरकार के खिलाफ नारे लगाने पड़ते हैं। यदि सरकार जन विरोधी नीतियां ना बनाएं तो किसी भी व्यक्ति को नारे लगाने की जरूरत नहीं है। वही कर्मचारियों की पुरानी पेंशन खत्म करके सरकार ने एक निंदनीय काम किया है।

जब आदमी रिटायर हो जाता है तो पेंशन ही उसका एकमात्र सहारा होती है इस पेंशन को छीन करके सरकार ने रिटायर कर्मचारियों के बुढ़ापे को ठोकरे खाने पर मजबूर कर दिया है। और जब व्यक्ति के किसी भी अधिकार का हनन होता है तो वह नारे लगाने पर मजबूर हो जाता है।आज सरकार ने यही किया है। रावल ने कहा की सरकार को चाहिए कि कर्मचारियों के प्रति अपनी नीति और नियति दोनों साफ रखें। क्योंकि सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचने वाले कर्मचारी ही होते हैं। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अमरीश त्यागी सचिव शिवकुमार अहलावत और हरियाणा टूरिज्म के राज्य प्रधान कश्मीर सिंह के देखरेख में चुनाव संपन्न कराया गया। इसमें दी रिवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के राज्य सलाहकार दिलावर वर्मा विशेष अतिथि रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अमरीश त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार जानबूझकर जन विरोधी और कर्मचारी विरोधी नीतियां बनती है ताकि दोनों परेशान हो और विरोध में लग रहे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने चौथे मैच में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन अंततः ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई।

भारत के लिए नवनीत कौर (35%) और लालरेमसियामी (59%) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टीवर्ट (2%), जेड स्मिथ (36%) और ग्रेटा हेस (42%) के गोल की बदौलत करीबी मुकाबले में जीत हासिल की।

पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की। दूसरे मिनट में ही सफलता मिल गई, जब ग्रेस स्टीवर्ट ने गोल किया। भारत ने क्वार्टर के बाकी बचे समय में स्कोर बराबर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर का सफलतापूर्वक बचाव किया और इस अवधि के अंत में एक और सेट-पीस खतरे का सामना किया, जिससे हाफटाइम तक अंतर एक गोल तक सीमित रहा। भारत ने तीसरे क्वार्टर में मुकाबले में वापसी की, जब नवनीत ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। यह राहत कुछ समय के लिए ही रही, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने तुरंत जवाब दिया और 36वें मिनट में जेड स्मिथ के फील्ड गोल ने उन्हें बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने दो और पेनल्टी कॉर्नर जीते, इससे पहले ग्रेटा हेस के 42वें मिनट के गोल ने उनकी बढ़त को फिर से बढ़ाया।

भारत ने अंतिम क्वार्टर में अंतर कम किया, जब लालरेमसियामी ने खेल के अंत में गोल किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय आक्रमण को रोककर जीत हासिल की।

## जिला बार एसोसिएशन ने जिला सैशन जज वेद पाल सिरोही सहित न्यायाधीशों को किया सम्मानित

**पंचकूला (अप्रस)।** जिला बार एसोसिएशन पंचकूला द्वारा शनिवार को पंचकूला न्यायालय में आए न्यायाधीश का स्वागत एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला बार एसोसिएशन के सचिव कुलबीर सिंह सैनी के द्वारा किया गया। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान राकेश शर्मा एडवोकेट, वरिष्ठ उपप्रधान जसबीर सिंह ठोल एवं उप-प्रधान ओम प्रकाश माहोर के द्वारा जिला सैशन जज वेद पाल सिरोही को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।


केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम
A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

वसूली एवं विधिक अनुभाग, परिमंडल कार्यालय, द्वितीय तल, सेक्टर34-ए, चंडीगढ़
दूरभाष संख्या 0172-2602431, 2663733, ई-मेल rlcochd@canarabank.com

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6(2), 8 (6) एवं (9) के अधीन ई-नीलामी के माध्यम से चल/अचल संपत्तियों की बिक्री सूचना
ईएमडी प्राप्ति की अंतिम तिथि21.05.2025 को सायं 5.00 बजे तक

**ईएमडी प्राप्ति की अंतिम तिथि21.05.2025 को सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की तिथि: 22.05.2025 को प्रातः 11.30 बजे से दोप. 12.30 बजे**
**(बिक्री के समापन तक 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित)**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल संपत्तियों का प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के प्रवर्तन तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के प्रावधानों के अधीन कब्जा प्राप्त किया गया है, जिनकी निम्नलिखित नियम एवं शर्तों पर ई-नीलामी द्वारा बिक्री की जाएगी। सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस लि. द्वारा वेबसाईट https://baanknet.com/ के माध्यम से ई-नीलामी का प्रबंध किया गया है। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए केनरा बैंक की वेबसाइट (www.canarabank.com) पर प्रदान किए गए "ई-नीलामी" लिंक का संदर्भ लें।

| क्र. सं. | शाखा का नाम/ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता | संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण | निर्दिष्ट तिथि पर कुल देयताएं | आरक्षित कीमत (रु. में) | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (रु. में) | खाता संख्या का विवरण / आईएफएससी कोड / कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केनरा बैंक, एसएआरएम चंडीगढ़ शाखा, श्री मनोज एस.आर., सहायक महाप्रबंधक, दूरभाष: 0172-2601664,8727971300 ई-मेल: cb5220@canarabank.com | शहजादपुर, तहसील शाहबाद मारकंडा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा स्थित औद्योगिक सह रिहायशी प्लाट, 1 कनाल 8 मरला, 3 कनाल 4 मरला का 7/16 हिस्सा बियरिंग खेवट सं. 5, खतौनी सं. 5, आयत सं. 32 खसरा सं. 12/2/3(3-4)। 1 कनाल 3 मरला, 2 कनाल 14 मरला का 27/54 हिस्सा बियरिंग खेवट सं. 6, खतौनी सं. 6, खसरा सं. 13/2/2/2(2-14)। कुल भूमि-2 कनाल 11 मरला। सब-रजिस्ट्रार शाहबाद (मा) के साथ पंजीकृत, वसीका सं. 426 दिनांक 21.05.2019 के अंतर्गत पंजीकृत। | 30.04.2025 को कुल देयताएं- रु. 2,22,80,259/- जमा 01.05.2025 से आगामी ब्याज | रु. 1,69,00,000/- | रु. 16,90,000/- | 209272434 / CNRB0005220 / प्रतीकात्मक कब्जा |

ऋणी:-मेसर्स एमडीएफ फूड्स एण्ड फार्मा, गाँव नलवी, तहसील शाहबाद, कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136130,भागीदार-- (1) श्री मंदीप पांचाल पुत्र सुभाष चंद, गाँव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा 136135 (2) श्री रवि पुत्र सुभाष चंद, गाँव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135 (3) श्रीमती संतोष रानी पत्नी सुभाष चंद, गाँव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135, गारंटर-- (1) श्रीमती राखी पुत्री अमरनाथ, गाँव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135 (2) श्रीमती अनु पुत्री किशन, गांव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135 (3) श्री मनोज कुमार पुत्र जगदीश चंद, मकान सं. 119, वार्ड सं. 6, अनाज मंडी चीका, हरियाणा-136034

**अन्य नियम एवं शर्तें-** बिक्री निम्नलिखित शर्तों से तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्दिष्ट शर्तों का विषय होगी। ए. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है एवं जो है जैसा है' आधार पर भारों, यदि कोई हो, सहित बेचा जाएगा। (बैंक को भारों का ज्ञान नहीं है। भारों के विवरण हेतु निम्न 7(डी) में संदर्भित जमा धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने से पूर्व अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें। बी. बैंक के रिकार्ड के अनुसार संपत्ति के अंतर्गत स्थानीय स्वयं सरकार की बकाया देय राशि बैंक को ज्ञात नहीं है, इसलिए इस हेतु सूचना प्राप्त नहीं हुई है। खरीददार देय, यदि कोई हो, की अदायगी करने हेतु जिम्मेदार होगा। सी. नीलामी/बोली केवल वेबसाईट https://baanknet.com/ के माध्यम से 'ऑनलाईन विद्युत बोली' के माध्यम से की जाएगी। बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाईट के माध्यम से जाने का परामर्श दिया जाता है। डी. संपत्ति का निरीक्षण प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व अनुमति के साथ13.05.2025 एवं 14.05.2025 को सायं 03.00 बजे से सायं5.00 बजे के मध्य किया जा सकता है। ई. संपत्ति आरक्षित कीमत से कम में नहीं बेची जाएगी तथा प्रतिभागी बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया के दौरान अपने प्रस्ताव सुधार सकते हैं।एफ.अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री उक्त वर्णित तिथि एवं समय पर वेबसाईट https://baanknet.com/ पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपना मोबाईल सं. एवं ई-मेल आईडी उपयोग करते हुए पोर्टल (https://baanknet.com/) पर पंजीकृत होने का निवेदन किया जाता है (क्रेता पंजीकरण लिंक वेबसाईट के होम पेज पर प्रदान किया गया है)। आगे इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंजीकरण और ई-केवाईसी पूरा करना और बैंक विवरण जोड़ने का निवेदन किया जाता है। एकबार पंजीकरण और ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूरा हो जाता है तो इच्छुक बोलीदाता/क्रेता ईएमडी अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व ईएमडी राशि जमा करेंगे। कृपया नोट करें कि ईएमडी राशि https://baanknet.com/ पर बनाए गए केवल ई-वॉलेट में हस्तांतरित की जाएगी। ई-वॉलेट में निधि/राशि जमा करने की प्रक्रिया निम्नानुसार है: (i) 'ई-वॉलेट' में निधि/राशि जमा करने की विधि ऑनलाईन है अर्थात https://baanknet.com/ से चालान जनरेट करने के पश्चात अथवा भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाईन है, चालान जनरेशन के मामले में भुगतान किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से एनईएफटी ट्रांसफर/आरटीजीएस के माध्यम से किया जा सकता है। ii) पंजीकरण, ई-केवाईसी और ई-वॉलेट में निधि/राशि का हस्तांतरण अग्रिम में पूरा किया जाना है। केवल उनके ई-वॉलेट में पर्याप्त निधि/राशि होने के पश्चात इच्छुक बोलीदाता ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व ईएमडी का भुगतान करने में सक्षम होंगे। यदि प्रस्ताव एक से अधिक संपत्ति हेतु है तो बोलीदाता ई-वॉलेट प्रत्येक संपत्ति के लिए ईएमडी के समान राशि जमा करेगा। यदि राशि ईएमडी राशि के बराबर ई-वॉलेट में उपलब्ध नहीं है तो सिस्टम ईएमडी जमा करने की अनुमति नहीं देगा। iii) इच्छुक बोलीदाता आरक्षित कीमत की10 प्रतिशत की ईएमडी राशि21.05.2025को सायं 5.00 बजे अथवा पूर्व में जमा करेगा। जी. इच्छुक बोलीदाता पोर्टल https://baanknet.com/ पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। भावी बोलीदाता सेवाप्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा. लि., कारपोरेट कार्यालय:- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेल: support.BAANKNET@psballiance.com से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। एच. असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी Ebkray.in (मेसर्स पीएसबी एलायंस लि.) के साथ बनाए गए संबंधित ई-वॉलेट में वापस कर दी जाएगी। इसके पश्चात बोलीदाता अपने पंजीकृत खाते में ई-वॉलेट से निधि/राशि निकाल सकते हैं। कृपया नोट करें कि ईएमडी पर किसी ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा। आई. इच्छुक बोलीदाता पोर्टल https://baanknet.com/ पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। भावी बोलीदाता सेवाप्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा.लि., कारपोरेट कार्यालय:- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेल: support.BAANKNET@psballiance.com सेई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। जे. असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी Ebkray.in (मेसर्स पीएसबी एलायंस लि.) के साथ बनाए गए संबंधित ई-वॉलेट में वापस कर दी जाएगी। इसके पश्चात बोलीदाता अपने पंजीकृत खाते में ई-वॉलेट से निधि/राशि निकाल सकते हैं। कृपया नोट करें कि ईएमडी पर किसी ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा। के. नीलामी उक्त वर्णित आरक्षित कीमत से प्रारंभ की जाएगी। बोलीदाता अपने प्रस्ताव में रु.1,00,000/- के गुणज में सुधार कर सकते हैं। बोलीदाता 'ऑनलाईन' नीलामी के समापन पर उच्चतम बोली (जो आरक्षित कीमत से कम न हो) प्रस्तुत करेंगे, उन्हें सफल बोलीदाता के तौर पर घोषित कर दिया जाएगा। बिक्री की पुष्टि सफल बोलीदाता के पक्ष में की जाएगी, जो सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा इसकी पुष्टि का विषय होगा। एल. सफल बोलीदाता के तौर पर घोषित होने पर तत्काल बिक्री राशि का 25प्रतिशत (पहले से अदायगी की गई ईएमडी सहित) जमा करेगा तथा शेष राशि सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर अदायगी की जाएगी। यदि सफल बोलीदाता उक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर बिक्री राशि की अदायगी करने में असफल होगा तो उसके द्वारा जमा की गई राशि बिना कोई सूचना दिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त की जाएगी तथा संपत्ति की पुन- बिक्री की जाएगी। एम. कन्वेयंस, स्टैंप ड्यूटी तथा पंजीकरण प्रभार आदि हेतु सभी प्रभार लागू अनुसार केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे। एन. जब संपत्ति की बिक्री को विचारा जाएगा 50.00 लाख उक्त सफल बोलीदाता की बिक्री प्रक्रिया पर @1% टीडीएस की स्रोत पर कटौती की जाएगी और फार्म 26 क्यूबी में चालान प्रस्तुत करके इसे जमा करवाया जाएगा और बैंक को टीडीएस प्रमाण पत्र की मूल प्रति जमा करनी होगी। ओ. चल संपत्ति की बिक्री उस पर लागू जीएसटी और उक्त बिक्री मूल्य का विषय अधीन है। पी. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों को बदलने अथवा स्थगित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। क्यू. अधिक जानकारी के लिए केनरा बैंक एसएआरएम चंडीगढ़ शाखा या सेवा प्रदाता मेसर्स मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा. लि., कारपोरेट कार्यालय:- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेल: support.BAANKNET@psballiance.com से या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com से संपर्क करें। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए केनरा बैंक की वेबसाइट (www.canarabank.com) पर प्रदान किए गए 'ई-नीलामी' लिंक का संदर्भ लें।

**विशेष निर्देशन/सावधानी**

बोलीदाता द्वारा अपने हित में अंतिम मिनट/क्षण में बोली से बचें। बोलीदाता अथवा वेंडर की ओर से इस प्रकार के मामलों में न तो केनरा बैंक और न ही सेवा प्रदाता किसी लैप्स/असफलता (इंटरनेट असफलता, पावर असफलता आदि) हेतु जिम्मेदार होगा। वार्डऑफ तथा फुटकर स्थिति से क्रम में बोलीदाता को सभी वांछित प्रबंध/विकल्प जैसेकि बैकअप, पावर सप्लाई करने का निवेदन किया जाता है तथा जिससे वह इस प्रकार की परिस्थितियों से बचने में सफल हो तथा सफलतापूर्वक नीलामी में भाग लेने हेतु सक्षम हो।

**15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना (यथासंशोधित प्रतिभूति हित नियम 2002के अनुसार)**

दिनांक : 03.05.2025 स्थान: चंडीगढ़ प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक


# योगासनों के 12 विश्व रिकॉर्ड बनेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** अक्षर योग केंद्र विश्व विख्यात योग गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर के नेतृत्व में इतिहास रचने को तैयार है। केंद्र में अमेरिका, यूरोप,अफ्रीका व एशिया के हजारों प्रतिभागी 12 गिनीज बुक रिकॉर्ड के ऑफिसियल प्रयास की तैयारी में जुटे हैं। आयोजन विश्व योग दिवस होगा। हिमालय सिद्ध अक्षर बताते हैं कि यह प्रयास योग की प्राचीन विरासत के संरक्षण के साथ दुनिया को यह बताना है कि इसके असली वारिस हम ही हैं। इस बार ग्यारहवें विश्व योग दिवस के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थीम ' योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' घोषित की है।

हिमालय प्रवास के बाद बंगलूरू लौटते हुए हिमालय सिद्ध अक्षर ने चंडीगढ़ एअरपोर्ट पर बताया कि साल 2010 में स्थापित अक्षर योग केंद्र यह आयोजन पहले ताइवान में करने जा रहा था। लेकिन भू-राजनीतिक कारणों के चलते इसे बंगलूरू में ही आयोजित करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि अक्षर योग केंद्र के नाम पहले ही योगासनों के नौ विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। जिसमें वर्ष 2021 में वशिष्ठासन, 2022 में धनुरासन, वर्ष 2023 में उष्ट्रासन, हलासन तथा 2024 में चक्रासन, नौकासन, कौडिन्यासन, नटराजनासन व सूर्य नमस्कार के लिये मिले विश्व रिकॉर्ड शामिल हैं।

इस बार इस ऑफिसियल प्रयास के लिये गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड संस्था की सौ सदस्यों की टीम के साथ संस्था के बड़े अधिकारी बंगलूरु में आसनों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करेंगे। विश्व योग दिवस 21 जून को होने वाले इस आयोजन के लिये देश-विदेश के हजारों योग साधक हिमालय सिद्ध अक्षर के मार्गदर्शन में पसीना बहा रहे हैं। प्रतियोगिता में जो आसन शामिल हैं उनमें भद्रासन, अधोमुख श्वानासन, शलभासन, गरुड़ासन , एक पाद पादागुंनुष्ठासन, उभय पादागुंनुष्ठासन,एक पाद राजकपोतासन शामिल हैं। वहीं जो पिछले रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी है, उनमें सेतुबंध सर्वांगसन, सर्वांगासन,वीरभद्रासन व उत्कटासन शामिल हैं। हिमालय सिद्ध अक्षर बताते हैं कि योग के इस महाकुंभ में करीब साठ देशों के योग साधक भाग लेगें। फिलहाल इसमें अमेरिका, जर्मनी,फ्रांस, यूरोप के बाकी कुछ देशों से स्वीटजरलैंड, लंदन, नीदरलैंड,जापान, मलेशिया, ताइवान सिंगापुर के प्रतिभागियों ने भाग लेना सुनिश्चित किया है। इन देशों के लगभग पांच-पांच सीनियर योग शिक्षक व दो हजार ट्रेंड योग साधक भाग लेंगे। अगले पचास दिन साधक बारह आसनों का अभ्यास करेंगे। कुल अस्सी दिनों की ट्रेनिंग हैं। स्वदेशी प्रतिभागियों में कर्नाटक स्टेट पुलिस, सीआईएसएफ, आर्मी व इंडियन एअर फोर्स के प्रतिभागी पैलेस ग्राउंड बंगलूरू मुख्य आयोजन का हिस्सा होंगे। गिनीज बुक रिकॉर्ड संस्था के तीन आफिसयल एग्जेबेटर, सौ प्लस गिनीज बुक टीम के एक्जामनर एक्जाम की तरह मूल्यांकन करेंगे। इसके अलावा दस न्यूट्रल टीचर होंगे । गिनीज बुक रिकॉर्ड की टीम ने बाकायदा इन आसनों के लाइसेंस इश्यू किए गए हैं।

# गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल



**हिसार।** हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ‘मीडिया कोऑर्डिनेटर’ अशोक छाबड़ा ने कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता एक ऐसा माध्यम है, जो समाज में उम्मीद, प्रेरणा और रचनात्मकता को बढ़ावा देता है। यह नकारात्मकता और सनसनीखेज खबरों के बजाय उन ÷विषयों÷ पर केंद्रित होती है जो मानवीय मूल्यों, उपलब्धियों और समाधानों को उजागर करती हैं। इसलिए हमें जो समाचार समाज को मजबूती के साथ जोड़ने का काम करता हो उसे पर हमें तथ्यात्मक रूप से मजबूत तथ्यों के साथ रिपोर्टिंग करनी चाहिए। समाज में बदलाव के लिये सरकार के साथ-साथ मीडिया और अखबारों की भी जिम्मेदारी है। अशोक छाबड़ा ने कहा कि आम जनता स्वतंत्र पत्रकारिता का समर्थन करें, विश्वसनीय स्रोतों से खबरें पढ़ें और दुष्प्रचार का विरोध करें। पत्रकार नैतिकता और निष्पक्षता बनाए रखें, डिजिटल सुरक्षा अपनाएं। मीडिया संगठन पत्रकारों को प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान करें। इस विश्व प्रेस दिवस पर संकल्प लें कि हम निष्पक्ष पत्रकारिता को और मज़बूत करेंगे। प्रेस की आज़ादी सिर्फ़ पत्रकारों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की आज़ादी है। अशोक छाबड़ा आज हिसार मे गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस समारोह में अपने पत्रकार साथियों से संवाद कर रहे थे। कार्यक्रम में अशोक छाबड़ा को सममानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जीजेयू के जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनोज दयाल ने की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ मिहिर रंजन पात्र,जम्भ शक्ति संस्था के अध्यक्ष विकास गोदारा, भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक, संदीप आजाद, पूर्व सरपंच संगठन के प्रदेश प्रधान सोमेश एडवोकेट समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में हिसार जोन के सैकड़ो पत्रकारों ने भाग लिया। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मानते हुए इसके महत्त्व को समझें।

हरियाणा मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने कहा कि वर्ष 2025 के लिए अपने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मानते हुए इसके महत्त्व को समझें कि एक स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रेस लोकतंत्र, जवाबदेही और एक सूचित समाज के लिए कितना महत्वपूर्ण है। जबकि हम साहसी पत्रकारों का सम्मान करते हैं। हमें प्रेस की स्वतंत्रता के लिए सतर्क रहना चाहिए, गलत सूचनाओं के खिलाफ लड़ना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सत्य और पारदर्शिता हर देश की उन्नति और न्याय का आधार हों। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हमें याद दिलाता है कि एक स्वतंत्र प्रेस समाज का दर्पण और लोकतंत्र का प्रहरी है। यह दिन न केवल पत्रकारों के साहस का सम्मान करता है, बल्कि हमें सच्चाई, पारदर्शिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए एकजुट होने का आह्वान करता है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस, जिसे अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस के रूप में भी जाना जाता है, हर साल 3 मई को मनाया जाता है। यह दिन प्रेस की स्वतंत्रता के सिद्धांतों का जश्न मनाता है, दुनिया भर में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करता है, मीडिया को उनकी स्वतंत्रता पर हमलों से बचाता है और अपने पेशे का अभ्यास करते हुए जान गंवाने वाले पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

प्रेस हमें सच्चाई से जोड़ने के साथ-साथ सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करता।

हरियाणा मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने कहा कि प्रेस हमें सच्चाई से जोड़ता है, सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करता है और समाज की आवाज को बुलंद करता है।

# डंपिंग ग्राउंड के रखरखाव के लिए किराये पर लिए जाएंगे दो जेसीबी, तीन टिप्पर

## एमसीसी की बैठक में प्रस्ताव को मिली मंजूरी

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह




**चंडीगढ़, 3 मई।** डंपिंग ग्राउंड के रखरखाव और देखभाल के लिए दो जेसीबी और तीन टिप्पर किराए पर लिए जाएंगे। इनकी यह सेवाएं आगामी 31/08/25 से 31/07/26 तक विस्तार की जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा डंपिंग ग्राउंड सेक्टर-38 चंडीगढ़ में नगर निगम ठोस अपशिष्ट के रखरखाव और देखभाल के लिए दो जेसीबी (खुदाई-सह-लोडर) और 3 टिप्पर किराए पर लेने का कार्य मैसर्स पीपल कनेक्ट सर्विसेज को सौंपा गया था। यह कार्य प्रति मशीन प्रति घंटे 830 रुपये की दर से एक वर्ष की अवधि के लिए आवंटित किया गया था। इसकी समाप्ति 31/07/2025 को होने जा रही है। वर्तमान परिदृष्य के अनुसार डंप साइट के रखरखाव के लिए 5000 किलोग्राम क्षमता वाले दो जेसीबी (खुदाई-सह-लोडर) और तीन टिप्पर की जरूरत होगी। हालांकि आगे घरेलू बागवानी कचरे के प्रसंस्करण के लिए कोई प्लांट चालू हो जाता है तो भविष्य में कार्य के घंटों/ट्रिप्स की जरूरत में कमी भी आ सकती है।

इसी प्रकार जनवरी 2023 - दिसंबर 2023 तक 3 जेसीबी और तीन टिप्पर और 6 महीने के बाद चार जेसीबी और 5 टिप्पर कुल 1,86,20,664 रुपये अर्थात् 15,15,722 रुपये प्रति माह के हिसाब से खर्च पर लिया गया था। जनवरी 2024- दिसंबर 2024 के दौरान 3 जेसीबी और तीन टिप्पर कुल 1,38,48,135 रुपये यानि 11,54,011 रुपये प्रति माह की दर से लिया गया था। इसी प्रकार जनवरी 2025- फरवरी 2025 के दौरान 2 जेसीबी और 3 टिप्पर कुल 19,38,880 रुपये यानि 9,69,440 रुपये प्रति माह की दर से खर्च किए गए थे। कुल मिलाकर 5,71,57,036 रुपये का खर्च आया था।

### एक वर्ष के लिए होगा विस्तार

क्योंकि मौजूदा अनुबंध की अवधि 31/07/2026 तक एक और वर्ष के लिए इन मशीनरी की सेवाओं की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रस्ताव 25 मार्च 2025 को आयोजित बैठक में जनरल हाउस के समक्ष रखा गया था। किन्तु हाउस ने इसे स्थगित करते हुए विगत 5 वर्षों में जेसीबी और टिप्पर के किराए पर हुए खर्च को प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए थे। इस प्रकार फरवरी 2021- दिसंबर 2021 के बीच 3 जेसीबी और दो टिप्पर 81,45,240 रुपये यानि 6,78,770 प्रति माह की दर से खर्च आया। इसी प्रकार जनवरी 2022- दिसंबर 2022 के दौरान चार जेसीबी और चार टिप्पर कुल 1,46,04,117 रुपये यानि प्रति माह 12,17,010 प्रति माह की दर से खर्च हुए थे।

### जेम पोर्टल पर टेंडर मांगे जाएंगे

एक प्रस्ताव फिर से नगर निगम चंडीगढ़ की सदन बैठक के समक्ष रखा गया, जो ध्वनिमत के साथ पारित कर दिया गया। इसमें डंपिंग ग्राउंड सेक्टर-38 के रखरखाव और देखभाल के लिए 1-8-2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए 2 जेसीबी और 3 टिप्परों की सेवाएं प्राप्त करने के लिए जेम पोर्टल पर निविदा आमंत्रित करने की अनुमति मांगी गई। इसे तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान परिचालन के अनुसार अनुमानित वार्षिक व्यय - 1,21,18,000 (केवल एक करोड़ इक्कीस लाख अट्ठारह हजार रुपये) होगा। जो वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के दौरान राजस्व शीर्ष 'अन्य शुल्क' के अंतर्गत खर्च किया जाएगा।

### पार्षदों से किया था विरोध

विगत बैठक में पार्षदों की तरफ से कड़ा विरोध किया गया कि इतना किराया देने की बजाय क्यों न इन्हें परचेज कर लिया जाए। जवाब में कमिश्नर का कहना था कि इन्हें खरीदने के बाद इनके संचालन के लिए ड्राइवर, सहकर्मी भी रखने के वेतन देने होंगे। इसके बावजूद इन्हें जंग लगने का खतरा भी रहता है, फिर इन्हें कंडम करना पड़ेगा।

▲ अधिकतम 30 डिग्री से.
डिग्री से. 21 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.37 बजे
सूर्यास्त 7.03 बजे
सोना 24 कैरेट : 96,740.00
सैंसेक्स : 80,501.99
अमेरिका : 84.47
कैनेडियन : 61.25
आस्ट्रेलिन : 54.55

## न्यूज ब्रीफ

### मेयर और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने सेक्टर 34 डिज्नीलैंड कार्निवाल का किया दौरा



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ नगर निगम की मेयर हरप्रीत कौर बबला और चंडीगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर मल्होत्रा ने आज सेक्टर 34 एग्जीबिशन ग्राउंड में चल रहे डिज्नीलैंड कार्निवाल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कार्निवाल प्रबंधन द्वारा मेले में किए गए इंतजाम और झूलों की सुरक्षा का भी निरीक्षण किया। मेयर हरप्रीत कौर बबला और चंडीगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर मल्होत्रा ने इस अवसर पर उन्होंने डिज्नीलैंड कार्निवाल प्रबंधन जिंदल इवेंट्स की सराहना की कि इस भागदौड़ भरी जिंदगी में फुर्सत के पल गुजारने के लिए ट्राईवासियों के लिए कार्निवाल का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्निवाल हमे हमारी संस्कृति से जोड़ते हैं। मेलों का आयोजन दशकों से होता चला आ रहा है। यह अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होते है, यह उन्हें हमारी परंपरागत मेला संस्कृति से अवगत करवाते हैं। डिज्नीलैंड कार्निवाल प्रबंधन जिंदल इवेंट्स संचालक बिपन जिंदल ने कार्निवाल में विजिट करने पर मेयर हरप्रीत कौर बबला और चंडीगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर मल्होत्रा का आभार जताया।

# चंडीगढ़ में नशे के खिलाफ दौड़े सैकड़ों छात्र

## यह वॉक युवाओं को नशे से दूर रखने और एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का प्रयास है: कटारिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता


फोटो: अजय चौधरी

**चंडीगढ़, 3 मई।** युवा पीढ़ी को नशे से बचाने और उन्हें खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए आज चंडीगढ़ में 'नशा मुक्त चंडीगढ़' अभियान के तहत एक मेगा वॉक का आयोजन किया गया। इस मेगा वॉक में प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और चंडीगढ़ बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष संजय टंडन शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे भी पहुंचे। प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि यह वॉक युवाओं को नशे से दूर रखने और एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का प्रयास है। इस मेगा वॉक में लगभग 2,500 स्कूल छात्र और 1,500 कॉलेज छात्र शामिल हुए, जो चंडीगढ़ के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से निकलकर सेक्टर 17 स्थित तिरंगा अर्बन पार्क में एकत्र हुए और यात्रा में भाग लिया।प्रशासक ने बताया कि इस वॉक में चंडीगढ़ के सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों के अलावा खेल जगत के सम्मानित व्यक्ति, पूर्व सैनिक, आरडब्ल्यूए के सदस्य और चंडीगढ़ प्रशासन के कर्मचारी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सभी एक संकल्प लेंगे कि वे नशे से दूर रहेंगे और किसी को भी नशे का कारोबार नहीं करने देंगे।

इसके अलावा, 'जीवन का वृक्ष' नामक एक थीम आधारित गतिविधि शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत स्कूलों में नशे के खिलाफ प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। छात्रों को नशा मुक्ति के संदेश को फैलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

'वाडा' (विक्ट्री अगेंस्ट ड्रग एब्यूज) नामक एक सप्ताह लंबा राज्यस्तरीय अभियान भी शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य नशे की लत से मुक्ति और एक स्वस्थ समाज की दिशा में कदम बढ़ाना है। यह अभियान डीएसएसएस, धनास से शुरू हुआ, जिसमें छात्रों द्वारा नशे के खिलाफ पोस्टर और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं।

### नशे से दूर जियो भरपूर

'नशे से दूर, जियो भरपूर' का नारा 'नशे से दूर रहो, पूरी तरह जियो' का अर्थ है, जो नशे के हानिकारक प्रभावों से मुक्त जीवन जीने का संदेश देता है। जागरूकता को बढ़ावा देने और समर्थन प्रदान करके, ऐसे आंदोलनों का उद्देश्य व्यक्तियों को संतुष्ट जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है, जिससे एक अधिक समृद्ध और नशा मुक्त राष्ट्र में योगदान मिलता है।

# मेयर चुनाव हाथ खड़ा कर नहीं गुप्त मतदान से होना चाहिए: कैलाश चंद जैन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 मई।** उद्योग व्यापार मंडल चंडीगढ़ के अध्यक्ष कैलाश चंद जैन ने प्रशासन द्वारा पार्षदों के हाथ खड़े करके वोट डालने के माध्यम से मेयर का चुनाव करवाने के प्रस्ताव का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह पार्षदों के वोट के अधिकार पर एक तरह का अतिक्रमण है। उन्होंने कहा कि यह चुनावी प्रक्रिया है, न कि कोई बिल पास करवाने की प्रक्रिया, जिसमें हाथ खड़े करके बिल पास किए जा सकते हैं।

उन्होंने इस बात की पैरवी की कि मेयर का चुनाव गुप्त मतदान के तहत होना चाहिए, जैसा कि अन्य चुनावों में होता है। गुप्त मतदान से ही सारे चुनाव करवाए जाते हैं, तो मेयर का चुनाव गुप्त मतदान के द्वारा क्यों नहीं होना चाहिए। पार्षदों द्वारा हाथ खड़ा कर मतदान की यह प्रक्रिया लोकतंत्र के खिलाफ है और पार्षदों के अधिकारों का हनन करती है।

## ओपन हैंड मेयर चुनाव भ्रष्टाचार को खत्म करने की दिशा में अहम कदम और समय की जरूरत: योगेश ढींगरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 मई।** आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता एवं पार्षद योगेश ढींगरा ने गवर्नर श्री गुलाब चंद कटारिया की प्रशंसा करी और कहां कि अगर गवर्नर साहब अगला मेयर चुनाव ओपन हैंड करवाने में कामयाब होंगे तो यह आने वाली पीढ़ी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। पार्षद योगेश ढींगरा ने बताया की जिस तरह पिछले मेयर चुनाव में भाजपा के नॉमिनेट काउंसलर अनिल मसीह द्वारा 8 वोटो की चोरी करी गई थी और लोकतंत्र की हत्या करी गई थी जिससे चंडीगढ़ शहर की गरिमा को ठेस पहुंचाई गई थी और वीडियो पूरे देश-विदेश में चर्चा का विषय बन गई कि भाजपा हर जगह लोकतंत्र की हत्यारी और धक्केशाही वाली पार्टी है। गवर्नर श्री गुलाब चंद कटारिया जी की इस पहल से चंडीगढ़ में मेयर चुनाव में साफ सुथरी राजनीति की दिशा में अहम कदम माना जाएगा और आने वाली पीढ़ी गवर्नर श्री गुलाब चंद कटारिया को रोल मॉडल की तरह याद रखेगी।

# चंडीगढ़ व्यापार मंडल ने नशा मुक्त भारत अभियान में दिया साथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 मई।** चंडीगढ़ व्यापार मंडल जो चंडीगढ़ का शीर्ष व्यापारी कल्याण संगठन है, ने चंडीगढ़ प्रशासन के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के साथ हाथ मिलाया। शनिवार सुबह 6:30 बजे, सीबीएम के सदस्य बड़ी संख्या में सेक्टर 17 प्लाजा में एकत्र हुए और इस सरकारी पहल में भाग लिया, जिसका उद्घाटन गुलाब चंद कटारिया, पंजाब के राज्यपाल सह प्रशासक यू.टी. चंडीगढ़, ने किया। मुख्य उपस्थित संजीव चड्ढा, (अध्यक्ष)चरणजीव सिंह, चेयरमैन ज्ञान चंद गुप्ता, (सलाहकार सह पूर्व स्पीकर, हरियाणा), भूपिंदर नरद, मुख्य सलाहकार राधे लाल बजाज, वित्त सचिव मोहित सूद, (सलाहकार सह अध्यक्ष, अनाज मंडी एसोसिएशन) बलविंदर सिंह और नरेश महाजन (महासचिव), चंडीगढ़ ब्योपार मंडल, सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

सीबीएम अध्यक्ष ने व्यापारियों से आह्वान किया कि सभी प्रकार के नशीले पदार्थों का त्याग करें। अपनी दुकानों के माध्यम से, जहां जनता का आना-जाना रहता है, नशे के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाएं। इस पहल का उद्देश्य नशा-मुक्त समाज को बढ़ावा देना और व्यापारियों की सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करना है।

# पहलगाम आतंकी हमला कायराना कृत्य: लक्की

## कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कार्यकर्ताओं को दिलाई एक जुटता की शपथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 3 मई।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने आतंकवाद की निंदा करने और पहलगाम हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए विशेष बैठक आयोजित की

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग ने आज राजीव गांधी कांग्रेस भवन, सेक्टर 35, चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की के नेतृत्व में बुलाई गई थी।

एक गंभीर और एकीकृत सभा में, पार्टी कार्यकर्ता, अल्पसंख्यक समुदाय के नेता और शहर भर के पदाधिकारी जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में निर्दोष पर्यटकों की हत्या पर अपनी गहरी संवेदना और आक्रोश व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए। उपस्थित लोगों ने पीड़ितों और उनके परिवारों को श्रद्धांजलि दी और शांति और न्याय के लिए प्रार्थना की।

सत्र के दौरान, एच.एस. लक्की ने आतंकवाद के खिलाफ शपथ दिलाई, और सभी सदस्यों से हिंसा और घृणा के कृत्यों की निंदा करने में एकजुट होने का आग्रह किया। शपथ में धर्मनिरपेक्षता, शांति और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को बनाए रखने की दृढ़ प्रतिबद्धता शामिल थी।

अपने संबोधन में, एच.एस. लक्की ने आतंकवाद के खिलाफ शपथ दिलाई, और सभी सदस्यों से हिंसा और घृणा के कृत्यों की निंदा करने में एकजुट होने का आग्रह किया। लक्की ने इस बर्बर हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद से निपटने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने के भारत सरकार के प्रयासों के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।




**चंडीगढ़।** हॉकी चंडीगढ़ ने पंजाब के माननीय राज्यपाल और यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया जी की सलाह पर 'नशा मुक्ति' अभियान चलाया। हॉकी चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष अनिल वोहरा के अनुसार, 'नशा मुक्ति' अभियान में लगभग 200 से अधिक पुरुष और महिला खिलाड़ियों और हॉकी चंडीगढ़ के अधिकारियों ने भाग लिया और नशा मुक्ति अभियान में ड्रग्स को न कहने की शपथ ली। इस समारोह में हॉकी चंडीगढ़ के वरिष्ठ पदाधिकारी जैसे अनिल वोहरा, श्री सतिंदर शर्मा श्री राजिंदर गांधी, अजय सिंह, मैडम एस.के. गोस्वामी, मैडम सिमरदीप कौर, गुरमिंदर सिंह, डॉ. जी.एस. गिल, मैडम राणा, बलजिंदर सिंह मल्ही, बलविंदर सिंह, कमल शर्मा और अन्य मौजूद थे।

# अंकुर स्कूल में मनाया ज्ञान और रचनात्मकता उत्सव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के सेक्टर 14 में स्थित अंकुर स्कूल ने 3 मई 2025 को अपने स्वर्णिम वर्ष समारोह में स्वयं को एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर साबित करते हुए अंतर-विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें ट्राइसिटी के ग्यारह स्कूलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तीन आकर्षक राउंड में अपने ज्ञान और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल विजेता बना, उसके बाद सेंट सोल्जर इंटरनेशनल स्कूल और चितकारा इंटरनेशनल स्कूल क्रमशः पहले और दूसरे रनर- अप रहे। विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रिंसिपल, सुश्री अरुणा धीमान ने विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी और युवा दिमाग को आकार देने में बौद्धिक खोज के महत्व पर ज़ोर दिया।

# चंडीगढ़ नशा मुक्त भविष्य के लिए हुआ एकजुट

मेयर हरप्रीत कौर बबला एमसीसी कार्यालय से पदयात्रा में शामिल हुईं

अर्थ प्रकाश संवाददाता


फोटो: अजय चौधरी

**चंडीगढ़, 3 मई।** नशे के दुरुपयोग के खिलाफ एकजुट होकर, शहर की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला, आयुक्त श्री अमित कुमार, आईएएस, एमसीसी पार्षद, अधिकारी और चंडीगढ़ नगर निगम के हजारों कर्मचारी आज सुबह 7ः00 बजे पंजाब राजभवन से राज्यपाल, पंजाब और प्रशासक, यूटी, चंडीगढ़ श्री गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में नशा मुक्त चंडीगढ़ अभियान के बैनर तले पद यात्रा में शामिल हुए।

जागरूकता पहल के हिस्से के रूप में, प्रभावशाली संदेश प्रदर्शित करने वाली एलईडी स्क्रीन और ÷नशे से दूर रहें, जीवन को भरपूर जिएं÷ नारे वाली तख्तियां पूरी रैली में लोगों का ध्यान आकर्षित करने और अभियान के मूल संदेश को फैलाने के लिए लगाई गईं।

रैली का उद्देश्य नशे की लत के खतरों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना और एक स्वस्थ, अधिक जीवंत चंडीगढ़ को बढ़ावा देना था। 'जीवन चुनें- नशा मुक्त चंडीगढ़ चुनें' का नारा सड़कों पर जोरदार तरीके से गूंज रहा था, जिससे नागरिकों को नशा मुक्त समाज के लिए आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा था।

मेयर हरप्रीत कौर बबला ने नशीली दवाओं के खतरे से निपटने में समुदाय द्वारा संचालित प्रयासों के महत्व पर जोर दिया, जबकि कमिश्नर अमित कुमार ने जागरूकता फैलाने और पुनर्वास और रोकथाम पहलों का समर्थन करने के लिए नगर निगम की प्रतिबद्धता को दोहराया।

यह प्रभावशाली पद यात्रा एक सुरक्षित, नशा मुक्त चंडीगढ़ बनाने की दिशा में एक और कदम है।

## इंस्पेक्टर जसपाल सिंह भुल्लर की टीम को बड़ी कामयाबी

# हेरोइन और गांजा सप्लाई करने वाले दो आरोपी काबू

पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से 9.324 किलोग्राम गांजा,48 हजार रुपए ड्रग मनी,41.83 ग्राम हेरोइन बरामद की

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी







**चंडीगढ़।** यूटी पुलिस का अहम विभाग माने जाने वाले सैक्टर 24 स्थित डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के दो अलग अलग मामलो में नशीला पदार्थो की सप्लाई करने वाले दो आरोपियो को अलग अलग जगहों से गिरफ्तार किया है।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी बबलू के कब्जे से 9.324 किलोग्राम गांजा और आरोपी अमृतसर निवासी हनी के कब्जे से 41.83 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

**क्या था मामला:** जानकारी के अनुसार पता चला कि चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते डिस्ट्रिक क्राइम सैल पुलिस के इंचार्ज इंस्पेक्टर जसपाल सिंह भुल्लर की टीम 2 मई को डीएमसी स्थित सेक्टर-38 में गश्त ड्यूटी पर थे। समय लगभग 7:45 बजे का होगा।जब वे लेबर ब्यूरो भवन सेक्टर-38 के पास पहुंचे तो इसी बीच उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति और एक महिला पुलिस पार्टी की ओर पैदल आ रहे थे। जिनके हाथों में भारी बैग थे। पुलिस पार्टी को देखकर महिला जंगल की तरफ भाग गई। पुलिस पार्टी ने उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान, उसने अपना नाम डीएमसी निवासी बबलू उम्र-45 वर्ष बताई। पुलिस द्वारा उसकी व्यक्तिगत तलाशी के दौरान 9.324 किलोग्राम गांजा और 48 हजार रुपए बरामद किए।आरोपी ऑटो चालक है। जिसके खिलाफ थाना मलोया में एक्साइज एक्ट और एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज पाया गया है।

**केस नंबर-2:** यूटी पुलिस की डिस्ट्रिक क्राइम सैल पुलिस ने हेरोइन की सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान पंजाब के जिला अमृतसर के रहने वाले 20 वर्षीय हनी कुमार उर्फ नूर के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 41.83 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पता चला कि डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल पुलिस 2 मई रात करीब 10.40 मिनट पर एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फेज एक कब्रिस्तान के पास पहुंची तो पुलिस ने एक युवक जो कि इंडस्ट्रियल एरिया फेज एक स्थित गरचा लाइट प्वाइंट की और से पैदल आ रहा था। जिसने अपने दाहिने हाथ में हल्के पीले रंग का बैग पकड़ा हुआ था। पुलिस पार्टी को देखकर वह पीछे मुड़ा और तेजी से चलने लगा। पुलिस को शक होने पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम हनी कुमार उर्फ नूर बताया।तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 41.83 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी कपड़े की शॉप पर काम करता है।आरोपी हनी के खिलाफ अमृतसर (पंजाब) में झगड़े का एक मामला दर्ज पाया गया है।

सम्पादकीय

# पहलगाम हमले में पाक की मिलीभगत के सबूत मिलना

पहलगाम आतंकी हमले की जांच कर रही एनआईए को अगर इसमें पाकिस्तान की मिलीभगत के सबूत मिले हैं तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। मसला सिर्फ इतना है कि पाकिस्तान कहता है कि पहले सबूत लेकर आओ और फिर हमारा नाम लो। लेकिन भारत सरकार और उसकी जांच एजेंसियां न जाने कितनी बार यह साबित कर चुकी हैं कि प्रत्येक आतंकी हमले में पाक की आर्मी और उसके हुक्मरानों का हाथ होता है। अभी जांच में सामने आ रहा है कि लश्कर व जैश के साथ मिलकर पाक सेना ने इस हमले की सुनियोजित साजिश रची थी। इस हमले के दोषियों का अभी तक पकड़े न जाने के पीछे भी यही वजह है कि उन्हें बचकर निकलने की पूरी ट्रेनिंग दी गई है। इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार की गई कि पहलगाम में आतंकी वारदात की जगह किस प्रकार सुरक्षा नहीं होती है और सघन वन होने के कारण किस प्रकार बच कर कहां पहुंचना होगा। हालांकि भारतीय सेना और सुरक्षा बलों की रणनीति आतंकियों को मौत के घाट उतारने के बजाय उन्हें जिंदा पकड़ कर पाकिस्तान का सच उजागर करना है। यह जरूरी कवायद है, क्योंकि बीते वर्षों में अनेक बार आतंकी हमले हुए हैं, लेकिन इस बार जैसे हालात बने हैं, उनमें पाकिस्तान का सच एकबार पुनः पूरी दुनिया के सामने लाए जाने की महती आवश्यकता है, जिसमें पकड़े गए दोषी आतंकी खुद यह स्वीकार करेंगे कि उन्हें पाकिस्तान में किसने इस दरिंदगी को अंजाम देने का काम सौंपा था।

**इस बीच अमेरिका ने जिस प्रकार से इस मामले में भारत का साथ देने का ऐलान किया है, वह प्रशंसनीय है। हालांकि अमेरिका यह भी चाहता है कि भारत ऐसी कार्रवाई न करे जिससे इस क्षेत्र में व्यापक स्तर पर हालात प्रभावित हों। उसकी यही मांग पाकिस्तान से भी है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कह रहे हैं कि भारत-पाक दोनों परमाणु क्षमता वाले देश हैं, इसलिए बड़ा क्षेत्रीय संघर्ष उत्पन्न न हो। बेशक, ऐसी नैतिक सलाह उचित होती हैं, हालांकि अमेरिका में अगर ऐसी वारदात हुई होती तो अब तक उसने इसका बदला भी ले लिया होता। अमेरिका केवल दूसरे देशों को ज्ञान देने के लिए है। बेशक, इस मामले में उसने पाकिस्तान के हुक्मरानों को पहलगाम हमले की जांच में भारत का सहयोग करने को कहा है, लेकिन ऐसी सलाहें न जाने कितनी बार दी गई हैं।**

इस बीच अमेरिका ने जिस प्रकार से इस मामले में भारत का साथ देने का ऐलान किया है, वह प्रशंसनीय है। हालांकि अमेरिका यह भी चाहता है कि भारत ऐसी कार्रवाई न करे जिससे इस क्षेत्र में व्यापक स्तर पर हालात प्रभावित हों। उसकी यही मांग पाकिस्तान से भी है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कह रहे हैं कि भारत-पाक दोनों परमाणु क्षमता वाले देश हैं, इसलिए बड़ा क्षेत्रीय संघर्ष उत्पन्न न हो। बेशक, ऐसी नैतिक सलाह उचित होती हैं, हालांकि अमेरिका में अगर ऐसी वारदात हुई होती तो अब तक उसने इसका बदला भी ले लिया होता। अमेरिका केवल दूसरे देशों को ज्ञान देने के लिए है। बेशक, इस मामले में उसने पाकिस्तान के हुक्मरानों को पहलगाम हमले की जांच में भारत का सहयोग करने को कहा है, लेकिन ऐसी सलाहें न जाने कितनी बार दी गई हैं। ताज्जुब की बात तो यह भी होती है कि अमेरिका खुद पाकिस्तान को लड़ाकू विमान प्रदान करता है और फिर उनके रखरखाव के लिए रकम भी भेंट करता है। अमेरिका की पॉलिसी केवल अपना हित देखने की रही है, लेकिन भारत के संदर्भ में उसे अपनी इस तरह की धृष्टता का प्रदर्शन करने से बचना पड़ता है। क्योंकि भारत का गौरव और मान तमाम देशों से अलग और सर्वोपरि है। अमेरिका को पूरी दुनिया में कोई और देश याद रहे या न रहे लेकिन वह भारत को नहीं भूल सकता। चीन के साथ टकराने की योजना बनाने के दौरान अमेरिका को यह भी सोचना पड़ता है कि आखिर भारत के साथ उसकी पॉलिसी क्या हो। शपथ ग्रहण के कुछ ही महीनों में अमेरिका के उपराष्ट्रपति को अगर भारत की यात्रा करनी पड़ती है तो इससे भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्यों भारत की भूमिका इतनी बड़ी हो चुकी है।

वास्तव में अंदर और बाहर जिस प्रकार की बातें पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार की संभावित प्रतिक्रिया को लेकर हो रही हैं, उसकी वजह यही हैं कि पाक ने जो किया, वह किया लेकिन भारत बौखलाहट में आए बगैर वह करेगा जोकि पाक जैसे आतंकी पोषित देश के लिए सबक होगा। निश्चित रूप से पाकिस्तान का कोई भविष्य नहीं है, आगामी समय में उसके हालात और ज्यादा बदतर होने वाले हैं। लेकिन इन परिस्थितियों में भारत अगर उससे युद्ध जैसे हालात में उलझता है तो यह देश के लिए बुद्धिमत्ता पूर्ण नहीं होगा। इसके बजाय उन कूटनीतिक कदमों को और व्यापक किए जाने की जरूरत है, जिससे पाक को उसकी औकात मालूम हो जाए। बीते कुछ समय के दौरान मोदी सरकार ने यही किया है। उसने नेपाल, श्रीलंका और अन्य देशों के बिगड़े सुर ठीक किए हैं वहीं बांग्लादेश को इसका अहसास कराया है कि उसे अपनी सीमाओं की पहचान करके रखनी होगी। इसी प्रकार भारत ने चीन को कड़ा संदेश दिया है कि अब हालात बदल चुके हैं, इसलिए कुचाल चलने से पहले सोच ले। निश्चित रूप से अब पाकिस्तान को यह सबक देने की तैयारी है। बेशक, देश को अपनी सरकार पर भरोसा करना होगा, क्योंकि यह मामला राजनीतिक नहीं, प्रशासनिक है।

# 'मैडम, ध्यान रखना, अपनी बनिया बेटियों-बहिनों का....'

**दैनिक अर्थ प्रकाश**



डॉ. स्वतन्त्र जैन
मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता

**'प्रिय पाठकों, गत कुछ वर्षों से मैं 'आपकी उलझनें-हमारे प्रयास' नाम से एक कॉलम के जरिए आपकी मानसिक उलझनों के हल के लिए लेख लिख रही थी। अब मैं आपसे अपने एडवेंचर (adventures) से भरपूर जीवन की कुछ stories साझा कर रही हूँ ताकि आप भी इनसे कुछ प्रेरणा लेकर अपने नैतिक, मानवीय और सामाजिक दायित्व को निभाने का प्रयास कर सकें। पाठकों से अनुरोध है कि stories पसंद आएं, तो कमेन्ट और शेयर जरूर करें और अपने प्रश्न/कमेन्ट अर्थ-प्रकाश कार्यालय या लेखिका के मोबाइल नंबर- 9254588689 पर WhatsApp या jainswatantra@gmail.com पर मेल करें।' मनोवैज्ञानिक समस्याओं के लिए मेरा निम्न tube channel देखें- https://youtube.com/@swatantrajain7274?**

बात 1981-2 की है, जब मैं कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में शिक्षा-मनोविज्ञान की लेक्चरर थी। टीचिंग के फाइनल प्रैक्टिकल परीक्षा में मेरी ड्यूटी करनाल के डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एक्सटर्नल परीक्षक (Examiner) के तौर पर लगी। मेरे साथ करनाल के ही राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिन्सीपल गुप्ता की भी ड्यूटी लगी थी। पहले दिन हम दोनों को 15-20 स्टूडेंट्स की लिस्ट दी गई। लिस्ट लेकर परीक्षा केंद्र की तरफ जाते-जाते मुझसे गुप्ता जी कहने लगे,

'मैडम जी, आप और मैं दोनों ही बनिया हैं। ध्यान रखना, अपनी बनिया बेटियों-बहिनों को हमने 75-80 % से ज्यादा मार्क्स जरूर देने हैं' उनकी बात सुनकर मुझे बेहद हैरत हुई। सो, मैंने हैरानी से पूछा-

'क्यों, बाकी स्टूडेंट्स ने क्या पाप किया है? और बिना उनके पढ़ाने के ढंग आदि को देखे हम उनका रिजल्ट व भविष्य सिर्फ जात-बिरादरी के आधार पर कैसे तय कर सकते हैं?' उन्होंने जवाब दिया-

'क्यों? जब पंजाबी या सिख परीक्षक हमारे बनिया भाई-बहिनों से पक्षपात करते हैं, तब तो आप कुछ नहीं बोलती?' इस पर मैंने दृढ़ता से जवाब में कहा-

'देखिए गुप्ता जी, जात-बिरादरी या किसी और आधार पर भेद-भाव करना इन मासूम लड़कियों पर बेहद अन्याय करना है। फिर कौन क्या करता है, और क्या नहीं; मैं शायद इस बारे कुछ न कर पाऊँ, पर मैं खुद ऐसा अन्याय हरगिज नहीं करूंगी। और मेरे पास ऐसा कोई प्रूफ भी नहीं है। हां, कोई प्रूफ मिला, तो उसके विरुद्ध शिकायत जरूर करूंगी।'

गुप्ता जी मेरे सख्त, स्पष्ट व दो-टूक जवाब से विचलित हो बोले, 'ठीक है फिर, आप मत देना, मैं तो उन्हें 90 प्रतिशत मार्क्स दे दूंगा, आप 70 प्रतिशत भी देंगी, तो औसत तो उनकी 80 प्रतिशत बन ही जाएगी।'

जवाब में मैंने कुछ नहीं कहा, पर मैं मन-ही-मन बेहद दुखी थी यह सोच कर कि, 'जिस देश में हमारे अध्यापकों के निर्माता ही जात-बिरादरी या धर्म के आधार पर भेद-भाव करते हों, उस देश का क्या बनेगा?'

खैर! सबसे पहली लड़की, जिसके नाम के अंत में कौर लगा था, सिख थी। बहुत ही आत्म-विश्वास व अच्छे ढंग से पढ़ा रही थी, क्लास में होल्ड भी उसका अच्छा था, विषय-सामग्री भी अच्छी थी, सो, मैंने उसे 84 प्रतिशत मार्क्स दिए, पर उन गुप्ता जी ने सिर्फ 58 प्रतिशत मार्क्स दिए।

सो, मैंने उनसे पूछा, 'क्या कमी थी इस बच्ची के पढ़ाने में?'

अपनी सब लाज-हया को त्यागते हुए वे बोले, 'यही कि किसी बनियानी के पेट से पैदा नहीं हुई।'

लिस्ट में चौथे नंबर वाली स्टूडेंट 'अग्रवाल' अर्थात बनिया थी। दुर्भाग्य से ना तो वह क्लास कंट्रोल कर पा रही थी, ना ही ठीक से पढ़ा पा रही थी, और उसमें आत्म-विश्वास की बेहद कमी थी। क्लास में प्रवेश करते ही उसके कदम लड़खड़ा रहे थे। सो, मेरी दृष्टि में वो सही टीचर के लायक नहीं थी। यह मान कर कि उसका चिंता-स्तर ज्यादा होगा, मैंने उसे 54 प्रतिशत मार्क्स दे दिए, परंतु गुप्ता जी ने मेरे मार्क्स देख कर उसे 94 प्रतिशत मार्क्स दे दिए, ताकि हम दोनों की औसत से उसके (54+96=150) के आधे यानि 75 प्रतिशत मार्क्स यानि मेरिट वाले मार्क्स बन जाएं। गुप्ता जी की चालाकी साफ नजर आ रही थी, फिर भी मैंने उनसे पूछ ही लिया, 'गुप्ता जी, इस लड़की के किस गुण से प्रभावित हो कर आपने 96 प्रतिशत मार्क्स लगाएं इसके?'

'अजी मैडम, मैंने तो आपके इतने कम मार्क्स लगे देख कर ही तय कर लिया कि इसके 75 प्रतिशत नंबर बनाने के लिए जितने नंबर देने पड़ें, दूंगा, ताकि हमारी बनिया बेटी का रिजल्ट अच्छा रहे।'

दोस्तों, जानते है, ऐसी घटिया सोच वाले कोई एक या दो नहीं, पर लाखों-करोड़ों हैं, जो गुण, मेरिट, पढ़ाई या अच्छाई के आधार पर नहीं, बल्कि जात-बिरादरी के आधार पर उनके गुणों व भविष्य का फैंसला करते हैं। मेरी टीचिंग कम्युनिटी के भाई-बहिनों, क्या मैं उम्मीद करूँ कि आप इस देश की अस्मिता का ख्याल रखेंगे, और आप ऐसा अन्याय कभी नहीं करेंगे? ध्यान रहे, आप (विशेषकर टीचर-ट्रेनर्स- या टीचर ट्रेनिंग कॉलेजों के टीचर्स) इस देश के सुपर-टीचर्स हैं, यानि भविष्य के टीचर्स निर्माता अर्थात राष्ट्र निर्माता हैं। आपका-हमारा कर्तव्य है कि हम उच्च-चोटी के आदर्श अध्यापक बना कर देश को सौंपें 75 सो, आपको तय करना है कि किन के हाथों में राष्ट्र का भविष्य सौंपना है, क्या वे सचमुच अध्यापक बनने लायक हैं या नहीं? पर उसके लिए आपको खुद को हर-तरह के पक्षपात, कुंठा, और भेद-भाव से ऊपर उठना होगा। उम्मीद है, आप इस राष्ट्र को निराश नहीं करेंगे।

एक बात और- कोई भी कदम उठाने से पहले यदि हम सब यह सोचना शुरू कर दें कि हमारा यह कदम हमारे राष्ट्र और मानवीयता की रक्षा के लिए सही कदम होगा या नहीं? ऐसा व्यक्ति कभी गलत काम कर ही नहीं सकता।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### सेक्टर 22 की दुकान में आग लगी लाखों का माल जलकर राख

चंडीगढ़। यहां के सेक्टर 22 में एक पेपर की दुकान में आग लगने से कई लाख रुपए का नुकसान हो गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मल्होत्रा पेपर मार्ट सेक्टर 22 में आज सवेरे लगभग 4 बजे बिजली के सर्कट से आग लग गई जिसे बुझाने के लिए 12 फायर टैंकर बुलाए गए और लगभग 3 घंटे में इस पर काबू पा लिया गया। फायर ब्रिगेड सूत्रों के अनुसार आग बुझाने के लिए गाड़ियों को काम में लाया गया। इस पेपर के गोदाम में कई लाख रुपए का सामान बताया जाता है जोकि बिल्कुल जलकर राख हो गया। इस आग का जब पता चला जब सामने होकर अखबार लेकर जा रहे थे तो शोरूम में से धुआं निकलते देखकर फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया बिल्डिंग में कई प्रकार की दरारें पड़ने का समाचार भी है। इसी दौरान शहर के कई अन्य भागों से भी आग लग जाने के समाचार मिले है। जिसमें कि रेहड़ी मार्किट सेक्टर 23 खुड्डा अली शेर व रामदरबार की एक फैक्टरी बताई जाती है।

### भाजपा कालका उपचुनाव जीतेगीः शर्मा

पंचकूला। भारतीय जनता पार्टी ने राम राज्य की स्थापना के लिए जो अभियान चलाया है वह राम राज्य स्थापित होने तक जारी रहेगा और इसका पहला पड़ाव कालका ही होगा। यह बात हरियाणा, भाजपा अध्यक्ष प्रो. रामबिलास शर्मा ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही, कालका उपचुनाव पर अनिश्चितता बारे पूछे एक प्रश्न के उत्तर में श्री शर्मा ने कहा कि यह एक गंभीर संवैधानिक संकट है। श्री शर्मा ने कहा कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने से लेकर चुनाव परिणाम घोषित होने तक राज्य सरकार को चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करना होता है। आगामी उपचुनावों के लिए भाजपा का प्रचार ठंडा है इस बारे पूछे प्रश्न के उत्तर में श्री रामविलास शर्मा ने कहा कि हम अभी घर-घर जाकर लोगों से वोट मांग रहे है। श्री शर्मा ने यह भी बताया कि हम चुनाव प्रचार के लिए आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी तथा शान्ता कुमार आदि नेताओं को बुलाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि इन उपचुनावों में उनकी पार्टी के उम्मीदवार अवश्य जीतेंगे क्योंकि अधिकांश गुजर कांग्रेस के खिलाफ है तथा वे अभी इन सीट के लिए उपचुनाव के पक्ष में नहीं थे। भाजपा में अन्तर्कलह बारे पूछे सवाल के जवाब में श्री शर्मा ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है तथा श्री शामलाल के साथ संबंध सामान्य है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1767- प्रसिद्ध कवि तथा कर्नाटक संगीत के संगीतज्ञ त्यागराज का जन्म।
1780- अमेरिकी कला एवं विज्ञान अकादमी की स्थापना।
1799- मैसूर राज्य का शासक टीपू सुल्तान का निधन।
1846- अमेरिकी प्रांत मिशिगन में मृत्युदंड को खत्म किया गया।
1854- भारत का पहला डाक टिकट आधिकारिक रुप से जारी हुआ।
1896- लंदन डेली मेल का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ।
1897- फ्रांस के पेरिस बाजार में आग लगने से करीब 200 लोगों की मौत हुई।
1905- भारत की पहली महिला न्यायाधीश अन्ना चांडी का जन्म।
1924- पेरिस में 8वें ओलिंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
1935- पंजाबी की प्रतिष्ठित, बहुचर्चित अग्रज लेखिका दलीप कौर तिवाना का जन्म।
1945- जर्मनी की सेना ने नीदरलैंड, डेनमार्क और नार्वे में सरेंडर किया।
1957- भारतीय इतिहासकार हेमचंद्र रायचौधरी का निधन।
1959- पहला ग्रैमी अवॉर्ड आयोजित हुआ।
1979- श्रीमती मार्गरेट थैचर ब्रिटेन की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1980- कोल माइंस डे की घोषणा हुई।
1980- जिम्बाब्वे के नेता रॉबर्ट मुगाबे ने चुनाव में भारी जीत हासिल की और पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने।
1983- चीन ने परमाणु परीक्षण किया।
1989- अमेरिकी अंतरिक्ष यान एफटीएस-30 का प्रक्षेपण हुआ।
1994- काहिरा में इजरायल एवं फ़िलिस्तीनी नेताओं द्वारा फिलिस्तीनी स्वायत्तता से संबंधित ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर।
1999- भूमिगत बारूदी सुरंगों के उत्पादन पर प्रतिबंध लगाने के लिए ओटावा संधि के सभी हस्ताक्षरकर्ता देशों की पहली बैठक मापूतो (मोजाम्बिक) में शुरू।
2003- मैक्सिको की अन्ना गुएवेरा ने 35.30 सेकेण्ड का समय लेकर ग्रांप्री मीटर की 300 मीटर दौड़ में विश्व रिकार्ड बनाया।
2007- बैंकॉक में ग्लोवल वार्मिंग पर बैठक सम्पन्न।
2008- सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी 'सेल' ने भारतीय इस्पात गठबंधन से अपने को अलग किया।
2008- विख्यात तबला वादक पंडित किशन महाराज का निधन।
1913- पहली भारतीय फीचर फिल्म राजा हरिश्चन्द्र प्रदर्शित हुई।
1919- अमानुल्ला खान द्वारा ब्रिटिश भारत पर आक्रमण।
1930- राजस्थान की प्रसिद्ध महिला राजनीतिज्ञ सुमित्रा सिंह का जन्म।
1951- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ अशोक गहलोत का जन्म।

## बोल ब्यूटीफुल



**वरुण कुमार राणाः** यह दुष्प्रचार किया जाता है कि भारत में मुसलमान सुरक्षित नहीं है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पाकिस्तानी मुसलमान भी वर्षों से बिना किसी समस्या के भारत में सुरक्षित रह रहे है।

**उमाशंकर सिंहः** बड़ा सवाल तो यह है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की किसी संभावित कार्रवाई को पाकिस्तान अपने खिलाफ युद्ध का आगाज क्यों माने बैठा है? क्या आतंकवाद पर प्रहार पाकिस्तान पर प्रहार है? अगर पाकिस्तान का जवाब हां है तो फिर देर सबेर झेलना तो पड़ेगा।

**अभिनव पांडेः** पहलगाम हमले के दस दिन बीत गए है, मगर कोई भी आतंकी नहीं पकड़ा गया। जहां हमला हुआ, वहां से बार्डर भी काफी दूर है। इसका अर्थ है अंदर के ही भेड़िए उन्हें बचा रहे है। बिना लोकल सपोर्ट के वे इतने दिन तक नहीं बच पाते।

**अमिताभ अग्निहोत्रीः** इस दफा जनगणना में जाति बताना सबके लिए अनिवार्य होगा, चाहे आप किसी भी धर्म/मजहब के हो हिन्दु, मुस्लिम, सिख, ईसाई सबको बतानी होगी जाति।

# पाक प्रायोजित आतंकवाद पर अमेरिका का ढुलमुल रवैया

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले 26 से अधिक पर्यटक मारे गए। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने यह हमला ऐसे समय में किया जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स अपनी भारतीय मूल की पत्नी उषा और बच्चों के साथ भारत की यात्रा पर थे। इस हमले के पीछे पाकिस्तान का निहितार्थ इस यात्रा में विघ्न डाल कर कश्मीर के मुद्दे पर विश्व का ध्यान आकर्षित करना था। पाकिस्तान इस तरह के कुत्सित प्रयास पूर्व में भी कर चुका है। बेरोजगारी, भारी भरकम कर्जा और घरेलू आतंकवाद से त्रस्त पाकिस्तान ने इन समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए वेंस की यात्रा के दौरान हमला करवाने के समय का चुनाव किया। अमेरिका सहित विश्व के तकरीबन सभी देशों ने इस हमले की तीखी निंदा की। सवाल यही है कि क्या अमेरिका सिर्फ निंदा तक ही सीमित रहेगा। पूर्व में भी इसी तरह के पाक प्रायोजित हमले के दंश भारत झेलता रहा है। जब कभी भी ऐसे हमले हुए हैं, अमेरिका ने सिर्फ घडियाली आंसू ही बहाएं हैं। सही मायने में तो अमेरिका चाहता ही नहीं है कि पाकिस्तान पर ऐसी आतंकी वारदातों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करे। यही वजह है कि अन्य देशों की तरह अमेरिका भी सिर्फ सहानुभूति जता कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेता है।

अमेरिका बेशक इन हमलों के लिए सीधा जिम्मेदार नहीं हो, किन्तु पाकिस्तान के साथ उसके सैन्य रिश्ते कहीं न कहीं आतंकवाद को प्रोत्साहित करते नजर आते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अमेरिकी विशिष्ट व्यक्ति के भारत दौरे के दौरान आतंकी वारदात हुई है। 20 मार्च, 2000 की रात को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के चिट्टीसिंहपोरा गांव में 36 सिख ग्रामीणों का नरसंहार किया था। यह घटना अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की 21-25 मार्च की यात्रा से ठीक पहले हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्लिंटन के सामने हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने का मुद्दा उठाया था। उस समय क्लिंटन जयपुर और आगरा के दौरे पर थे, जबकि विदेश मंत्री मैडलिन अलब्राइट और उप विदेश मंत्री स्ट्रोब टैलबोट भारतीय अधिकारियों से बातचीत करने के लिए दिल्ली में ही थे। वर्ष 2002 में जब दक्षिण एशियाई मामलों को लेकर अमेरिकी असिस्टेंट सेक्रेटरी क्रिस्टीना बी रोका भारत की यात्रा पर थीं, तब 14 मई, 2002 को जम्मू-कश्मीर के कालूचक के पास एक आतंकवादी हमला हुआ। तीन आतंकवादियों ने मनाली से जम्मू जा रही हिमाचल रोडवेज की बस पर हमला किया और सात लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद आतंकी आर्मी क्वार्टर्स में घुस गए और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 10 बच्चों, आठ महिलाओं और पांच सैन्यकर्मियों सहित 23 लोग मारे गए। मारे गए बच्चों की उम्र चार से 10 साल के बीच थी और इस हमले में कुल 34 लोग घायल हुए थे। इन आतंकी हमलों से जाहिर है कि पाकपरस्त आतंकियों ने हमला करने के लिए ऐसे वक्त का चुनाव किया जबकि कोई न कोई प्रमुख अमेरिकी भारत यात्रा पर आया हो। आश्चर्य की बात यह है कि इन हमलों के बावजूद अमेरिका ने कभी पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की। कहने को अमेरिका भारत को महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताता है, किन्तु हकीकत में उसका उद्देश्य सिर्फ व्यवसायिक हित



साधना भर रहा है। अमेरिका के व्यवसायिक हित सर्वोपरि हैं।

भारत के भारी विरोध के बावजूद अमेरिका ने पाकिस्तान को घातक एफ16 लड़ाकू विमानों की बिक्री की। इतना ही नहीं इनकी मरम्मत के नाम पर लाखों डालर की मदद भी अमेरिका करता रहा है। अमेरिका ने भारत के विरोध को नजरांदाज करते हुए यह सैन्य मदद दी। अमेरिका न सिर्फ भारत से दुश्मनी साधे हुए पाकिस्तान की हरसंभव मदद करता रहा है, बल्कि विदेशी धरती से भारत के खिलाफ साजिश करने वाले लोग और देशों का सहयोग भी करता रहा है। कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में अमेरिका ने कनाडा की पैरवी की। कनाडा फाइव आई का सदस्य है। फाइव आईज में कनाडा का अहम सहयोगी अमेरिका ने पिछले साल निज्जर हत्याकांड में भारतीय एजेंट्स की कथित संलिप्तता के कनाडा के आरोपों पर टिप्पणी की थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था कि हमने साफ कर दिया है कि कनाडा के आरोप बेहद ही गंभीर हैं जिन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। हम चाहते थे कि भारत कनाडा की जांच में सहयोग करे लकिन भारत सहयोग नहीं कर रहा। इसके बजाए भारत ने एक वैकल्पिक रास्ता चुना है। इतना ही नहीं अमरीकी से भारत को आतंकी कार्रवाई की धमकी देने वाले खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू एयर इंडिया की फ्लाइट को उड़ाने की धमकी दी। इस पर भी अमेरिका ने जानबूझ कर नकेल नहीं कसी। हाल ही में अमेरिका की ओर से जारी किए गए बयानों में भी यह साफ किया जा चुका है कि वह पाकिस्तान को भारत या अफगानिस्तान के नजरिए से नहीं देखता है। अमेरिका की ओर से कहा गया कि वह भारत, चीन, ईरान, अफगानिस्तान से सीमा साझा करने वाले परमाणु सशक्त पाकिस्तान को एक महत्वपूर्ण देश समझता है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ कई मुद्दों पर साथ मिलकर काम कर रहा है। इन मुद्दों में ऊर्जा, कारोबार, निवेश, स्वास्थ्य, क्लीन एनर्जी, क्लाइमेट संकट से बचाव, अफगानिस्तान में स्थिरता और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि पाकिस्तान में विदेशी निवेश का सबसे बड़ा योगदान अमेरिका का है। साथ ही पाकिस्तान का सबसे बड़ा निर्यात बाजार भी है। भारत से दोस्ती का दंभ भरने वाले अमेरिका ने पाकिस्तान को आतंकी पालने पर कभी भी सख्त कार्रवाई नहीं की। इसके विपरीत भारत की तरक्की और परमाणु क्षमता अमेरिका को तब तक खटकती रही, जब तक भारत ने दोनों क्षेत्रों में विश्व में अपना लोहा नहीं मनवा दिया। भारत ने चाबहार पोर्ट को लेकर ईरान के साथ समझौता किया है। इससे भारत को ओमान की खाड़ी में स्थित इस रणनीतिक पोर्ट का संचालन अधिकार 10 साल के लिए मिल गया है। लेकिन इस समझौते को अमेरिका ने नापंसद कर दिया। अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी जारी की। हालांकि, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका को दो टूक जवाब दे दिया और कहा कि अमेरिका अपनी सोच बड़ी करे, क्योंकि इस योजना से पूरे क्षेत्र को फायदा होगा। वैसे ये पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी है। बल्कि, 50 साल पहले जब भारत ने पोकरण में पहला परमाणु परीक्षण किया था, तब अमेरिका ने 30 सालों के लिए भारत पर प्रतिबंध लगा दिया था। भारत ने इन प्रतिबंधों की परवाह किए बगैर तरक्की का रास्ता जारी रखा। भारत सैन्य प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो गया। इसके बाद व्यापारी अमरीका को लगने लगा कि इन प्रतिबंधों से अमेरिका को ही घाटा हो रहा है, तब जाकर इनको हटाया गया।

सही मायने में अमेरिका भारत को बराबरी का दर्जा देने से गुरेज करता रहा है। अमेरिका का प्रयास यही रहा है कि भारत को पाकिस्तान के समकक्ष रखा जाए। भारत ने हर क्षेत्र में अपनी तरक्की से अमेरिका के ऐसे प्रयासों को हमेशा झटका दिया है। ऐसे में अमेरिका से कभी भी उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह पहलगाम में हुई आतंकी घटना के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान को दंडित करेगा। भारत को अपने बलबूते ही ऐसी वारदातों से निपटने और पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए दूरगामी नीति अपनानी होगी।

### राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने ड्रग फ्री चंडीगढ़ पदयात्रा में की शिरकत

# समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने के लिए नशे का करें त्याग : बंडारू दत्तात्रेय

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 मई।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने और चंडीगढ़ को भारत का पहला ड्रग-फ्री शहर बनाने के उद्देश्य से आज शनिवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित तिरंगा पार्क में ड्रग फ्री चंडीगढ़ के लिए पदयात्रा का आयोजन किया गया। वॉक का नेतृत्व पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीग् के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने किया।

हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो न केवल व्यक्ति को, बल्कि उसके परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को खोखला करती है। यह हमारे युवाओं की ऊर्जा, उनकी प्रतिभा और उनके सपनों को छीन लेती है। राज्यपाल ने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को इसके खतरों के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज की यह वॉकथॉन समाज में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन लोगों को नशे से दूर रहने व समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। राज्यपाल ने हरियाणा और पंजाब दोनों राज्यों की सरकारों को नशे के खिलाफ एक संयुक्त नीति बनाकर कार्य करने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि नशे की समस्या से निपटने के लिए हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेत्तृव में अनेक कदम उठा रही है। सरकार ने पंचकूला में एक अन्तर्राज्यीय ड्रग सचिवालय की स्थापना की है। इसके साथ ही एंटी नारकोटिक्स सैल्स भी स्थापित किए गए हैं। मादक पदार्थों से सम्बन्धित मामलों की जल्द सुनवाई तथा सजा सुनिश्चित करने हेतु राज्य के सभी जिलों में फास्ट्रैक न्यायालयों की स्थापना की जा रही है।

हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने ड्रग फ्री चंडीगढ़ पदयात्रा के दौरान सभी पत्रकारों व मीडिया कर्मियों को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जंग में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। मीडिया समाज में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लोगों में जागरूकता पैदा करता है।

समारोह में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने सभी प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिलवाई। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान, हरियाणा के सहकारिता मंत्री अरविन्द शर्मा, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, पंजाब के राज्य सभा सांसद सतनाम संधू व विक्रमजीत सिंह, पंजाब के रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, पूज्य जैन आचार्य लोकेश मुनि सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी पदयात्रा में भाग लिया।

# राइस मिल में लगी आग से करोड़ों की जीरी, चावल व बारदाना जलकर राख

**फायर बिग्रेड की 8 गाड़ियां और 3 जेसीबी मशीनें रात भर करती रही आग बुझाने के प्रयास**

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**सीवन, ढांड, पूंडरी, राजौंद, कलायत से भी बुलाई फायर बिग्रेड की गाडियां :** इस बारे में जब फायर आफिसर उत्कर्ष से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जैसे ही आग लगने की सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे। मौके पर जाकर देखा तो आग ज्यादा फैल रही थी। इसके बाद उन्होंने आसपास के स्टेशन सीवन, ढांड, पूंडरी, राजौंद, कलायत पर फोन किया और वहां से फायर बिग्रेड की गड्यिों को बुलाया गया। विभाग की आठ गाडियों ने पूरी रात लगातार आग बुझाने का काम किया। आग ज्यादा लगी होने के कारण जेसीबी मशीन की मदद से दीवारों को भी गिराया गया। फायर आफिसर उत्कर्ष बताया कि गनीमत यह भी रही कि उन्हें आग बुझाने के लिए पानी राइस मिल के बाहर ही मिल गया जिससे उन्हें आग बुझाने में काफी आसानी रही।

**कैथल, 3 मई।** निकटवर्ती गांव बरोट में बीती रात करीब 9 बजे जीविशा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में बिजली के शॉट सर्किट से आग लग गई जिससे करोड़ें रुवए की जीरी, चावल व बारदाना जलकर स्वाह हो गया। आग की लपटों की आंच 100 फुट दूर तक महसूस की गई। मिल मालिक अमरजीत छाबड़ा के अनुसार इस आग से पांच से छह करोड़ का नुकसान हुआ है। आग इतनी भंयकर थी कि फायर बिग्रेड की आठ गाडियां रात भर आग पर काबू पाने में जुटी रही। वहीं 3 जेसीबी मशीनों द्वारा गोदाम की दीवारों को गिराया गया। आगजनी की सूचना पाकर ढांड के नायब तहसीलदार अचिन स्टाफ सहित मौके पर पहुंचे और सहायता कार्यों में जुटे। मौके पर पटवारी भूप सिंह, ढांड पुलिस के एएसआई बलजोर सिंह व 7-8 पुलिसकर्मी तैनात रहे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर एंबुलेंस भी पहुंची। नायब तहसीलदार अचिन ने बताया कि जैसे ही उन्हें जैसे ही अगजनी की सूचना मिली वे मौके पर पहुंचे और इसके बाद में संबंधित विभाग को सूचना दे दी गई। आगे की कार्यवाई की जा रही है, रात 11 बजे एक्सियन पूंडरी को फोन कर रुरल फीडर लाईट चलवाई गई जिससे फायर ब्रिगेड की गाडियों को बिना रुके पानी मिलता रहा व आग पर काबू पाने में काफी सहायक रही। मिल में लगी आग के कारण हुए नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए मील मालिक अमरजीत छाबड़ा ने बताया कि अगजनी के कारण उनका करोड़ा का नुकसान हो गया है। इसमे उनकी बासमती जीरी व चावल बारदाना सभी व गोदाम इत्यादि तकरीबन 5-6 करोड़ का माल जलकर राख हो गई इस सब में उन्होंने कहा की यह भी परमात्मा का शुक्र है कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### आईजी स्कूल में अंतर सदन नृत्य प्रतियोगिता आयोजित




**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** इंदिरा गांधी पब्लिक स्कूल में कक्षा एक से कक्षा चार तक के बीच में अंतर सदन नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चारों हाउस ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यजुर्वेद हाउस के बच्चे विजेता रहे। स्कूल के अध्यक्ष जेबी खुरानिया और स्कूल की प्रधानाचार्या रंजु गुप्ता ने बच्चों की बहुत प्रशंसा की। स्कूल में समय समय पर ऐसे आयोजन करने के लिए अध्यापिकाओं की भी प्रधानाचार्या ने बहुत प्रशंसा की।

### स्वास्तिक ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जीता गोल्ड



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** देश भर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल एवं न्यू जयराम सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने संस्कार भारती द्वारा आयोजित माता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशती जन्म जयंती पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में करीब 120 विद्यार्थियों ने उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रकट करते हुए पोस्टर बनाए। इस प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं के छात्र स्वास्तिक को गोल्ड मैडल, स्मृति चिन्ह और 1500 रुपए की नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। जबकि समर, नैतिक, रूप प्रीत, कनिका, रिदम और प्रत्यक्ष को भागीदारी प्रमाण पत्र और मैडल दिए गए। श्री गुलजारीलाल नंदा स्मारक में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश विमुक्त घुमंतू जाति विकास बोर्ड के चेयरमैन जयपाल सिंह रहे। श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में पहुंचने पर प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ना है। साथ ही में छिपी योग्यता और प्रतिभा को बाहर निकलना है।

## नंगल बांध के कंट्रोलिंग स्टेशन पर ताला लगवाना संघीय ढांचे पर चोट : अनिल तंवर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 3 मई।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा नंगल बांध के कंट्रोलिंग स्टेशन पर ताला लगवाने की कड़ी निंदा करते हुए इनेलो के जिला अध्यक्ष अनिल तंवर क्योडक् ने कहा कि यह संघीय ढांचे पर चोट है और एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए मुख्यमंत्री भगवंत मान पर मुकदमा दर्ज कर इस पूरे मामले की जांच सीबीआई द्वारा करवाई जानी चाहिए। देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जब हिमाचल से आए पानी पर पंजाब के मुख्यमंत्री ने ताला लगाया है। केंद्र सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करके इस स्थिति को अपने हाथ में लेना चाहिए। बीबीएमबी में तुरंत अर्धसैनिक बल मुहैया करवाकर पंजाब पुलिस को बीबीएमबी से वापिस भेजे जाएं। साथ ही बीबीएमबी में हरियाणा सरकार की तरफ से तकनीकी सदस्य की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से की जाए। अगर जल्द ही केंद्र सरकार ने स्थिति को नियंत्रित नहीं किया तो कानूनी स्थिति बिगड़ सकती है। हरियाणा में चारों तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा का पानी रोके जाने पर इनैलो द्वारा 5 मई को जवाहर पार्क से प्रदर्शन किया जाएगा। अनिल तंवर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में कहा था कि हरियाणा को उसके हक का पानी देंगे। अब हरियाणा में चुनाव हारने के बाद पानी देने से इंकार करके हार की खीज मिटा रहे हैं। जहां आप, कांग्रेस और भाजपा पंजाब में हरियाणा को पानी न देने के मामले में एकमत हो गई हैं वहीं हरियाणा के लोगों के सामने पंजाब से अपना हक लेने का ढोंग करती है।

## सांसद ने दीक्षांत समारोह में छात्राओं को उपाधियां प्रदान की

### चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 3 मई।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड में अध्यक्ष चौ. तेजवीर सिंह के संरक्षण एवं प्रचार्या डॉ संगीता शर्मा के कुशल मार्गदर्शन अध्यक्षता में भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं शिक्षाविद् नवीन जिन्दल की विशेष उपस्थिति ने समारोह की शोभा को द्विगुणित कर दिया। सांसद नवीन जिंदल व चौ. तेजवीर सिंह ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद मॉ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. निशी तुली रही। कार्यक्रम की सह संयोजिका डॉ. सुनीता गुप्ता ने मंच का संचालन किया। सांसद नवीन जिंदल ने दीक्षांत समारोह में छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि दीक्षांत एक अंत नहीं, एक नई शुरुआत है, आगे बढ़ो, सपनों को सच कर दिखाओ जीवन में ऊंचाइयों को छूना है आत्मविश्वास परिश्रम और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य को पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छात्राएं देश का भविष्य है और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में बी.ए., बी.कॉम., एम.ए. एवं एम.कॉम.की छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई। छात्राओं के चेहरे पर आत्मविश्वास एवं गर्व की झलक स्पष्ट दिखाई दे रही थी। यह क्षण उनके शैक्षणिक जीवन का स्वर्णिम अध्याय बन गया। सांसद जिंदल ने कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. ईश्वर सिंह द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। आज हजारों छात्राएं कालेज में शिक्षा ग्रहण देश, प्रदेश के साथ अभिभावकों का नाम रोशन कर रही है।

### प्रेरणा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों ने मनाया विश्व प्रेस दिवस

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** विश्व प्रेस दिवस पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए लेकिन प्रेरणा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों द्वारा विश्व प्रेस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम अपने आप में विशेष था। इस मौके पर प्रेरणा वृद्धाश्रम में विश्व प्रेस दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी में लेखकों एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर चुके बुजुर्गों ने भी अपने अनुभवों के साथ विचार सांझा किए। करीब पांच दशक से पहले के समाज की स्थिति एवं वर्तमान में समाज की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। विचार गोष्ठी में पहुंचे विद्वानों एवं वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने प्रेस की स्वतंत्रता बारे अपने विचार रखे एवं प्रेस की महत्ता को बताया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा की प्रेस की स्वतंत्रता हमारे अधिकारों की रक्षा के लिए अति आवश्यक है। पत्रकारिता ही स्वतंत्र ना रही तो आम नागरिक के अधिकार भी कभी सुरक्षित नहीं रह सकते हैं।

## सलाम उन जवानों को जो खुद सो गए वतन को जगाकर : रवि भूषण

### एसएस बाल सदन स्कूल के छात्रों ने दी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 3 मई।** एसएस बाल सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पहलगांव में हुए अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि दी गई। मां भारती के सम्मुख 28 मोमबत्ती जला पुष्प अर्पित किए गए। स्कूली छात्रों द्वारा 28 लोगों की मौत पर गहरा दुख प्रकट किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए एसएस सोसाइटी के चेयरमैन रवि भूषण गर्ग ने कहा कि 28 लोग भारत मां के अमर शहीद हैं जिन्होंने बिना किसी कारण के अपने प्राणों की आहुति दी। इन अमर शहीदों की याद में गर्ग ने कहा सलाम उन जवानों को जो खुद सो गए वतन को जगा कर, जो खुद सो गए, वो हिंदू थे सिख थे, मुसलमान थे, सलाम उनको हिंदू की वो संतान थे, जो मांगों को, सिंदूर को धो गए। वतन को जगा कर जो खुद सो गए, वो थे लाड से अपनी मांओ के पाले, मगर हो गए गोलियों के हवाले जुदा हो के हमसे अमर हो गए। गर्ग ने कहा कि देश का बच्चा बच्चा चाहता है कि पाकिस्तान से उसी की भाषा में बदला लिया जाए। कूटनीति एवं सैन्यवल के पूरा पाकिस्तान का नाम संसार के नक्शे से मिटाना चाहिए। लाहौर पर हमारे देश की आन बान और शान का झंडा फहराह देना चाहिए, तभी उन अमीर शहीदों की आत्मा को शांति मिलेगी। इस अवसर विद्यालय की प्रधान राजरानी गर्ग, प्रधानाचार्य हिमांशु गर्ग, कुसुमलता, तृप्ता शर्मा, मधु, मोनिका साराण, पूजा सोनी, सोनम भाटिया, सिमरन सैनी, नेहा, सुरेंद्र सिंह, सुमित्रा, सुदेश, शैली, डिंपी, दीपिका, ज्योति, कंचन, केशव मोहन, लकी, जयप्रकाश, महीपाल, सरोज, सुदेश, अनारकली, राज कल्याण, अंजू आदि मौजूद रहे।

### संत महापुरुष जनहित एवं समाज कल्याण के लिए ही कठोर तप करते हैं: महंत

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** तीर्थों की संगम स्थली कुरुक्षेत्र के जग ज्योति दरबार में चल रही कठोर पंच धूणी अग्नि तपस्या के दर्शनों के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की आस्था एवं भक्ति भाव देखने ही बनता है। शनिवार को जब महंत राजेंद्र पुरी पंच धूणी अग्नि के बीच तप कर रहे तो श्रद्धालुओं ने भजन संकीर्तन किया। भजनों में श्रद्धालुओं की मस्ती भी देखते ही बनती थी। इस अवसर पर महंत राजेंद्र पुरी ने भी भगवान श्री राम, माता सीता एवं गौ माता का भजनों में गुणगान किया। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि विश्व शांति, मानव कल्याण एवं भारत वर्ष की मजबूती के लिए उनकी भीषण गर्मी में अखंड पंच धूणी अग्नि तपस्या जारी है। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि नौतपा की अवधि के दौरान अग्नि तपस्या और भी कठोर होगी। इन नौ दिनों में सूर्य के पृथ्वी के बहुत निकट रहने के कारण गर्मी बहुत ब?ती है। उन्होने बताया कि नौतपा के दिनों में जहां संत महापुरुष जनकल्याण के लिए कठोर तप करते हैं वहीं बुजुर्ग व संत अधिक से अधिक वृक्षारोपण की प्रेरणा भी देते हैं।

## प्रधानमंत्री के हाथों में आज देश सुरक्षित : प्रवीण प्रजापति

**जातिगत जनगणना के फैसले के लिए ओबीसी मोर्चा ने जताया पीएम का आभार**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 3 मई।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रजापति ने पत्रकारों के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जातिगत जनगणना के फैसले के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के हाथों में आज देश सुरक्षित है और निरंतर प्रगति के नये आयाम छू रहा है। केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराये जाने का निर्णय लिया जाना, सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। इस निर्णय से देश के सभी वर्गों में खुशी है। खास तौर पर उन वर्गों में जो शोषित और वंचित रहे, अब जाति जनगणना से सटीक आंकड़ों के माध्यम से पिछड़े वर्ग, अति पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति, जन जाति के वर्गों के सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण के नये मार्ग खुलेंगे। इससे किसी भी समुदाय के हितों को नुकसान पहुंचाए बिना आरक्षण के निष्पक्ष कार्यान्वन का रास्ता खुलेगा। प्रधानमंत्री ने पूर्व में भी एतिहासिक निर्णय लेकर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए बहुत सी योजनाओं की घोषणा की है और उनको धरातल पर उतारकर लोगों को सशक्त बनाया। इस अवसर पर जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा शमशेर सैनी, सुरेंद्र जांगड़ा, सोनू सैनी सरपंच, जोगिंदर धीमान, श्याम लाल, कली राम, सुशील सैनी उपस्थित रहे।

# सरकारी फंड का ठीक ढंग से प्रयोग सुनिश्चित करें अधिकारी : नवीन जिंदल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 3 मई।** सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि किसी भी योजना में सरकारी फंड का प्रयोग ठीक ढंग से किया जाए, ताकि पात्र लोगों को उस योजना का लाभ मिल सके और धरातल पर सरकार का योजना को लागू करने का उद्देश्य भी सार्थक हो सके। साथ ही काम की गुणवता से कोई समझौता न किया जाए। जो जरूरी कार्य हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाए। सांसद नवीन जिंदल शनिवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उनके साथ विधायक पूंडरी सतपाल जांबा, जिला भाजपा अध्यक्षा ज्योति सैनी, डीसी प्रीति सहित जिले भर के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। सांसद ने तीन चरणों में बैठक ली। जिसमें अलग-अलग विभागों से जुड़ी 41 योजनाओं के तहत हुए कार्यों की जानकारी ली और एक-एक एजेंडे पर चर्चा करते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि देश की तरक्की में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड? का अहम रोल होता है। सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में इन विषयों पर विशेष ध्यान दें। इसी प्रकार मनरेगा योजना का सही से क्रियान्वय करने के लिए भी सुझाव दें, ताकि लोगों को रोजगार मिलने के साथ-साथ कार्य भी सही प्रकार से हो। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परंपरागत खेती की बजाए जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए और इसके लिए किसानों को मार्केट भी उपलब्ध करवाने का प्लान तैयार किया जाए। फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर भी आवश्यक कदम उठाए जाएं। सांसद नवीन जिंदल ने विद्यार्थियों में स्किल बढ़ाने को लेकर भी योजना तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो गांव जगमग योजना में नहीं शामिल हो रहे हैं, उन्हें योजना के लाभ बताएं। उन्हें समझाएं कि अगर आप इस योजना में शामिल होते हैं तो अन्य गांवों की तरह उन्हें भी 24 घंटे बिजली उपलब्ध हो सकती है, जिससे ग्रामीणों को फायदा होगा। सांसद की टीम द्वारा जुटाई गई जानकारी के आधार पर गांव किठाना, राजौंद, मटौर, खरकां से चीका रोड की फोटो दिखाते हुए इन्हें दुरूस्त करने के निर्देश दिए। डीसी प्रीति ने बैठक में विभिन्न विभागों के आपसी तालमेल के साथ योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियांवित करने की जानकारी दी। उन्होंने सांसद नवीन जिंदल को बैठक में उठे विभिन्न मुद्दो पर कार्रवाई कर लोगों को लाभ पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# करनाल अनाज मंडी में गेहूं की बोरियों की सिलाई में निकला घोटाला

## आढ़तियों ठेकेदार और अफसरों की मिलीभगत से अंजाम दिया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 3 मई।** करनाल की अनाज मंडी में सरकारी गेहूं के कट्टों की सिलाई को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है। सरकार की ओर से पारदर्शिता के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मंडी में आढ़तियों ने सरकार से प्रति कट्टा सिलाई के लिए 2 रुपए 12 पैसे लिए, लेकिन मजदूरों को और ठेकेदारों को महज एक रुपया प्रति कट्टा दिया गया। करनाल मंडी में अब तक करीब 26 लाख कट्टों की सिलाई हो चुकी है।

ऐसे में लाखों रुपए का घोटाला सामने आया है, जिसमें बाकायदा मंडी प्रधान और आढ़तियों की आपसी एडजस्टमेंट से पैसा डकार लिया गया।सिलाई का ठेका लेने वाले चंद्रवली यादव ने बताया कि वे और उनके पार्टनर अहमद चौधरी करनाल, मुनक, निगदू और पिल्लुखेड़ा मंडी में सिलाई का काम कर रहे हैं। करनाल मंडी में अब तक 30 लाख कट्टों की आवक हुई है, जिनमें से 26 लाख से अधिक कट्टों की सिलाई हो चुकी है। इस काम के लिए उन्होंने लगभग 100 कर्मचारियों को लगाया और 120 सिलाई मशीनें लेकर आए। चंद्रवली का कहना है कि एक कट्टे की सिलाई का रेट एक रुपया दिया गया, जबकि सारा मटेरियल, जिसमें धागा, मशीन और लेबर उनकी ओर से था। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक उन्हें सिर्फ 7 से 8 लाख रुपए ही मिले हैं, बाकी पैसे लेने के मंडी की पंचायत में होती है बोली, प्रधान का अहम रोल चंद्रवली ने यह भी खुलासा किया कि मंडी में जब ठेका मिलता है, तो आढ़तियों की पंचायत होती है। जिसमें 5-7 ठेकेदार हिस्सा लेते हैं। इनमें बोली लगती है और मंडी एसोसिएशन प्रधान सुरेंद्र त्यागी का इसमें मुख्य रोल होता है।

वही तय करते हैं कि किसे ठेका देना है और कितना रेट देना है। मंडी प्रधान बोले- बचा पैसा आढ़ती के पास ही जाता है जब इस सिलसिले में मंडी प्रधान सुरेंद्र त्यागी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि इस बार सिलाई का काम अच्छे से हुआ है और 85 मजदूर लगाए गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि पिछली बार कुछ दिक्कतें आई थीं, इसलिए ठेकेदार को बदल दिया गया था।लेकिन जब उनसे पूछा गया कि सरकार से तो 2 रुपए 12 पैसे प्रति कट्टा मिलते हैं, फिर ठेकेदार को सिर्फ एक रुपया क्यों दिया गया, तो वह कोई सीधा जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने तर्क दिया कि यह तो शुरू से ही होता आ रहा है और आढ़ती ही ठेकेदार तय करते हैं, सरकार से कोई ठेकेदार नहीं आता।

सरकार को नहीं, पैसा आढ़ती को ही जाता है जब यह सवाल उठा कि 2.12 रुपए में से एक रुपया दिया गया तो बचा हुआ पैसा कहां गया, तो मंडी प्रधान ने जवाब दिया कि वह पैसा सरकार के पास नहीं जाता, बल्कि आढ़ती के पास ही आता है और वही उसे रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सीजन के अनुसार एडजस्टमेंट हो जाती है। उदाहरण देते हुए बताया कि पिछली बार जीरी के सीजन में सिलाई में ज्यादा पैसे देने पड़े थे, जबकि सरकार की ओर से कम पैसे आए थे। इसी तरह लोडिंग में भी हमें 3.36 रुपए मिले थे और हमने 3.70 रुपए का रेट दिया, तो सिलाई के बचे पैसे वहां एडजस्ट हो गए।

गांव मौली में स्थापित हुआ कंट्रोल रूम, डीसीपी ने गांव का दौरा कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की

# 17 सीसीटीवी कैमरे और 5 बॉडी कैमरों के साथ पुलिस कर रही 24 घंटे निगरानी

जातिगत टिप्पणी या भड़काऊ पोस्ट पर होगी सख्त कार्रवाई, सोशल मीडिया पर विशेष तकनीकी टूल से नजर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** गांव मौली में पनपे तनाव को शांत करने के लिए पुलिस विभाग ने वहां अलग से एक कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया है। जातिगत विवाद और भड़काऊ बयानबाजी पर नकेल कसने के लिए नागरिकों को शिकायत करने के मकसद से यह कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। पिछले करीब 20 दिनों से गांव में फैली अराजकता को शांत करने के लिए शनिवार को डीसीपी हिमाद्रि कौशिक ने गांव का दौरा किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। मौली गांव में घुड़चढ़ी को लेकर हुए विवाद के बाद स्थिति को मद्देनजर पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज द्वारा गांव में गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे।

पूर्व में लगाए गए 12 सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाकर अब 17 कर दी गई है। इसके साथ ही 5 बॉडी कैमरे से लैस पुलिसकर्मी हर गतिविधि पर पैनी नजर रख रहे हैं। डीसीपी ने कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और तैनात पुलिस बल को सतर्क रहने के निर्देश दिए। इस मौके पर थाना रायपुररानी प्रभारी इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह, मौली चौकी इन्चार्ज सब इंस्पेक्टर रामकरण, सब इंस्पेक्टर राजबीर सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए गांव में लगभग 120 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जिनमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। सभी कर्मियों को दंगा विरोधी उपकरणों से लैस किया गया है। इसके अतिरिक्त, एक विशेष टियर गैस यूनिट भी तैयार रखी गई है, जो आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई करेगी। गांव में 5 स्थायी नाके स्थापित किए गए हैं, जहां पुलिस चौबीसों घंटे सतर्क निगरानी रख रही है।

### सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी

डीसीपी हिमाद्रि कौशिक ने स्पष्ट किया कि सोशल मीड़िया पर जातिगत टिप्पणियों, अभद्र भाषा या भड़काऊ सामग्री के प्रसार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विशेष तकनीकी टूल की सहायता से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की 24×7 निगरानी कर रही है। असामाजिक और शांति भंग करने वाले तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### डीसीपी ने की जनता से अपील

डीसीपी ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और प्रशासन का सहयोग करें। यदि किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। शांति बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# दो ड्रग तस्कर गिरफ्तार, सात किलो 222 ग्राम चरस बरामद



दोनों आरोपी मोहाली में किराए पर रहकर पंचकूला में करते रहे चरस सप्लाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमित दहिया की अगुवाई में ड्रग तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के नेतृत्व में एंटी नारकोटिक्स सेल ने चरस तस्करी के मामले में 2 युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान विशाल धीमान (29) निवासी जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश हाल किरायेदार बलटाना व अभिषेक ठाकुर (24) के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूत्र से सूचना मिली थी कि हिमाचल प्रदेश के रहने वाले 2 लड़के अभी बलटाना जिला मोहाली पंजाब में किराए का मकान लेकर चरस तस्करी का काम करते है। वे अपनी कार में इंडस्ट्रियल फेस-1 सेक्टर-19 में ग्रीन बेल्ट के पास किसी ग्राहक को चरस सप्लाई करने जायेंगे। एंटी नारकोटिक्स सेल इन्चार्ज प्रवीण कुमार ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दबिश करते हुए दोनों लड़को को काबू किया। आरोपियों आउट गाड़ी की तलाशी लेने पर 7 किलो 222 ग्राम चरस बरामद की।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि दोनों हिमाचल प्रदेश से चरस खरीदकर पंचकूला क्षेत्र में बेचते थे। दोनों के खिलाफ थाना सेक्टर-20 पंचकूला में एनडीपीएस की धारा 20ष्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आज दोनों को कोर्ट में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस द्वारा पूरे ड्रग नेटवर्क के बारे में पता किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दर्शन अकादमी कालका में मनाई गई इन्वेस्टर सेरेमनी




**कालका (जग्गी)।** दर्शन अकादमी कालका स्कूल में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2025 –26 इन्वेस्टर सेरेमनी का आयोजन किया गया । विद्यालय के बच्चों व अध्यापकों द्वारा हेड बॉय ,हेड गर्ल डिसिप्लिन इंचार्ज, स्पोर्ट्स इंचार्ज और हाउस इंचार्ज के लिए ऑनलाइन वोटिंग की गई। इसके पश्चात परिणाम घोषित किया तथा नवनिर्वाचित छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को बैच व स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया गया । आठवीं कक्षा के राजवीर को हेड बॉय और हिमांशी को हेड गर्ल चुना गया। सभी प्रतिनिधियों द्वारा अपने कर्तव्यों को ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करने की शपथ ली गई। विद्यार्थी परिषद के सभी सदस्यों द्वारा विद्यालय के प्रांगण में मार्च पास्ट निकाला गया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री निखिल खुराना जी ने विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को बधाई देते हुए बताया कि इन्वेस्टर सेरेमनी एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां नव निर्वाचित छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को कुछ भूमिकाएं और जिम्मेदारियां सौंप जाती हैं जिससे वे आगे चलकर एक बेहतर नागरिक और नेता बन सके। यह कार्यक्रम छात्रों को नेतृत्व, जिम्मेदारी व ईमानदारी के मूल्य सीखाता है।

### नॉर्दन रेलवे के महाप्रबंधक का कालका कारखाने में स्वागत



**कालका (अप्रस)।** नॉर्दन रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा के कालका कारखाने आगमन पर नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यूनियन की शाखा द्वारा शाखा मंत्री प्रदीप शर्मा एवं शाखा अध्यक्ष कमल कुमार के नेतृत्व में गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर यूनियन प्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक को कारखाने में व्याप्त प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि लगातार कर्मचारियों के रिटायर होने के बावजूद कालका वर्कशॉप में नई भर्तियां नहीं हो रही हैं, जिससे हैल्पर और क्लर्क जैसे पदों की भारी कमी बनी हुई है। इसके अतिरिक्त कालका रेलवे हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव भी जताया गया, जिसमें लैब टेस्ट, ब्लड जांच, शुगर जांच व एक्स–रे की सुविधाएं शामिल हैं। कोविड काल से बंद पड़ी रेलगाड़ियों को दोबारा शुरू करने की मांग भी रखी गई, ताकि चंडीगढ़ और अंबाला की ट्रेनों से कालका का सीधा लिंक स्थापित हो सके। यूनियन ने रेलवे कॉलोनी को मल्टी स्टोरी बनाने एवं रेलवे ग्राउंड को मिनी स्टेडियम में तब्दील करने की मांग भी रखी।

# 8 महीने बंद रहने के बाद फिर से शुरू हुआ आवारा कुत्तों की नसबंदी का काम

शहर में बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या पर लगेगा अंकुश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर ।** पिछले करीब 8 महीने से बंद पड़ा आवारा कुत्तों की नसबंदी करने के लिए बनाया गया अस्पताल शनिवार को फिर से शुरू हो गया है। इस अस्पताल में नसबंदी का काम शुरू करने के लिए एनओसी की जरूरत होती है जिसे कुछ महीने पहले अप्लाई किया गया था नियमों के अनुसार एनओसी अप्लाई करने के बाद नसबंदी का काम शुरू किया जा सकता था लेकिन नगर कौंसिल जीरकपुर तथा स्टेरलाइजेशन का ठेका लेने वाली कावा संस्था के आपसी तालमेल की कमी के चलते इस काम को शुरू नहीं किया जा सका। लेकिन अब कावा संस्था के पास एनओसी आने के बाद इस काम की शुरुआत हो चुकी है और नगर कौंसिल की टीम तथा कावा संस्था की टीम द्वारा आज शालीमार एनक्लेव ढकोली में से 9 आवारा कुत्तों को पकड़कर यहां पर लाया गया है। नियमों का पालन करते हुए इन कुत्तों की नसबंदी करके उसी जगह पर छोड़ा जाएगा जहां से इन्हें उठाया गया है। इन कुत्तों को पकड़ने के लिए सभी नियमों का पालन किया जा रहा है।

हमें आवारा कुत्तों की स्टेरलाइजेशन करने के लिए एनओसी मिल चुकी है। इसके बाद हमने आवारा कुत्तों की स्टेरलाइजेशन की प्रक्रिया शुरु कर दी है और नगर परिषद जीरकपुर की मदद से कुत्तों को पकड़ना शुरू कर दिया है।

**प्रदीप बजाज अधिकारी कावा संस्था जीरकपुर।**

# आनंद विहार बलटाना में बच्चों के खेलने तथा बुजुर्गों के बैठने के लिए छोड़ा प्लाट हो रहा अनदेखी का शिकार

बुजुर्गों के बैठने के लिए लगाए गए बेंच टूटे, पार्षद ने नगर कौंसिल को नहीं दी कोई सूचना



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर ।** बलटाना क्षेत्र में स्थित आनंद विहार कॉलोनी में एक सांझा प्लांट छोड़ा हुआ है जिसमें नगर परिषद द्वारा इंटरलॉक टाइल भी लगाई गई है और उसमें बुजुर्गों के बैठने के लिए कुछ बेंच भी लगाए गए थे। इस प्लाट में अक्सर कॉलोनी के बच्चे खेलते रहते हैं और यह बेंच बुजुर्गों के बैठने के लिए प्रयोग किए जाते थे। लेकिन अब इन बैंचों की हालत ऐसी हुई पड़ी है कि इनमें कोई बैठ भी नहीं सकता। यहां पर करीब तीन बेंच टूट कर बिखरे पड़े हैं जिसके चलते यहां पर शाम के समय आकर बैठने वाले बुजुर्गों की संख्या में भी कमी हुई है। आनंद विहार निवासी दीपक शर्मा,अंजू शर्मा, गंगा पांडे, नारायण झा, रामचंद्र आदि ने मांग की है के यहां पर लगे बैंचों को तुरंत बदलवाया जाए और यहां पर नई बेंच लगाए जाएं ताकि हमें यहां पर आकर कुछ पल एक दूसरे के साथ बैठकर बिता सके। इस संबंधी जब वार्ड 4 पार्षद सुनीता जैन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैंने इस संबंधी कोई भी शिकायत नगर कौंसिल जीरकपुर को नहीं दी है।

अगर हमें क्षेत्र के लोग तथा वार्ड पार्षद आकर अपनी मांग बताएंगे तभी हम उसका एस्टीमेट बनाकर वहां पर बेंच लगाएंगे। अभी तक हमारे पास कोई भी शिकायत नहीं आई है।

**अमनदीप जेई नगर कौंसिल जीरकपुर।**

# विधायक ने चार स्कूलों में 73.58 लाख रुपए की लागत के नए विकास कार्यों का किया उद्घाटन



अर्थ प्रकाश /संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर ।** डेराबस्सी के विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र जीरकपुर के अंतर्गत आने वाले चार स्कूलों में 73.58 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन कर विद्यार्थियों को समर्पित किया। इसके साथ ही विधायक रंधावा ने सरकारी प्राइमरी स्कूल लोहगढ़ में विकास कार्यों के लिए 14 लाख रुपए की ग्रांट मंजूर करने की घोषणा की। शिक्षा समन्वयक गुरप्रीत सिंह विर्क ने आज विधायक रंधावा द्वारा विद्यार्थियों को समर्पित किए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। गांव छत्त के सरकारी एलीमेंट्री स्मार्ट स्कूल में 11 लाख 35 हजार रुपए की लागत से आधुनिक क्लासरूम व अन्य कार्य, गांव शताबगढ़ के सरकारी एलीमेंट्री स्मार्ट स्कूल में 20 लाख 71 हजार रुपए की लागत से चारदीवारी खेल मैदान के लिए नया ट्रैक बनाया गया। गांव लोहगढ़ के पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल में 26 लाख 52 हजार रुपए,सरकारी प्राथमिक विद्यालय में 15 लाख की लागत से निर्मित चार आधुनिक कक्षा-कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला एवं अन्य विकास कार्य विद्यार्थियों को समर्पित किए गए। विधायक रंधावा ने कहा कि जब वह स्कूलों का दौरा करते हैं और नए कमरे, स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर और साइंस लैब, स्वच्छ पेयजल सुविधाएं, खेल के मैदान आदि देखते हैं, तो पंजाब की भगवंत सिंह मान सरकार का सबसे बड़ा आभार वहां पढ़ने वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखना होता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का एकमात्र लक्ष्य पंजाब के सरकारी स्कूलों की सूरत को निजी स्कूलों से बेहतर बनाना और सरकारी शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुविधाएं प्रदान करना है। इस अवसर पर इन स्कूलों के अध्यापकों के अलावा क्षेत्र के पंच, सरपंच और मोहतबर तथा आम आदमी पार्टी की पूरी टीम मौजूद थी।

# 'आईवीएफ उपचार और प्रजनन सेवाओं में अग्रणी' किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर।** कोरे फर्टिलिटी सेंटर, ढकोली, जिरकपुर की निदेशक डॉ. निताशा गुप्ता को 'आईवीएफ उपचार और प्रजनन सेवाओं में अग्रणी' श्रेणी में प्रतिष्ठित एक्सीलेंस इन हेल्थकेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह 26 अप्रैल 2025 को नोवोटेल, चंडीगढ़ में आयोजित हुआ, जहां यह सम्मान पंजाब के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान ट्राइसिटी क्षेत्र में डॉ. गुप्ता के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। डॉ. निताशा गुप्ता ने उन्नत प्रजनन उपचारों में लगातार नई ऊंचाइयों को छूते हुए सहानुभूतिपूर्ण देखभाल और अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों का सुंदर समन्वय किया है। उनकी निरंतर प्रतिबद्धता ने अनगिनत दंपतियों को माता-पिता बनने का सपना साकार करने में मदद की है, जिससे कोरे फर्टिलिटी सेंटर ने पूरे क्षेत्र में एक विश्वसनीय पहचान बनाई है। कोरे की इस उपलब्धि में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ा जब कोरे फर्टिलिटी टीम के एक अहम सदस्य, डॉ. राहुल गहलोत को 'रीजन के अग्रणी एम्ब्रायोलॉजिस्ट' का खिताब मिला। भ्रूण विज्ञान में उनकी सफलता और नवीनतम विशेषज्ञता ने सेंटर में रोगियों के लिए उच्च सफलता दर सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है। डॉ. निताशा गुप्ता और डॉ. राहुल गहलोत मिलकर अनगिनत परिवारों के लिए आशा की किरण बने हैं और प्रजनन चिकित्सा में नई परिभाषाएं गढ़ी हैं। उनकी ये उपलब्धियां न केवल व्यक्तिगत स्तर पर महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ट्राइसिटी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा की उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक मील का पत्थर भी हैं।

### एस.ए. खान बने चंडीगढ़ सेक्टर 16 हॉस्पिटल के मेंबर कमेटी के सदस्य, सांसद मनीष तिवारी का जताया आभार



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** स्टेट कांग्रेस कमिटी चंडीगढ़ के महासचिव एस.ए. खान को चंडीगढ़ सेक्टर 16 के गवर्नमेंट मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल जी एम एस एच सेक्टर 16 की मेंबर कमेटी में शामिल किया गया। इस अवसर पर एस.ए. खान ने उन्हें यह जिम्मेदारी दिलाने के लिए चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रधान एच .एस लकी का तहे दिल से धन्यवाद किया। एस.ए. खान ने कहा कि वह मेंबर कमेटी में रहकर मरीजों की सुविधाओं अस्पताल के संचालन और जरूरतमंदों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाएंगे और समाधान की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे । उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति न केवल उनके लिए गर्व की बात है बल्कि एक बड़ी जिम्मेवारी जिम्मेदारी भी है जिसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

# गिरने की कगार पर खड़ा है बिजली का खस्ता हाल खंभा

बिजली की तारों का जाल बन सकता है बड़े हादसे का कारण



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर ।** बलटाना क्षेत्र में स्थित बधावा नगर में बिजली का एक खंभा बहुत खस्ता हाल में खड़ा है और उसके चारों तरफ बिजली की तारों का जाल भी बना हुआ है जोकि एक बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इस खंबे के साथ दुकान की एक दीवार होने के कारण यह खंबा उसी दीवार के सहारे खड़ा हुआ है। इसके बिल्कुल साथ कपड़े की दुकान भी है। साथ वाली कपड़े की दुकान के दुकानदार वरुण द्वारा भी चिंता जताई जा रही है कि अगर इस खंबे तथा बिजली की स्पार्किंग के कारण मेरा किसी भी प्रकार का नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। क्षेत्र निवासियों सुनीता देवी, प्रवीण शर्मा, सुनील वरुण आदि ने कहा कि बिजली विभाग को ऐसे बिजली के खंभे की तरफ ध्यान देते हुए इसे जल्द से जल्द बदल जाना चाहिए ताकि किसी हादसे से बचा सके। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस खंबे के नीचे से तारे निकल चुकी हैं और खंभे का सारा सीमेंट झड़ चुका है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इसकी शिकायत कई बार बिजली विभाग के कर्मचारियों को दी जा चुकी है परंतु बिजली विभाग के कर्मचारियों के सर पर जूं नहीं रेंगती और विभाग के कर्मचारी किसी बड़े हादसा होने का इंतजार कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग को जल्द से जल्द नया खंबा लगाने की मांग की है।

हमें इस खस्ताहाल खंबे के बारे में जानकारी नहीं थी अब आपके माध्यम से हमें इसकी जानकारी मिली है। सोमवार को मौका देखकर जल्द से जल्द इस खंबे को बदलने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**आशीष कुमार जेई बिजली विभाग**

### 'ऑन दी साइड ओफ ह्यूमैनिटी' का किया सफल आयोजन

**कालका (अप्रस)।** राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या डॉक्टर गीता सुखीजा के कुशल नेतृत्व में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में 'ऑन दी साइड ओफ ह्यूमैनिटी' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन रेड क्रॉस समिति की प्रभारी डॉक्टर कविता बल्हारा के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में किया गया। प्रस्तुत प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की शबाना, द्वितीय स्थान बीकॉम द्वितीय वर्ष की रिया और तृतीय स्थान एमकॉम द्वितीय वर्ष की दीक्षा गोयल ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों के स्लोगन पोस्टर को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में भेजा जाएगा।

# नीट परीक्षा को शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से सपन्न करवाने के लिए प्रशासन की तैयारी पूरी : डॉ. मनोज कुमार

**परीक्षा केंद्रों पर दो चरणों में होगी फ्रिस्किंग, अभ्यर्थियों को केवल सीमित सामग्री लाने की अनुमति**

**एनटीए द्वारा नीट (यूजी)-2025 परीक्षा को लेकर जारी किए गए दिशा-निर्देश**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** रविवार को होने वाली नीट की परीक्षा की तैयारी प्रशासनिक स्तर पर पूरी कर ली गई है। जींद में पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें करीब 2500 परीक्षार्थी भाग लेंगे। इस परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण करवाने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं और इस बात को सुनिश्चित किया है कि किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी परीक्षा में न हो पाए। जींद में नीट परीक्षा को लेकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छोटू राम किसान कॉलेज, इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी महिला कॉलेज, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को केंद्र बनाया गया है।

## पोल्ट्री फार्म के युवक लगाई फांसी, मौत

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 3 मई।** करनाल के झिंझरी गांव में पोल्ट्री फार्म पर काम करने वाले युवक ने शुक्रवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान 30 वर्षीय अमित कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह अपनी पत्नी के साथ फार्म हाउस पर रहकर काम करता था। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच अक्सर अनबन रहती थी और शुक्रवार देर रात भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इस झगड़े के बाद पत्नी गुस्से में घर से चली गई, जिसके बाद अमित ने यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों ने फंदे पर लटका देखा शव पोल्ट्री फार्म के अन्य अल सुबह कर्मचारियों ने जब युवक को फंदे पर लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेजा। आज दोपहर को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मायके गई है पत्नी, लौटने पर होगी पूछताछ जांच अधिकारी एसआई तरसेम ने बताया कि मृतक अमित कुमार का अपनी पत्नी के साथ अक्सर विवाद होता रहता था। घटना के दिन भी झगड़े के बाद पत्नी अपने मायके चली गई थी। फिलहाल वह गांव में मौजूद नहीं है। जब वह लौटेगी तो उससे पूछताछ की जाएगी। परिजनों की शिकायत पर होगी कार्रवाई पुलिस का कहना है कि घटना की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## 10 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**रोहतक (सुकरमपाल)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्राधिकरण की अध्यक्षता नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में 10 मई 2025 को स्थानीय न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का स्थाई निपटारा किया जाता है तथा इस अदालत के निर्णय के विरुद्ध किसी भी ऊपरी अदालत में अपील नहीं की जा सकती है। लोक अदालत में मामलों का निपटारा संबंधित पार्टियों की सहमति से किया जाता है, जिसमें न तो किसी पार्टी की जीत होती है और न ही किसी पार्टी की हार होती है। लोक अदालत के माध्यम से मामले निपटने में समय व धन की बचत होने के साथ-साथ आपसी भाईचारा की भावना भी प्रबल होती है।

## बच्चों एवं युवाओं को महापुरूषों की जीवनी से करवायें अवगत: पूर्व विधायक डा. पवन सैनी

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 3 मई।** नारायणगढ़ की अहलूवालिया बिरादरी द्वारा सिख इतिहास के महान योद्धा एवं समाज सुधारक सुलतान उल कौम महाराजा जस्सा सिंह अहलूवालिया जी की 307 वीं जयंती हर्षोउल्लास व श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बिरादरी के लोगों, स्थानीय नागरिकों एवं विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।

जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में महाराजा जस्सा सिंह अहलूवालिया जी को नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया और उनके योगदान को आज के युग में भी प्रासंगिक बताया।

उन्होंने कहा कि महान योद्धा, धर्म रक्षक व सिख कौम के गौरव महाराजा जस्सा सिंह अहलूवालिया जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वे अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमें सदैव अपने महापुरूषों को याद रखना चाहिए और अपने बच्चों को उनकी जीवनी से अवगत करवाना चाहिए। जिससे कि उन्हें हमारे प्राचीन इतिहास, गौरवशाली संस्कृति और समाज एवं देश के प्रति उनके योगदान के बारे में जानकारी मिल सके।

उन्होंने कहा कि महाराजा जस्सा सिंह जी ने अपने अद्भुत साहस, संगठन शक्ति और निष्ठा से न केवल सिख समाज बल्कि समूचे भारतवर्ष के आत्मसम्मान की रक्षा की। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। ऐसे वीर पुरुष को स्मरण करना हमारी सांस्कृतिक विरासत और गौरवपूर्ण इतिहास से जुड़ने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनना उनके लिए अत्यंत सम्मान की बात है। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी को अहलुवालिया सभा के प्रधान मुकेश वालिया व बिरादरी के गणमान्य लोगों ने शिरोपा ओढाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## पुलिस ने शैक्षणिक स्थानों में छात्राओं को किया जागरूक

### दुर्गा शक्ति, डायल-112, सेल्फ डिफेन्स व गुड टच-बैड टच के बारे दी जानकारी

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 3 मई।** जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लड़कियों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया के मार्गदर्शन में पुलिस की टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानों मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को, विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इसी कड़ी में कार्य करते हुए सेफ सिटी की टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शादीपुर में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकारी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण भी दिया। लड़कियों को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम की ए. एस. आई. नीलम ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों की सूचना किसी भी थाना के महिला हैल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हेल्पलाइन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस तुरन्त करवाई करेगी है। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि महिला विरुद्ध अपराध पर रोक लग सकें। पुलिस टीम ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा साईबर अपराधों के बारे भी जागरूक किया तथा कॉलेज की छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप्प और डायल-112 एप्प डाउनलोड करवाकर उनके बारे में विस्तार से जानकरी दी।

## एसपीएसटीआई का ब्रह्मांड पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रचार के लिए कार्यरत संस्था सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया (एसपीएसटीआई) द्वारा 6 मई को एक विशेष सार्वजनिक ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। इस व्याख्यान का विषय लहरों से आकाशगंगाओं तक- हमारे ब्रह्मांड की कहानी को उजागर करने के लिए सुपर कंप्यूटर का उपयोग है। जानकारी देते हुए एसपीएसटीआई के अध्यक्ष धर्मवीर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं पूर्व मुख्य सचिव हरियाणा तथा संस्था की महासचिव प्रोफेसर कया धर्मवीर ने बताया कि संस्था का उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी को जन–जन तक पहुंचाना है और इस तरह के कार्यक्रम उसी दिशा में एक सार्थक प्रयास हैं। यह व्याख्यान प्रोफेसर आरिफ बाबुल द्वारा दिया जाएगा, जो विश्व प्रसिद्ध शोधकर्ता हैं और खगोलीय संरचना तथा आकाशगंगा निर्माण के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखते हैं। व्याख्यान में वे बताएंगे कि कैसे आधुनिक सुपर कंप्यूटर ब्रह्मांड की उत्पत्ति से लेकर आज तक की विकास यात्रा को समझने में वैज्ञानिकों की मदद कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर कुलविंदर पाल सिंह करेंगे, जो स्वयं खगोल भौतिकी के क्षेत्र में एक

## दो दिवसीय 'प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण' कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अंबाला, 3 मई।** पीकेआर जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल द्वारा दो दिवसीय 'प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण' कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। जिसमे पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ , पंचकुला और हिमाचल प्रदेश से लगभग 134 प्रशिक्षकों ने भाग लिया !कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों, संवाद कौशल, और प्रशिक्षण तकनीकों में दक्ष बनाना था ताकि वे छात्रों के सर्वांगीण विकास में अधिक प्रभावी योगदान दे सकें। आज अंतिम दिन दोनों समूहों का संयुक्त सत्र हुआ।सीबीएसई दिल्ली की उप सचिव मिस रमनदीप कौर ने एन ई पी 2020और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा के बारे में बहुमूल्य जानकारी और तथ्य दिए। दोपहर के भोजन के बाद पीपीटी मूल्यांकन कार्यक्रम हुआ जिसमें विभिन्न विषयों पर अलग-अलग टॉपिक पर स्प्रे डायग्राम दिए गए। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की मैनेजिंग कमेटी के प्रधान धर्मपाल जैन, मनोज जैन (वाइस प्रेजिडेंट) मनीष जैन (मैनेजर), अमन जैन (सेक्रेटरी), पंकज जैन (केशियर), अमित जैन, कशिश जैन, अमृतलाल जैन, वीरेंद्र जैन सभी प्रबंधक समिति सदस्यों ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया तथा सफल एवं अद्भुत आयोजन के लिए प्रबंधन टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा, 'एक कुशल प्रशिक्षक न केवल ज्ञान का वाहक होता है, बल्कि वह छात्रों में सोचने, समझने और आगे बढ़ने की प्रेरणा भी जगाता है।' प्रधानाचार्य श्रीमती नीरू शर्मा ने सभी प्रशिक्षकों को बधाई दी और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। शिक्षा के नए आयाम एवं उनकी पूरी जानकारी के लिए ऐसे सत्र छात्रों को उज्ज्वल भविष्य देने में सहायक होंगे ।

## लोगों का कहना है! कि डीटीपीओ की टीम का शहर में आना सिर्फ अपना नजराना बढ़ाना है

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 3 मई।** टोहाना शहर में अभी कुछ महीनो में ही अवैध रूप से बहुत सी कालोनियां भू माफिया या उन्हें प्रॉपर्टी कॉलोनाइजर कहें उनके द्वारा काटी गई हैं। यह सब कालोनियां सरकार के सभी निर्देशों की धज्जियां उड़ते हुए काटी गई हैं। टोहाना शहर में जो कालोनियां कुछ साल पहले भी काटी गई थी वह भी अभी तक आधी से ज्यादा विकसित नहीं हो पाई हैं यह कालोनियां भू माफिया द्वारा लोगों को बड़े-बड़े स्वपन दिखाकर बिना कॉलोनी डेवलप करें सिर्फ नक्शे पर ही सवजबाग दिखाकर काट दी जाती हैं। बाद में प्लाट खरीद धारक कई कई वर्ष कॉलोनी में डेवलपमेंट के लिए सरकार पर दबाव डालते दिखाई देते हैं। कुछ भोले भाले वाले लोग कॉलोनाइजर के चक्कर में आकर अवैध कॉलोनी में प्लांट तो ले लेते हैं फिर जब मकान नव निर्माण चल रहा होता है या बन चुका होता है फिर डी टी पी ओ की टीम पीला पंजा लेकर प्लाट धारक की खून पसीने की कमाई मिट्टी में मिलाने चली आती है क्या यह जब रजिस्ट्री प्लाट की हो रही होती है तब अधिकारियों का फर्ज नहीं बनता की रजिस्ट्री करवाने वाले व्यक्ति को बतलाई की यह प्लांट वेध है या अवैध है यह अधिकारी सिर्फ अपने राजस्व या कुछ सरकार के राजस्व को बढ़ने के लिए अवैध रजिस्ट्री को दर्ज कर देते हैं अभी कुछ दिन पहले भी टोहाना शहर में भुना रोड पर सिर्फ कुछ जगह डी टी पी ओ की टीम ने दबिश दी थी और फिर गर्मी ज्यादा होने के कारण वातानुकूलित दफ्तरों से निकलना ठीक ना समझते हुए आना मुनासिब नहीं समझा और टोहाना शहर के कॉलोनाइजर अपनी चाल में मस्त हैं वह अपनी मर्जी से जहां चाहे वहां कॉलोनी काटने में व्यस्त हैं।




# हिमाचल के 10 जिलों में आज होगी नीट परीक्षा, 11 बजे से शुरू हो जाएगा प्रवेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**शिमला ।** हिमाचल के 10 जिलों में रविवार को नीट परीक्षा का आयोजन होगा। नैशनल टैस्टिंग एजैंसी (एनटीए) की ओर से देश की सबसे बड़ी मैडीकल प्रवेश परीक्षा नैशनल एलिजिविलटी कम एंट्रैंस टैस्ट (एनईईटी) की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5.20 बजे के बीच होगी। छात्रों को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश 11 बजे से शुरू होगा जोकि 1.30 बजे तक चलेगा। परीक्षार्थी अपने साथ ऑरिजिनल आईडी जैसे आधार कार्ड, गवर्नमैंट अनुमोदित वैलिड आइडैंटिटी प्रूफ पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसैंस, वोटर आईडी, रजिस्ट्रेशन कार्ड, पासपोर्ट, परीक्षार्थी की फोटो लगा ऑरिजिनल स्कूल आइडैंटिटी कार्ड साथ ला सकते हैं। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए शनिवार को देशभर के सभी परीक्षा केंद्रों पर मॉकड्रिल भी आयोजित की गई।

यह परीक्षा देशभर के 500 से अधिक शहरों में 5,453 केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें 22.7 लाख से अधिक अभ्यर्थी भाग लेंगे। हिमाचल में बिलासपुर, चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, सिरमौर, सोलन, ऊना, हमीरपुर और शिमला में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें शिमला शहर में करीब एक दर्जन परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा संचालित होगी। परीक्षा के माध्यम से कई कोर्स के लिए देशभर के मैडीकल, डैंटल, आयुष, वैटर्नरी व चयनित नर्सिंग कॉलेजों में करीब 2.10 लाख सीटों पर एडमिशन ली जाएगी। एनटीए ने इसके लिए खासतौर पर गाइडलाइन जारी की है और इस बार इस परीक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए गए हैं।

# मिलीभगत से बड़ा फर्जीवाड़ा! शख्स ने जाली दस्तावेजों से लिया 56.83 लाख का लोन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए बैंक प्रबंधक व कैशियर से मिलकर जाली दस्तावेजों से 56.83 लाख का लोन लेने का मामला सामने आया है। यह मामला जिला के ठियोग उपमंडल के तहत प्रकाश में आया है। मामले के अनुसार एक शख्स ने 4 लोगों के फर्जी दस्तावेजों और पहचान का दुरुपयोग करते हुए 56.83 लाख रुपए का लोन ले लिया। इस धोखाधड़ी में तत्कालीन दो बैंक अधिकारियों की भूमिका भी सामने आई है। 4 शिकायतकर्ताओं की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी और दो तत्कालीन बैंक अधिकारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और 120-बी के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

यह मामला ठियोग निवासी इंदर सिंह पुत्र लायक राम, अनिल वर्मा पुत्र नानक चंद, जगदीश पुत्र केवल राम और हरीश चौहान पुत्र प्यारे लाल द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। इन्होंने शिकायत में बताया है कि ठियोग के भलेच गांव के रहने वाले संजीव कुमार ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए इन व्यक्तियों की पहचान का गलत उपयोग करते हुए बैंकों से भारी भरकम ऋण ले लिया।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि संजीव कुमार ने उनके नाम से ऋण की सीमा (लिमिट) बनवाई और उनसे संबंधित पहचान दस्तावेजों को जाली तरीके से तैयार किया गया। इन दस्तावेजों के आधार पर बैंक से ऋण मंजूर करवाया गया और राशि को निकाल लिया। आरोप है कि यह सारा फर्जीवाड़ा बैंक ऑफ इंडिया की सरोग शाखा में उस समय तैनात शाखा प्रबंधक (अब सेवानिवृत्त) और कैशियर की मिलीभगत से किया गया। इन दोनों बैंक अधिकारियों ने संजीव कुमार के साथ मिलकर फर्जी लोन आवेदन स्वीकृत करवाए और फिर संजीव ने इन खातों से राशि निकाल ली। यह रकम भी संजीव कुमार द्वारा निकाली गई।

सभी मामलों में संजीव कुमार ने जिन लोगों के नाम पर लोन लिया तो उन्हें इसकी भनक तक नहीं लगी और जब उनके पास बैंकों की नोटिस या कॉल्स आने लगीं, तब जाकर यह फर्जीवाड़ा सामने आया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि संजीव कुमार ने बैंकों से राशि निकलवाने के लिए खुद को संबंधित व्यक्ति दर्शाया और नकली हस्ताक्षर करवा कर या स्वयं करके बैंक से रकम निकाली।

# नशे की खेप के साथ पकड़े आरोपियों का खुलासा, ड्रोन से बॉर्डर पार करवाई जा रही हैरोइन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गगरेट।** उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव में हैरोइन (चिट्टे) की खेप के साथ पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया है कि भारत-पाक सीमा पर हैरोइन की सप्लाई बार्डर पार से हो रही है। इसे बार्डर पार ड्रोन के जरिए करवाया जाता है। हालांकि आरोपियों की मानें तो हैरोइन की ये खेप उनके पड़ोसी ने अपने खेत में छुपाई थी जिसे वहां से चुराकर वे लाए थे।

गगरेट पुलिस ने शनिवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश कर इनका 4 दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर लिया है और एक आरोपी के धर्मशाला स्थित आवास पर दबिश देने के लिए पुलिस टीम निकल गई है जबकि एक टीम तरनतारन में आरोपियों के ठिकाने पर दबिश देने के लिए जाएगी। नशा माफिया ने पाकिस्तान से आने वाली नशे की खेप को पहाड़ तक पहुंचाने के लिए ऐसा तरीका अपनाया कि किसी को कोई शक न हो।

आरोपियों के एक साथी ने धर्मशाला को अपना ठिकाना बनाया और यहां एक दुकान भी खोल ली। बताया जा रहा है कि अपने साथियों के साथ प्रदेश के लोगों की डील करवाने में यही अहम कड़ी है। यही नहीं बल्कि जब हैरोइन की खेप पंजाब से चलती थी तो इसे सुरक्षित हिमाचल-पंजाब की सीमा पार करवाने व गंतव्य तक पहुंचाने के लिए भी यही आरोपी हिमाचल नम्बर कार का प्रयोग करता था ताकि पुलिस को किसी प्रकार का शक न हो।

गगरेट पुलिस ने अब नशा तस्करी से संबंधित आरोपियों से गहन पूछताछ करने के लिए इनका 6 मई तक पुलिस रिमांड हासिल कर लिया है और पुलिस रिमांड के दौरान ही अहम खुलासे होंगे की हिमाचल में इनकी सप्लाई चेन क्या है। पुलिस उस जमीन की भी रिपोर्ट पंजाब के राजस्व विभाग से ले सकती है जिस जमीन से हैरोइन की खेप उखाड़कर लाने की बात आरोपी कर रहे हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### रोप कोर्स के दौरान हादसा, पर्यटक की मौत

**सोलन (अप्रस)।** सोलन के साधूपुल में रोप कोर्स के दौरान हुए हादसे में एक पर्यटक की मौत हो गई। सोलन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव सिंह ने बताया कि 1 मई 2025 को सिविल अस्पताल कंडाघाट से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को गिरने के कारण उपचार के लिए लाया गया है। पुलिस थाना कंडाघाट की टीम तस्दीक के लिए अस्पताल पहुंची, जहां मृतक की पहचान गोपाल शर्मा, निवासी मंडी गोविंदगढ़, जिला फतेहगढ़, पंजाब के रूप में हुई। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद क्षेत्रीय अस्पताल सोलन रेफर किया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि जांच में पता चला कि गोपाल शर्मा अपनी पत्नी के साथ साधूपुल घूमने आए थे। वे माउंटेन रिवर कैंप में रोप कोर्स और एडवेंचर गतिविधियों में हिस्सा ले रहे थे। गोपाल ने सेफ्टी बेल्ट पहना था, लेकिन रोप कोर्स के पांचवें पड़ाव पर असंतुलित होकर बेल्ट के सहारे लटक गए। कैंप कर्मचारियों ने रेस्क्यू की कोशिश की, लेकिन सेफ्टी बेल्ट का हुक टूटने से वे 10-12 फीट नीचे पीठ के बल गिर गए। उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल कंडाघाट ले जाया गया, जहां से सोलन रेफर किया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। मृतक की पत्नी और अन्य लोगों ने अभी तक किसी शक की बात नहीं कही है। फिर भी, पुलिस प्राथमिकता के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम के बाद विसरा रासायनिक परीक्षण के लिए जुंगा भेजा गया है। शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में पारा 194 बीएनएसएस 2023 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### डॉ आशु चंदेल बनी मूल विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष

**सोलन (अप्रस)।** डॉ आशु चंदेल ने डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के मूल विज्ञान विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष का कार्यभार संभाला। डॉ. आशु को गणित एवं सांख्यिकी विषयों के शिक्षण में 28 वर्षों से अधिक का अनुभव है और बागवानी, वानिकी और कृषि व्यवसाय प्रबंधन पाठ्यक्रमों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्यावाचस्पति स्तर के छात्रों को शिक्षित किया है। डॉ. आशु रैंडमाइज्ड रिस्पॉन्स विधियाँ, नमूना सर्वेक्षण तकनीकें, एवं फल, सब्ज़ी और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र और उत्पादन के पूर्वानुमान हेतु सांख्यिकीय मॉडल्स के विकास में शामिल रही हैं। उन्होंने अब तक सात पीएचडी और 21 स्नातकोत्तर छात्रों का प्रमुख सलाहकार के रूप में निर्देशन किया है और 80 छात्रों की सलाहकार समिति की सदस्य रही हैं। डॉ. चंदेल ने 50 से अधिक शोध-पत्र सहित कई मैनुअल और पुस्तकें प्रकाशित किए हैं। उन्होंने सह- प्रधान अन्वेषक के रूप में कई प्रमुख परियोजनाओं का सफल संचालन किया है और छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सांख्यिकी एवं गणित विषयों में सहायता प्रदान करती हैं। डॉ. चंदेल का लक्ष्य है कि वे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करें, देसी किस्मों पर विशेष ध्यान देते हुए उच्च एवं निम्न उत्पादकता वाली किस्मों का पृथक्करण करने वाले मॉडल विकसित करें, स्थिर एवं उपयुक्त जीनोटाइप की पहचान हेतु स्थिरता और अनुकूलता विश्लेषण करें।



# शिमला में ओलावृष्टि से भारी तबाही

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शनिवार दोपहर बाद शिमला जिला के ज्यादातर भागों में भारी ओलावृष्टि हुई। अपर शिमला के फागू, कुफरी, ठियोग, चियोग, कोटगड़, कुमारसैन और नारकंडा के कई इलाकों में सेब के साथ-साथ फूलगोभी और मटर की फसल भी पूरी तरह तबाह हो गई। जमीन पर ओलों की मोटी चादर बिछ गई है।

भारी ओलावृष्टि की वजह कई स्थानों पर सेब को ओलों से बचाने के लिए लगाए गए एंटी हेल नेट भी क्षतिग्रस्त हो गए है। ओलावृष्टि की वजह से सेब के पौधों के तने, पत्तियां और छोटी-छोटी टहनियां तक क्षतिग्रस्त होकर जमीन पर गिर गई है।

सेब के दानों पर ओलावृष्टि से मोटे निशान पड़ गए हैं। इससे किसानों-बागवानों को करोड़ों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। उधर, लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर आज ताजा बर्फबारी हुई है। प्रदेश के ज्यादातर भागों में आज अच्छी बारिश हुई है।

### 8 मई तक बरसेंगे बादल

मौसम विभाग (आईएमडी)ने आज रात तक शिमला, सोलन, सिरमौर और कुल्लू जिला में ओलावृष्टि और तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी कर रखा है। आईएमडी के अनुसार, कई क्षेत्रों में बारिश व ओलावृष्टि के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तूफान भी चल सकता है। चार से नौ मई तक बारिश, तूफान और ओलावृष्टि को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।



**चंबा का पारा नॉर्मल से 18.1 डिग्री कम हुआ:** बारिश के बाद पहाड़ों पर मौसम सुहावना हो गया है। अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में तो ठंड लौट आई है। बारिश-ओलावृष्टि के बाद चंबा का अधिकतम तापमान नॉर्मल से 18.1 डिग्री कम होने के बाद 18.3 डिग्री सेल्सियस रह गया है।

**मनाली का पारा नॉर्मल से 8.9 डिग्री नीचे गिरा :** मनाली का अधिकतम तापमान भी नॉर्मल से 8.9 डिग्री कम होने के बाद 15.0 डिग्री, डलहौजी का तापमान 8.5 डिग्री लुड़कने के बाद 14.6 डिग्री, भुंतर का तापमान 7.8 डिग्री कम होने के बाद 22.1 डिग्री और धर्मशाला का अधिकतम तापमान सामान्य से 5.8 डिग्री कम होने के बाद 24.0 डिग्री सेल्सियस रह गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित होगा गग्गल एयरपोर्ट

**कांगड़ा (अप्रस)।** पर्यटन की दृष्टि से गग्गल एयरपोर्ट को विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि गग्गल एयरपोर्ट की बची हुई भूमि का अधिग्रहण इस साल पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गग्गल के पीछे की अधिकांश भूमि पहले ही अधिग्रहीत की जा चुकी है और अब शेष लगभग 1000 करोड़ रुपए की आवश्यकता है, जो इस वर्ष में उपलब्ध हो जाएगा।

**विस्थापितों की हरसंभव मदद करेगी सरकार :** अजय वर्मा ने कहा कि एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया जाएगा। उन्होंने विस्थापित होने वाले लोगों की चिंता जताते हुए कहा कि सरकार उनकी हरसंभव मदद करेगी ताकि उन्हें जमीन और व्यवसाय के नुकसान से राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी घोषित कर चुके हैं और इसी दिशा में टूरिज्म विभाग का मुख्यालय भी धर्मशाला स्थानांतरित किया जा रहा है। कैबिनेट रैंक के मंत्री आरएस बाली और मुख्यमंत्री के इस फैसले से लगभग 3 से 4 हजार कर्मचारी यहां स्थानांतरित होंगे, जिससे स्थानीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। अजय वर्मा ने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा 3, 4, 5 और 7 स्टार होटल बनाने वालों को विशेष सुविधाएं दी जाएंगी, जिससे पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा।

# पाइनग्रोव स्कूल ने मेजर जगपाल मैमोरियल बास्केटबॉल टूर्नामेंट में दर्ज की जीत

छात्र वर्ग में पाइनग्रोव स्कूल सोलन ने स्ट्राबेरी फील्ड्स चंडीगढ़ को 62-60 से हराया

छात्रा वर्ग में श्रीराम स्कूल दिल्ली ने पाइनग्रोव को हराकर जीती खिताबी जंग



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल के कमांडर.एस.एस.ज्ञानी मैमोरियल स्पोर्ट्स सेंटर में चार दिनों तक आयोजित अखिल भारतीय मेजर जगपाल मैमोरियल जूनियर इंटर पब्लिक स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेंट संपन्न हुई। इसमें देश भर से आई (ब्वॉयज व गर्ल्ज) 9 टीमों ने भाग लिया। छात्र वर्ग में पाइनग्रोव स्कूल सोलन ने फाइनल मुकाबले में स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल चंडीगढ़ को बेहद रोमांचक और काटे की टक्कर वाले मैच में 62-60 से हराकर चैंपियन होने का खिताब अपने नाम किया। इसी प्रकार छात्रा वर्ग में श्रीराम स्कूल नई दिल्ली की टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए पाइनग्रोव स्कूल सोलन की टीम के विरुद्ध 44-28 के स्कोर के साथ विजेता होने का ख़िताब हासिल किया। मेज़बान टीम को उपविजेता होने का खिताब प्राप्त हुआ। छात्र वर्ग में पाइनग्रोव स्कूल, सोलन और छात्रा वर्ग में श्री राम स्कूल, नई दिल्ली ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन व शानदार खेल से सबका दिल जीतने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। लड़कों की श्रेणी में पाइनग्रोव स्कूल सोलन के अंश सग्गर तथा स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल चंडीगढ़ के रियांश सिंह भाटिया को 'बेस्ट अपकमिंग प्लेयर' का सम्मान प्रदान किया गया। इसी प्रकार लड़कियों की श्रेणी में पाइनग्रोव स्कूल सोलन की वंशिका शर्मा ने 'बेस्ट अपकमिंग प्लेयर'का खिताब अपने नाम किया। स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल, चंडीगढ़ के विवान चौधरी तथा श्री राम स्कूल, नई दिल्ली की अनन्या सिंह ने टूर्नामेंट में 'हाईएस्ट स्कोरर' होने का खिताब हासिल किया। पाइनग्रोव स्कूल सोलन के आरव गोयल तथा दिल्ली के श्री राम स्कूल की अनन्या सिंह को टूर्नामेंट के 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' के सम्मान से नवाज़ा गया।

# दो दिन में पर्यटन नगरी मनाली पहुंचे ढाई हजार पर्यटक वाहन, कोकसर में भी भीड़

**मनाली (अप्रस)।** पर्यटन नगरी मनाली में समर सीजन रफ्तार पकड़ने लगा है। वीकेंड पर पर्यटकों की भीड़ बढ़ गई है। दो दिन में बाहरी राज्यों से ढाई हजार से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से हर रोज 500 से अधिक वाहन आ रहे हैं। रोहतांग दर्रा की ओर जाने वाले पर्यटक वाहनों का आंकड़ा भी दोगुना हो गया है। इस मार्ग पर पर्यटकों को मढ़ी तक भेजा जा रहा है। मनाली आने वाले पर्यटक भारी संख्या में दीपक ताल, जिंगजिंगबार और कोकसर में दस्तक दे रहे हैं। ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों के अनुसार वीरवार को लगभग 1400 और शुक्रवार को 1300 पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे। सौ से अधिक वोल्वो बसों में भी पर्यटक आए हैं। रोहतांग मार्ग पर भी रोजाना 500 से 600 पर्यटक वाहन जा रहे हैं।

# अर्की में अवैध अफीम की खेती पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 381 पौधे बरामद, एक गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** जिला के अर्की विस के थाना बागा पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 381 अफीम के पौधे बरामद किए हैं। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि 2 मई को थाना बागा की पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और अपराध रोकथाम के लिए तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि कंधार गांव निवासी अवतार सिंह ने अपने घर के सामने मिल्कियत भूमि पर अवैध रूप से अफीम की खेती कर रखी है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त खेत में छापेमारी की।

एसपी गौरव सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने अवतार सिंह के खेत से 381 अवैध अफीम के पौधे बरामद किए। इस मामले में थाना बागा में अभियोग पंजीकृत किया गया। जांच के दौरान सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपी अवतार सिंह, पुत्र गंदर्भ सिंह, निवासी गांव कंधार, तहसील अर्की, जिला सोलन, उम्र 50 वर्ष, को 2 मई 2025 को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।

जांच में यह भी सामने आया कि अवतार सिंह के खिलाफ थाना दाड़लाघाट में मारपीट का एक मामला पहले से दर्ज है। एसपी गौरव सिंह ने कहा कि अवैध अफीम की खेती जैसे गंभीर अपराधों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। मामले की जांच अभी चल रही है, और पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या इस अवैध खेती में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध नशीली फसलों के खिलाफ सख्ती का स्पष्ट संदेश गया है।

# संजौली मस्जिद का पूरा ढांचा गिराने के आदेश, कोर्ट ने निचली दो मंजिलों को भी बताया अवैध

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की संजौली मस्जिद का पूरा पांच मंजिला भवन ही अब अवैध करार दे दिया गया है। नगर निगम आयुक्त कोर्ट ने शनिवार को इस मामले पर अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए मस्जिद की निचली दो मंजिलें भी अवैध घोषित कर दीं। साथ ही इन्हें गिराने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। ऐसे में अब पूरी संजौली मस्जिद गिराई जाएगी। इससे पहले मस्जिद की ऊपरी तीन मंजिलें ही अवैध घोषित की गई थीं। पिछले साल 5 अक्तूबर को इन्हें गिराने के आदेश जारी हुए थे। मौके पर इन्हें गिराने का काम लगभग पूरा हो चुका है। अब निचली दो मंजिलें भी गिरानी होंगी। उधर, वक्फ बोर्ड ने आयुक्त कोर्ट इस फैसले को चुनौती देने का फैसला लिया है।

**कोर्ट में फैसले को चुनौती दी जाएगी :** बोर्ड का कहना है कि फैसले की कॉपी आने पर इसे वक्फ बोर्ड के सीईओ जफर इकबाल के सामने रखा जाएगा। इसके बाद सक्षम कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी जाएगी। मस्जिद के वैध होने के दावे को पुख्ता करने के लिए पर्याप्त रिकॉर्ड पेश करने में फेल रहे वक्फ बोर्ड ने दावा किया कि मस्जिद की निचली दो मंजिलें आजादी से भी पुरानी हैं। इनकी जगह ही मस्जिद का निर्माण किया गया है। हालांकि, पर्याप्त समय देने के बावजूद मस्जिद की निचली मंजिलों के निर्माण की मंजूरी, नक्शा और जमीन के मालिकाना हक का राजस्व रिकॉर्ड पेश नहीं होने पर आयुक्त कोर्ट ने इन्हें भी अवैध करार दे दिया। हालांकि, कितने समय में यह मंजिलें तोड़ी जानी हैं, इस पर फैसले की कॉपी आने पर स्थिति स्पष्ट होगी।

**जिन्होंने पुलिस के डंडे खाए, उन्हें आज इंसाफ मिल गया-सोसायटी :** आयुक्त कोर्ट से लेकर प्रदेश हाईकोर्ट तक इस मस्जिद को गिराने का मामला उठाने वाली संजौली की रेजीडेंट सोसायटी ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताया। कहा कि सरकार की जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई इस मस्जिद को गिराने के लिए शहरभर में प्रदर्शन हुआ। कई लोगों पर केस हुए और कुछ ने तो पुलिस के डंडे भी खाए। लेकिन आज उन्हें इंसाफ मिल गया है। सोसायटी के अधिवक्ता जगत पाल ने कहा कि हम पहले दिन से कह रहे थे कि यह मस्जिद अवैध है। इसका निर्माण सरकारी जमीन पर हुआ है। अब आयुक्त कोर्ट ने भी इसे अवैध करार दे दिया है। निचली दो मंजिलें भी अब गिरानी होंगी। कहा कि आयुक्त कोर्ट के फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि यह मस्जिद जिस जमीन पर बनी है, वह जमीन सरकार की है। यह पूरा अवैध निर्माण किया गया था।

### 50 मिनट तक चली बहसदोपहर बाद आ गया बड़ा फैसला

नगर निगम आयुक्त कोर्ट में शनिवार दोपहर करीब 12.00 बजे से इस मामले पर बहस शुरू हुई। नगर निगम आयुक्त ने वक्फ बोर्ड से निचली दो मंजिलों का राजस्व रिकॉर्ड पेश करने को कहा। साथ ही इसका नक्शा और निर्माण की मंजूरी दिखाने को कहा। बोर्ड के अधिवक्ता ने कहा कि इसका राजस्व रिकॉर्ड अभी उपलब्ध नहीं है। यह रिकॉर्ड अपडेट नहीं हुआ है। कहा कि मौके पर 1947 से पहले की मस्जिद बनी है। इसकी जगह ही वर्तमान मस्जिद बनाई गई है। आयुक्त ने पूछा कि जब 2010 में पुरानी मस्जिद तोड़ दी गई थी, फिर नई मस्जिद बनाने के लिए किससे अनुमति ली गई। रेजिडेंट सोसाइटी ने भी कहा कि नए निर्माण के लिए नगर निगम से मंजूरी ली जानी चाहिए थी। लेकिन नक्शा पास करवाना तो दूर मस्जिद कमेटी ने नगर निगम से टैक्स और कूड़े की भी एनओसी नहीं ली। करीब 12:50 तक बहस चली। बहस पूरी होने के बाद आयुक्त ने फैसला सुरक्षित रख लिया। दोपहर 1:25 बजे जब दोबारा सुनवाई शुरू हुई तो कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। आयुक्त ने कहा कि निचली दो मंजिलों के निर्माण की वक्फ बोर्ड या मस्जिद कमेटी के पास कोई पुख्ता अनुमति या दस्तावेज नहीं है। ऐसे में यह अवैध है। इसे भी गिराना होगा।

**मस्जिद बनाने के लिए तोड़ा गया यह नियम :** आयुक्त कोर्ट में सिर्फ मस्जिद के भवन निर्माण के मामले पर सुनवाई हुई है। मस्जिद किस जमीन पर बनी है, इस पर सबके अलग अलग दावे हैं। इसे कोर्ट ने भी स्पष्ट किया कि यह मामला सिर्फ अवैध निर्माण का है। जमीन के हक या किसी धर्म को देखकर यह फैसला नहीं लिया गया है। वक्फ बोर्ड ने दावा किया था कि यह मस्जिद 1947 से भी पुरानी है। साल 2010 में इसके पुराने भवन की जगह ही नए भवन का निर्माण किया गया। कोर्ट ने कहा कि मस्जिद के अस्तित्व पर सवाल नहीं है। लेकिन साल 2010 में जब पुरानी तोड़कर नई मस्जिद का निर्माण शुरू किया गया तो इसकी नगर निगम से अनुमति नहीं ली गई थी। अनुमति न लेने पर इसी साल नगर निगम ने काम रोकने का नोटिस भी जारी किया। इसके बाद कई और नोटिस भी जारी किए गए। लेकिन काम नहीं रुका। कोर्ट के अनुसार कोई भी नया निर्माण शुरू करने से पहले नगर निगम से अनुमति जरूरी थी। नक्शा भी पास होना अनिवार्य है। लेकिन मस्जिद कमेटी ने ऐसा नहीं किया और इसी कारण यह अवैध करार दी गई है। प्रदेश हाईकोर्ट ने भी छह हफ्ते यानि 8 मई से पहले इस मामले की सुनवाई के आदेश दिए थे जिसके चलते आयुक्त ने शनिवार को अपना अंतिम फैसला इस मामले पर सुना दिया।

**इस फैसले को चुनौती देंगे-कुतुबदीन :** वक्फ बोर्ड के संपदा अधिकारी कुतुबदीन मान ने कहा कि इस फैसले को सक्षम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। मस्जिद की निचली मंजिलें आजादी से पहले की हैं। बाकायदा राजस्व रिकॉर्ड में गैर मुमकिन मस्जिद दर्ज है। हालांकि, अभी रिकॉर्ड अपडेट न होने के कारण हम कोर्ट में इसे पेश नहीं कर पाए हैं। अगले हफ्ते फैसले की कॉपी मिलने पर इसे बोर्ड के सीईओ के सामने रखा जाएगा। ऊपरी मंजिलें अवैध थीं, जिन्हें हमने और मस्जिद कमेटी ने भी कोर्ट के आदेशों पर तोड़ दिया है। लेकिन निचली मंजिल पर आए फैसले को चुनौती दी जाएगी।

NAVKAR Jewellers Since 1996 द्वारा प्रस्तुत Digital Gold
Tricity's 1st Digital Gold App
कहीं भी, कभी भी सोना खरीदें!
आभूषण के लिए रिडीम करें
हमेशा सबसे अच्छी कीमत!
100% सुरक्षित भंडारण
आसान मासिक SIP
सिंगल क्लिक पर गिफ्ट
उपयोग करना शुरू कीजिए नवकार ज्वैलर्स डिजिटल गोल्ड ऐप!
Download Today!
बचत करना शुरू करें स्मार्टली टुडे @ सबसे अच्छी कीमत हमेशा
अधिक जानकारी के लिए कॉल करें : 9876628837
पर उपलब्ध है

# देह व्यापार का भंडाफोड़ होटल रोजवुड 2 व होटल वेलकम टू के मालिकों सहित पांच के खिलाफ केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर।** जीरकपुर पुलिस को आज उस समय बड़ी सफलता हासिल हुई जब पुलिस द्वारा देह व्यापार का धंधा करने वाले दो होटल मालिकों सहित पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। इस संबंधी जानकारी देते हुए थाना जीरकपुर के प्रभारी इंस्पेक्टर गगनदीप सिंह ने बताया कि उनके साथ गुरप्रीत सिंह प्रभारी पुलिस चौकी बलटाना जोकि पटियाला चौक पर मौजूद थे उन्हें गुप्त सूचना मिली के होटल रोजवुड 2 तथा होटल वेलकम टू के मालिकों द्वारा भोली भाली तथा गरीब लड़की की मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे देह व्यापार का धंधा करवाया जा रहा है जिसके कारण आसपास के लोगों तथा समाज पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। पुलिस ने मुकदमा नंबर 208 दिनांक 3 में 2025 अधीन धारा 345 इम्मोरल ट्रैफकिंग एक्ट तथा 1272 बीएस दर्ज करके दोनों होटल पर रेड करके होटल के मालिकों सहित पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुंदर सिंह पुत्र आनंद सिंह निवासी बसौली थाना काठगोदाम जिला नैनीताल उत्तराखंड हाल निवासी होटल रोजवुड 2 बलटाना, करण बजाज पुत्र प्रेम कुमार गांव मानपुर खेड़ा थाना बनूर जिला पटियाला, रमाकांत पुत्र लाल सिंह ग्राम परिचय मध्य प्रदेश हाल किराएदार गांव मानपुर थाना बनूड़ जिला पटियाला, अवनीश कुमार पुत्र मुन्नालाल निवासी जिला बदायूं उत्तर प्रदेश किराएदार गांव मानपुर थाना बनूर जिला पटियाला, राम लखन पुत्र आसाराम निवासी जिला भिंड मध्य प्रदेश किराएदार गांव मानपुर थाना बनूर जिला पटियाला, विपिन पुत्र विश्राम बासी लक्सर उत्तराखंड हाल निवासी सेक्टर 17 पंचकूला, राजू पुत्र बृजभान निवासी जिला अमरगढ़ उत्तर प्रदेश हाल निवासी किराएदार मनी माजरा के रूप में हुई है।

# स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर मेडिकल कैंप में पुलिस ने की 33 नशा पीड़ितों की पहचान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** रायपुररानी क्षेत्र में शनिवार को लगाए गए एक विशेष मेडिकल कैंप में पंचकूला पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से 33 नशा पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की गई। पुलिस की समर्पित टीम ने पीड़ित व्यक्तियों की जानकारी जुटाई और उन्हें कैंप में लाकर जांच व उपचार की सुविधा प्रदान करवाई।

केवल एक दिन में इस कैंप के माध्यम से नशा पीड़ितों में से 24 लोगों को तुरंत उपचार शुरु कर दिया गया। यह कदम उन व्यक्तियों के लिए नई शुरुआत का मार्ग प्रदान करता है जो नशे की लत से बाहर निकलकर एक स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जीना चाहते हैं।

पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास समाज को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को लगातार ऐसे शिविरों के आयोजन और जन जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे नशे के खिलाफ इस मुहिम में पुलिस का साथ दें और अपने गांव को नशा मुक्त बनाने में योगदान करें।

यह अभियान आगे भी पंचकूला के विभिन्न गांवों में जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर उन्हें नशा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित किया जा सके।

LOTUS ICE CREAM
PAAN MASALA
KAMAL MILK FOODS
VILLAGE - BHAGWANPUR DERABASSI - BARWALA ROAD
CONSUMER CARE NO. 76578-88850, 51, 52, 53

# नगर काउंसिल जीरकपुर में रात्रि सफाई अभियान की शुरुआत की

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर, 3 मई। नगर कार्उसिल जीरकपुर ने रात्रि सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत नगर कार्उसिल ने अलग-अलग वार्डो में अभियान चलाकर सफाई की। इस अभियान की शुरुआत कार्यकारी अधिकारी जगजीत सिंह जज के आदेशों पर हुई है। इस बारे में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर रामगोपाल ने बताया कि दिन के समय सड़कों पर यातायात अधिक रहता है। इस कारण रात्रि के समय यह सफाई कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि अब सड़कों और आसपास इस तरह की सफाई होने से लोगों को सुबह के समय स्वच्छ व शुद्ध वातावरण मिलेगा।

उन्होंने शहर वासियों अपील की है कि वे अपने घरों और दुकानों से गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग करके सफाई कर्मचारियों को दें। इसके अलावा प्रतिबंधित प्लास्टिक व लिफाफों का प्रयोग न करके, बाजार में खरीदारी करने जाते समय कपड़े का थैला साथ रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह स्वच्छता अभियान लोगों के सहयोग से ही सफल हो सकता है, इसलिए नगर कार्उसिल के सफाई कर्मचारियों का सहयोग कर खुले में सड़कों पर कूड़ा न फेंके। उन्होंने कहा कि नगर कार्उसिल ने सफाई कर्मचारियों के सहयोग से विशेष सफाई टीमें तैनात की हैं जो प्रतिदिन रात्रि में सफाई का कार्य शुरू कर रही हैं ताकि शहर को स्वच्छ रखा जा सके। इस अभियान के पहले दिन पटियाला रोड पर कोहिनूर ढाबे से लेकर पटियाला चौक तक सफाई अभियान चलाया गया। इसके साथ-साथ बलटाना मार्केट एवं ढकोली के कुछ हिस्सों में इस अभियान को चलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 16 से 30 की सफाई की जिम्मेवारी सेनेटरी इंस्पेक्टर रणजीत सिंह को दी गई है। इसके अलावा वार्ड नंबर 1 से 15 तक और वार्ड नंबर 31 की सफाई की जिम्मेवारी सेनेटरी इंस्पेक्टर रामगोपाल को दी गई है। इस सफाई अभियान के दौरान संबंधित जगहों पर एक ट्रैक्टर, एक ट्राली और दो रेहड़ीयां साथ रखनी होगी।

# गलत तरीके से दस्तावेज बनाकर विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला एक व्यक्ति गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जीरकपुर, 3 मई।** जीरकपुर पुलिस को आज उसे समय बड़ी सफलता हासिल हुई जब पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया जो के गलत तरीके से दस्तावेज तैयार करके भोले भाले लोगों को जान से में लेकर विदेश भेजने के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूल करके उनके साथ धोखाधड़ी कर रहा था। इस संबंधी जानकारी देते हुए थाना जीरकपुर के प्रभारी इंस्पेक्टर गगनदीप सिंह ने बताया कि वह तथा सब इंस्पेक्टर परमप्रीत सिंह के साथ कोहिनूर ढाबा अंबाला रोड पर मौजूद थे तो उन्हें गुप्त सूचना मिली के गुरजंट सिंह नामक व्यक्ति जो की जीरकपुर के होटल प्रिज्म ग्रैंड में रह रहा है और विदेश की कंपनियों के जाली दस्तावेज तैयार करके जाली मोहरे लगाकर तथा हस्ताक्षर करके भोले भाले लोगों को जान से में लेकर विदेश भेजने के नाम पर मोटी रकम हासिल करके धोखाधड़ी करता है पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर मुकदमा नंबर 206 दिनांक 2 में 2025 अधीन धारा 318 4 336 दो 336 340 2 काट दो बीएस थाना जीरकपुर दर्ज करके होटल प्रिज्म ग्रैंड जीरकपुर में रेड करके गुरजंट सिंह पुत्र वीर सिंह निवासी गांव जिला मनौली थाना सोहन मोहाली को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे में से जाली मोहरें,जाली दस्तावेज तथा पासपोर्ट बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी गुरजंट सिंह के खिलाफ अगली कार्रवाई शुरू कर दी है

RS Steel Industries
1983
AN ISO 9001 : CERTIFIED COMPANY
Specialists in : DISPLAY RACKS/TROLLIES
Mfrs. of : Fancy Display Racks, Restaurants Furniture & Shopping Trolley, Racks, Trollies, Basket & Fabrication of MS/SS/Aluminum
Also Undertaken Govt. & General Order Suppliers
Plot No. 130, INDUSTRIAL AREA, PHASE-2, CHANDIGARH
Contact : 9915588039, 0172-3189169
www.rssteelindustries.com Email : rs.steel148@hotmail.com

MIKKY
BRASS BAND
ROYAL BAND FOR ROYAL MARRIAGE
FANCY LIGHT, IMPORTED FIRE WORKS, PUNJABI DHOL, BAGPIPER BAND, PALKI, BAGGI, RATH
MIKKY PALACE
SHAZADPUR, DISTT. AMBALA
SCF-23, 1st FLOOR, SECTOR-18C, CHANDIGARH
(M) 9814004938, 7986365312

Yakshi
WEDDING BAZAAR
Dulha Saheb
Bridal Lehnga On Rent
Bridal Jewellery On Rent
Sherwani On Rent
One Stop for Wedding Accessories
The Complete Wedding Accessories Store
SCF 24, Sec. 7-C, Inner Market, Chd. Mob. 93161-08440

USHA Hunter
USHA AEROLUX
ONLY TO BRING OUT, THE LARGEST EVER RANGE OF DECORATIVE FANS
Breezalit
Where with White Blades
Antique Power with Antique Black Blades
New Branze with Coffee Beech Blades
cata Spain EUROPEAN INNOVATIONS FOR A BETTER LIVING
LUFT QUALITY IS NOT EXPENSIVE IT'S PRICELESS
Distributor AMRIT ELECTRICALS PRIVATE LIMITED
SCO 26, Sector-26, MM, Ph.:4630426, 9814016237, Electric City : 426-A, Indl. Area, Phase-II,Chandiarh Ph. :4640426, 9888012838, Email : amritelectricals@gmail.com, www.armitelectricals.com

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)